

आम आदमी का अपना दैनिक अखबार

# तरुण छत्तीसगढ़

E-mail:
tarunpressraipur@gmail.com
tarun_press@yahoo.co.in

Web:
www.tarunchhattisgarh.in
facebook.TarunChhattisgarh
phone: 0771-2543112

■ रायपुर, बुधवार 16 सितंबर 2026 ■ भाद्रपद शुक्ल पक्ष-6 ■ वर्ष -42 ■ अंक-168 ■ पृष्ठ 8 ■ डाक संस्करण 17 सितंबर 2026 ■ मूल्य-2.00 रुपये


## जीएसटी विभाग में 42 कर निरीक्षकों की नियुक्ति रद्द

**अब अपने पुराने पद पर लौटना होगा**

**रायपुर, 16 सितंबर।** छत्तीसगढ़ जीएसटी विभाग में वाणिज्यिक कर निरीक्षक बनने वाले 42 कर्मचारियों को अब अपने पुराने पद पर लौटना होगा। इन कर्मचारियों को 2021 और 2022 में हुई सीमित भर्ती परीक्षा के जरिए लिपिक पद से वाणिज्यिक कर निरीक्षक बनाया गया था। भर्ती परीक्षा को लेकर शिकायतें मिली। इसके बाद जांच कराई गई। जांच में परीक्षा की निष्पक्षता पर सवाल खड़े करने वाली कई गड़बड़ियां मिली। चयनित कर्मचारियों की कॉपियों में एक जैसे जवाब पाए गए। कुछ मामलों में दोबारा जांच के बाद नंबर बढ़ने की बात भी सामने आई। परीक्षा में कौन-कौन कर्मचारी शामिल हुए थे, इसका उपस्थिति रिकॉर्ड भी नहीं मिला। जांच रिपोर्ट के आधार पर राज्य कर आयुक्त पुष्पेंद्र कुमार मीणा ने परीक्षा और उसके आधार पर हुए चयन को रद्द कर दिया है। इसके साथ ही 42 कर्मचारियों को वाणिज्यिक कर निरीक्षक पद से हटाकर उनके मूल लिपिक पद पर वापस भेजने का आदेश जारी कर दिया है। जांच समिति ने पाया कि कई चयनित अभ्यर्थियों की उत्तर-पुस्तिकाओं में एक जैसे जवाब लिखे गए थे। कुछ जवाब मॉडल आंसर से भी काफी हद तक मिलते थे। GST की धाराओं और नियमों से जुड़े सवालों के जवाब में भी ऐसी समानता पाई गई। गणित के कुछ सवालों में बिना रफ वर्क किए सीधे उत्तर लिखे मिले। डॉ. खूबचंद बघेल की जीवनी पर पूछे गए निबंध में भी कुछ चयनित कैंडिडेट्स के जवाब एक जैसे पाए जाने की बात सामने आई। जांच के दौरान परीक्षा केंद्र की उपस्थिति पंजी ही नहीं मिली। ऐसे में यह साबित करने वाला मूल रिकॉर्ड उपलब्ध नहीं था कि परीक्षा में कौन-कौन अभ्यर्थी शामिल हुए थे।

**किसके कितने नंबर आए, इसका भी पूरा रिकॉर्ड नहीं**-जांच समिति ने पाया, परीक्षा की समेकित अंक तालिका तैयार नहीं की गई थी। इससे यह पता लगाना मुश्किल हो गया कि किस अभ्यर्थी को कितने अंक मिले और मेरिट सूची किस आधार पर तैयार हुई। उत्तर-पुस्तिकाओं में ऐसी कोडिंग व्यवस्था नहीं थी, जिससे कॉपी जांचते समय अभ्यर्थी की पहचान छिपी रहे। यानी कॉपी जांचने वाले को यह पता चल सकता था कि उत्तर-पुस्तिका किस अभ्यर्थी की है।

**विभागीय परीक्षा और पुनर्मूल्यांकन**-जांच समिति के मुताबिक, कुछ अभ्यर्थियों की उत्तर-पुस्तिकाओं का पुनर्मूल्यांकन किया गया। कॉपी एक बार जांचने के बाद दोबारा जांची गई। जांच रिपोर्ट में कहा गया है कि कुछ चयनित अभ्यर्थियों के अंक पुनर्मूल्यांकन के बाद बढ़े। इसके बाद वे चयन सूची में शामिल हुए। जांच के अनुसार, पुनर्मूल्यांकन की प्रक्रिया में चयन समिति से जुड़े अधिकारी भी शामिल थे।

**आरक्षण रोस्टर की उड़ाई धज्जियां**-जांच में पाया गया कि परीक्षा से पहले पदों का आरक्षण रोस्टर के हिसाब से वर्गवार बंटवारा नहीं किया गया था। किस वर्ग के लिए कितने पद हैं, इसका निर्धारण तय प्रक्रिया के अनुसार नहीं हुआ। विभाग के मुताबिक, इससे पात्र कर्मचारियों को समान अवसर देने की व्यवस्था प्रभावित हुई।

2021 और 2022 की परीक्षा में इस्तेमाल हुई उत्तर-पुस्तिकाओं का पूरा रिकॉर्ड भी जांच में नहीं मिला। जांच समिति ने अभ्यर्थियों की कॉपियों के साथ परीक्षा सामग्री का रिकॉर्ड भी देखा। इसमें खरीदी गई, इस्तेमाल हुई और बची हुई उत्तर-पुस्तिकाओं की संख्या में अंतर पाया गया।

**चयन समिति में ये अधिकारी थे शामिल**- तत्कालीन अपर आयुक्त कल्पना तिवारी, तत्कालीन संयुक्त आयुक्त और वर्तमान अपर आयुक्त टीआर धुर्वे तथा सहायक आयुक्त रौशन सिंह शामिल थे। भर्ती के समय विभाग के आयुक्त समीर विश्नोई।

**42 जीएसटी निरीक्षक, जिनकी भर्ती हुई रद्द-2021 भर्ती वाले**-आकाश त्रिपाठी, दिव्य प्रकाश वर्मा, भरत लाल साहू, ओम नारायण बघेल, संतु राम सलाम, नीरज श्रीवास्तव, अमित हुमने, भूषण कुर्रे, तोमन लाल भुआर्या, यज्ञेश दीवान, पुष्पेंद्र करश, विधान रंजन कुल्लू, युगल किशोर साहू, मलिक राम बांधे, लाल साय राम, गो शिवेंद्र टांडे, सत्य नारायण नेताम, मोनिका दीवान, जितेंद्र नेताम, दुरूपरसाय मांझी, अनिल कुमार जांगड़े

**2022 भर्ती वाले**-सुरेश कुमार गुप्ता, प्रभात चन्द्र तिवारी, अजय कौशिक, हितेश कुमार दुबे, दीपा उधवानी, रितु सोनकर, दीपेश कुमार साहू, गायत्री सिन्हा, गजेंद्र कुमार तिवारी, ओम प्रकाश साहू, मनीष चेलक, ताम्रध्वज साहू, नंदनी साहू, दीपक तुरियाकर, अमर सिंह कंवर, उदयराम ध्रुव, रमेश कुमार धृतलहरे, दीप्ति मरकाम, चंद्रकांत ठाकुर, दीपक कुजूर, राकेश कुमार मिंज.

### समंदर में भारतीय युद्धपोत से टकराया पाकिस्तानी नेवी का जहाज

**नई दिल्ली, 16 सितंबर।** भारत और पाकिस्तान के बीच समुद्री मोर्चे पर तनाव बढ़ाने वाली एक घटना सामने आई है। 15 सितंबर की शाम उत्तर अरब सागर में भारतीय नौसेना के एक फ्रंटलाइन युद्धपोत और पाकिस्तान नौसेना के एक जहाज के बीच टक्कर हो गई। सूत्रों के मुताबिक, पाकिस्तानी नौसैनिक जहाज एक नियमित निगरानी मिशन पर तैनात भारतीय युद्धपोत के बेहद करीब तेज गति से आया और इस दौरान उसने गैर-पेशेवर तथा असुरक्षित तरीके से मैन्युवरिंग की। इसी वजह से दोनों जहाजों की टक्कर हुई। हालांकि, टक्कर में किसी बड़े नुकसान की सूचना नहीं है। घटना के बाद भारत ने इसे गंभीरता से लिया है और पाकिस्तान के राजनयिक को तलब कर कड़ा विरोध दर्ज कराया है।

### पीएम मोदी के बचपन के दोस्त असगर अली की जमीन वापस

**नई दिल्ली, 16 सितंबर।** पीएम मोदी के बचपन के दोस्त असगर अली वोहरा की जमीन वापस मिल गई है। महाराष्ट्र के ठाणे जिले के मीरा रोड निवासी 81 साल के असगरअली वोहरा ने जमीन कब्जा मामले में पीएम मोदी से मुलाकात की थी। इसके बाद भायंदर में उनकी 2,810 स्क्वायर मीटर जमीन पर कब्जा करने के आरोपों के बाद बीजेपी विधायक नरेंद्र मेहता की कंपनी 'सेवन इलेवन कंस्ट्रक्शन्स' ने जमीन से कब्जा छोड़ने और प्लॉट की निर्माण अनुमति सरेंडर करने की बात कही है। साथ ही विधायक नरेंद्र मेहता ने वोहरा के खिलाफ पहले की गई पुलिस शिकायत वापस लेने का ऐलान कर दिया। भायंदर में 2,810 स्क्वायर मीटर जमीन पर कब्जा को लेकर असगर अली वोहरा ने 8 सितंबर को मोदी से मुलाकात कर जमीन विवाद में दखल देने और सीबीआई जांच की मांग की थी। उनका दावा है कि उन्होंने गुजरात के वडनगर स्थित बीएन स्कूल में पीएम मोदी के साथ पढ़ाई की थी। उन्होंने उम्मीद जताई थी कि प्रधानमंत्री अपने स्कूलमेट के मामले में न्याय सुनिश्चित करेंगे। गुजरात के वडनगर स्थित बीएन स्कूल में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ पढ़ाई कर चुके असगर अली वोरा का आरोप था कि उन्होंने 1989 में उन्होंने भायंदर (ईस्ट) के नवघर इलाके में करीब 2,810 स्क्वायर मीटर जमीन खरीदी थी। 2011 में 'स्वयं बिल्डर्स' और बीजेपी विधायक नरेंद्र मेहता की 'सेवन इलेवन कंस्ट्रक्शन्स' ने उनकी जमीन पर अवैध कब्जा कर लिया। वोरा पिछले 15 सालों से प्रशासनिक दफ्तरों के चक्कर काट रहे थे। पीएम मोदी ने मुलाकात के दौरान उन्हें जल्द न्याय का भरोसा दिया था।

## भारत पर 100% टैरिफ लगाने वाला कानून ला रहा अमेरिका

**वाशिंगटन, 16 सितंबर।** रूस से तेल खरीदने को लेकर भारत और अमेरिका के रिश्ते एक बार फिर से तल्ख हो सकते हैं। रूस से तेल खरीदने वाले देशों पर अमेरिका ने 100 फीसदी टैरिफ लगा सकता है। भारत पर 100% टैरिफ लगाने वाले कानून पर आज US हाउस में वोटिंग होगी। अंदेशा है कि राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप बिल पर मुहर लगा सकते हैं। इससे रूस के तेल और गैस खरीदार देशों पर 100 फीसदी तक टैरिफ लगाने का अधिकार मिल जाएगा। भारत भी उन देशों में शामिल है जिन पर इसका असर पड़ेगा। कई सांसदों ने प्रतिबंध लगाने वाले देशों में सीधे तौर पर भारत का नाम लिखने की मांग की है। हालांकि भारत पर टैरिफ लगना अभी तय नहीं है। इधर भारत पर 100% टैरिफ लगाने वाले कानून पर भारत ने कड़ी प्रतिक्रिया दी है। भारती विदेश मंत्रालय यानी एमईए ने साफ कहा कि वॉशिंगटन चाहे जो कर ले, भारत रूस से तेल खरीदता रहेगा। अमेरिका के सामने भारत नहीं झुकेगा।

भारत ने मंगलवार को बयान जारी कर कहा कि अमेरिका भले ही टैरिफ लगा ले, भारत दबाव में नहीं आएगा और रूस से तेल की खरीद जारी रखेगा। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा कि भारत अपनी ऊर्जा जरूरतों से जुड़े फैसले अपने 140 करोड़ नागरिकों के हितों को ध्यान में रखकर करता आया है। वो आगे भी इसी के मुताबिक काम करेगा। अमेरिका में इस बिल को लिंडसे ग्राहम सैंक्शनिंग रशिया एंड ईरान बिल का नाम दिया गया है। जबकि भारत सरकार से जुड़े सूत्रों ने कहा है कि वे स्थिति पर नजर बनाए हुए हैं, लेकिन यह साफ है कि भारत सरकार इस बारे में अपनी नीति में कोई बदलाव नहीं करेगी और रूस से तेल की खरीद जारी रखेगी। बता दें कि रूस पर आर्थिक प्रतिबंध को और कड़ा करते हुए अ मेरिका ने रूसी तेल खरीदने वाले देशों पर 100 फीसदी टैरिफ लगाने वाला कानून लाया है। इस बिल को ट्रंप के करीबी और उनेक नेता लिंडसे ओ. ग्राहम ने लाया था। उनकी मृत्यु के बाद इस बिल का नाम लिंडसे ओ. ग्राहम सैंक्शनिंग रूस एंड ईरान एक्ट कर दिया गया है। अमेरिकी सीनेट इसे 7 अगस्त को 86-11 वोट से पास कर चुकी है। अब इसे हाउस ऑफ रिप्रेजेंटेटिव्स से पास होना बाकी है। इसके बाद ही इसे राष्ट्रपति के पास हस्ताक्षर के लिए भेजा जाएगा।

## मुस्लिम शहर मक्का में मिसाइल-ड्रोन से हमला

**रियाद, 16 सितंबर।** अमेरिका और ईरान के बाद अब सऊदी अरब और यमन अब मिडिल ईस्ट की जंग के केंद्र बन गए हैं। सऊदी अरब और हूती विद्रोहियों के बीच लड़ाई विध्वंसक मोड़ पर पहुंच गई है। हालांकि इस लड़ाई में हूती विद्रोही सऊदी अरब को करारी टक्कर दे रहे हैं। सऊदी अरब में हूती विद्रोहियों ने कोहराम मचाकर रख दिया है। हूती विद्रोहियों ने पवित्र मुस्लिम शहर मक्का में मिसाइल और ड्रोन से हमला किया। हालांकि एयर डिफेंस सिस्टम ने सभी को आसमान में ही मार गिराया। मक्का में मिसाइल और ड्रोन हमले के बाद सऊदी अरब ने एयर डिफेंस एक्टिव कर दिया है। जबकि पूरे देश में इमरजेंसी अलर्ट जारी किया है। इससे पहले 27 जुलाई 2017 को हूती विद्रोहियों ने मक्का की तरफ बैलिस्टिक मिसाइल दागी थी। लेकिन मिसाइल को मक्का से करीब 69 किलोमीटर दूर अल-वसिलिया इलाके में नष्ट कर



दिया गया था। सऊदी सिविल डिफेंस ने कहा कि ड्रोन अटैक की कोशिश की गई है। खतरे को देखते हुए मक्का शहर में चेतावनी जारी की गई है। सभी से अपील है कि वे बताए गए सभी निर्देशों को मानें। शांति रहें और निर्देशों का पालन करें। लोगों से ऊंची इमारतों से दूर रहने की अपील की गई। लोगों से किसी घटना की वीडियो या फोटो नहीं बनाने की अपील की है। वहीं यमन के हूती विद्रोहियों से लड़ रहे सऊदी-नेतृत्व वाले गठबंधन ने बुधवार को कहा कि उसने विद्रोहियों के एक ड्रोन को मार गिराया है, जो मक्का की ओर बढ़ रहा था। गठबंधन के प्रवक्ता तुर्की अल-मलिकी ने 'X' पर एक बयान पोस्ट किया। इसमें कहा गया, "रॉयल सऊदी एयर डिफेंस फोर्सेज ने आतंकवादी हूती मिलिशिया द्वारा लॉन्च किए गए एक दुश्मन ड्रोन को 'मक्का अल-मुकर्रमा' (मक्का का एक और नाम) के पवित्र शहर के प्रतिबंधित हवाई क्षेत्र में घुसने से पहले ही रोककर नष्ट कर दिया।

**500 लोगों की मौत की खबर**-इधर यमन में हूती विद्रोहियों ने सऊदी समर्थित बलों के खिलाफ लड़ाई का वीडियो जारी किया है। हालांकि इसकी स्वतंत्र पुष्टि नहीं हो सकी है। हालिया संघर्ष में करीब 500 लोगों के मारे जाने की खबर है। जबकि 3 से 9 सितंबर के बीच 43 बच्चों के मारे या घायल होने की बात सामने आई है। संगठन के मुताबिक, इसी दौरान होदेदा और ताइज प्रांतों में 1,000 से ज्यादा हूती लड़ाके भी मारे गए। हालांकि, हूतियों ने इन आंकड़ों पर कोई प्रतिक्रिया नहीं दी है।

### कॉकरोच पार्टी चलाएगी आदिवासी स्कूल ठीक करो अभियान

**नई दिल्ली, 16 सितंबर।** कॉकरोच जनता पार्टी (सीजेपी) के प्रमुख अभिजीत दीपके ने 'स्कूल ठीक करो' के बाद एक और नए अभियान का ऐलान कर दिया है, जोकि स्कूलों की बेहतरी के लिए ही है। दीपके ने महाराष्ट्र के नागपुर में बुधवार को 'आदिवासी स्कूल ठीक करो' अभियान शुरू करने की घोषणा की। उन्होंने कहा कि अब आदिवासी इलाकों में जाकर स्कूलों की हालात का जायजा लिया जाएगा, क्योंकि आजादी के बाद 80 सालों में इनका विकास नहीं किया गया है। गौरतलब है कि गुजरात, मध्य प्रदेश राजस्थान, झारखंड जैसे राज्यों में आदिवासियों बड़ी आबादी है।

नीट पेपर लीक के खिलाफ जंतर-मंतर पर एक महीने से अधिक समय तक आंदोलन चलाकर केंद्रीय शिक्षा मंत्री को इस्तीफे के लिए मजबूर करने वाली सीजेपी ने 'स्कूल ठीक करो' अभियान की शुरुआत की थी। इसके तहत महाराष्ट्र, राजस्थान, दिल्ली, पश्चिम बंगाल, उत्तर प्रदेश जैसे भाजपा शासित राज्यों में स्कूलों की दुर्दशा दिखाने की कोशिश की गई। हाल ही में सीजेपी की टीमों ने कर्नाटक, झारखंड और पंजाब के कुछ स्कूलों का भी दौरा किया।हाल ही में मध्य प्रदेश के बालाघाट में आदिवासी बच्चों की संदिग्ध परिस्तियों में हुई मौत के बाद वहां पहुंचे दीपके ने कुछ स्कूलों की स्थिति भी दिखाई थी। अब उन्होंने आदिवासी इलाकों के स्कूलों के लिए अलग से मुहिम चलाने की घोषणा कर दी है। दीपके ने नागपुर में आयोजित एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा, 'देश को आजाद हुए 80 साल हो गए लेकिन आदिवासी बच्चों के स्कूलों में कोई विकास नहीं हुआ।

**नवा रायपुर में 32वें अखिल भारतीय राज्य निर्वाचन आयुक्त सम्मेलन का शुभारंभ**

## स्थानीय निकाय चुनाव को अधिक प्रभावी एवं आधुनिक बनाने प्रयास

**रायपुर, 16 सितंबर.** छत्तीसगढ़ की राजधानी नवा रायपुर अटल नगर में 32वें अखिल भारतीय राज्य निर्वाचन आयुक्त सम्मेलन का आज भव्य शुभारंभ हुआ। लगभग 11 वर्षों के लंबे अंतराल के बाद छत्तीसगढ़ को इस महत्वपूर्ण राष्ट्रीय सम्मेलन की मेजबानी का अवसर मिला है। सम्मेलन का औपचारिक उद्घाटन छत्तीसगढ़ के राज्यपाल श्री रमेन डेका ने दीप प्रज्वलित कर किया। शुभारंभ समारोह के विशेष अवसर पर राज्यपाल श्री रमेन डेका ने 'Chhattisgarh Local Body Election Year Book-2026' के प्रथम संस्करण का विमोचन भी किया।

इस अवसर पर राज्य निर्वाचन आयुक्त श्री अजय सिंह ने स्वागत उद्बोधन दिया। उन्होंने सम्मेलन में देशभर से आए राज्य निर्वाचन आयुक्तों, वरिष्ठ अधिकारियों एवं निर्वाचन विशेषज्ञों का स्वागत करते हुए सम्मेलन के उद्देश्यों और स्थानीय निकाय निर्वाचन को अधिक प्रभावी एवं आधुनिक बनाने की दिशा में किए जा रहे प्रयासों पर प्रकाश डाला। छत्तीसगढ़ शासन के मुख्य सचिव श्री विकासशील ने भी सम्मेलन को संबोधित किया। उन्होंने स्थानीय स्वशासन, निर्वाचन प्रक्रिया को प्रभावी बनाने तथा प्रशासन और निर्वाचन संस्थाओं के बीच बेहतर समन्वय के महत्व पर अपने विचार रखे।



सम्मेलन के दौरान स्थानीय निकाय एवं पंचायत चुनावों से जुड़े समसामयिक विषयों, डिजिटल पहलों, तकनीकी नवाचारों तथा निर्वाचन प्रक्रिया को और अधिक प्रभावी एवं सुदृढ़ बनाने के उपायों पर व्यापक विचार-विमर्श किया जा रहा है। समारोह में राज्य निर्वाचन आयुक्त श्री अजय सिंह एवं आयोग की सचिव श्रीमती शिखा राजपूत तिवारी सहित आयोग के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे और अतिथियों का स्वागत किया। सम्मेलन के प्रथम दिन डिजिटल तकनीक के बढ़ते उपयोग, निर्वाचन प्रबंधन में नवाचार, पारदर्शिता तथा स्थानीय निकाय निर्वाचन की प्रक्रियाओं को अधिक सुगम और प्रभावी बनाने से जुड़े विभिन्न विषयों पर परिचर्चा की शुरुआत हुई। कार्यक्रम में राज्य निर्वाचन आयुक्तों की स्थायी समिति के अध्यक्ष श्री विजय देव ने भी अपने विचार व्यक्त किए। स्थायी समिति के संयोजक श्री सुधांशु पांडे ने सभी अतिथियों एवं प्रतिभागियों के प्रति आभार व्यक्त किया।

दो दिवसीय यह सम्मेलन देश में स्थानीय लोकतंत्र को और अधिक सशक्त बनाने, निर्वाचन व्यवस्थाओं में आधुनिक तकनीक के समावेश तथा विभिन्न राज्यों के अनुभवों और नवाचारों को साझा करने की दिशा में महत्वपूर्ण मंच के रूप में आयोजित किया जा रहा है। कल 17सितम्बर को छत्तीसगढ़ राज्य निर्वाचन आयोग के कार्यालय नवा रायपुर अटल नगर में स्टैंडिंग कमिटी की बैठक होनी है। इसके बाद, नया रायपुर डेवलपमेंट अथॉरिटी केपिटल सिटी, नया रायपुर के निर्माण और विकास के बारे में प्रस्तुतीकरण होगा।

## मणिपुर में फिर भड़की हिंसा 2 कुकी महिलाओं की हत्या

**इंफाल, 16 सितंबर।** मणिपुर में हिंसा फिर भड़क गई है। मणिपुर के तामेंगलोंग जिले के लीसांगफाई गांव में दो कुकी जनजाति महिलाओं की गोली मारकर हत्या कर दी गई। इसके अलावा कई फार्महाउसों में आग लगा दी गई। मृतकों की पहचान किमजालहाई सिंगसोंग और फलनैचोंग सितल्हो के रूप में हुई है। दोनों इसी गांव की रहने वाली थीं। फलनैचोंग खेत में लकड़ियां बटोर रही थीं, तभी उन्हें गोली मार दी गई। इससे पहले 13 सितंबर को मणिपुर के तामेंगलोंग और नोनी जिलों में दो महिलाओं समेत चार लोगों की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। वहीं मणिपुर में 3 मई 2023 को जातीय हिंसा शुरू होने के बाद अगस्त तक कम से कम 306 लोगों की हत्या हो चुकी है। जबकि 49 लोग अब भी लापता हैं। जानकारी के मुताबिक लेइसांगफाई गांव में कूकी समुदाय की 60 वर्षीय चोंगा सितल्हाउ और 30 वर्षीय किमजालहाई सिंगसोंग खेत में लकड़ियां बटोर रही थीं। इसी दौरान हथियारबंद लोग पहुंचे और दोनों महिलाओं की गोली मारकर हत्या कर दी। किमजालहाई सिंगसोंग नर्सिंग की पढ़ाई पूरी करने के बाद हाल ही में गांव लौटी थीं और माता-पिता की खेती में मदद कर रही थीं। अपराधियों ने कुछ कच्चे फार्म हाउसों को आग के हवाले कर दिया। लोगों का दावा है कि कई ग्रामीणों का अब तक पता नहीं चल पाया है। वहीं, इन दोनों महिलाओं के शव उसी जगह पर खेत में पड़े हुए मिले थे। उनके शरीर पर गोली लगने के निशान थे।

## मोदी की विदेशी नीति के उमर अब्दुल्ला व मीरवाइज मुरीद

**श्रीनगर, 16 सितंबर।** जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला और पूर्व अलगाववादी नेता मीरवाइज उमर फारूक मोदी सरकार की विदेश नीति के मुरीद हो गये हैं और दोनों ने हाल में नई दिल्ली में हुए ब्रिक्स शिखर सम्मेलन और भारत की कूटनीतिक पहल की तारीफ की है। उमर अब्दुल्ला ने जहां ब्रिक्स घोषणापत्र में पहलगाम आतंकी हमले की स्पष्ट निंदा को भारत की विदेश नीति की सफलता बताया, वहीं मीरवाइज ने सम्मेलन से दुनिया को मिले "शांति और कूटनीति के अच्छे संदेश" की सराहना की। उमर अब्दुल्ला ने श्रीनगर में संवाददाताओं से कहा कि ब्रिक्स के नई दिल्ली घोषणापत्र में अप्रैल 2025 के पहलगाम आतंकवादी हमले का नाम लेकर निंदा किया जाना अपने आप में भारत की विदेश नीति की बड़ी सफलता है। उन्होंने खास तौर पर इस बात का उल्लेख किया कि ब्रिक्स की बैठक में पाकिस्तान के कई सहयोगी देश भी मौजूद थे। उनके मुताबिक, ऐसे देशों की मौजूदगी के बावजूद पहलगाम हमले का स्पष्ट उल्लेख महत्वपूर्ण कूटनीतिक उपलब्धि है। हम आपको बता दें कि ब्रिक्स नेताओं ने घोषणापत्र में आतंकवाद के सभी रूपों से मुकाबले की प्रतिबद्धता दोहराते हुए आतंकवादियों की सीमा पार आवाजाही रोकने, आतंकवाद के वित्तपोषण वाले नेटवर्क को बाधित करने और आतंकवादियों के सुरक्षित ठिकानों को खत्म करने की जरूरत पर जोर दिया था। हालांकि, उमर अब्दुल्ला ने भारत की विदेश नीति को लेकर किसी दूसरे देश की प्रशंसा को बहुत अधिक महत्व देने से भी सावधान किया। चीन की ओर से भारत की विदेश नीति की सराहना के सवाल पर उन्होंने कहा कि भारत की विदेश नीति स्वतंत्र है.



## सीजेपी प्रोटेस्ट केस: सुको ने हाई पावर्ड कमेटी में बदलाव से किया इंकार

**नई दिल्ली, 16 सितंबर।** दिल्ली के जंतर-मंतरऔर देश के अन्य हिस्सों में छात्र प्रदर्शनों के दौरान हुई हिंसा तथा पुलिस कार्रवाई की जांच के लिए गठित सुप्रीम कोर्ट की हाई पावर्ड कमेटी में बदलाव की मांग पर अदालत ने सहमति नहीं जताई। याचिका में कमेटी के कुछ सदस्यों की निष्पक्षता पर सवाल उठाते हुए उसके पुनर्गठन की मांग की गई थी। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि अदालत द्वारा गठित कमेटी के खिलाफ पक्षपात की धारणा के आधार पर जांच शुरू नहीं की जा सकती। अदालत ने कमेटी के एक सदस्य को लेकर उठाई गई विशिष्ट आपत्तियों पर विचार करने की बात कही, लेकिन कमेटी के पुनर्गठन के अनुरोध को स्वीकार नहीं किया। पांच सदस्यीय हाई पावर्ड एनक्वायरी कमेटी की अध्यक्षता सुप्रीम कोर्ट के पूर्व न्यायाधीश जस्टिस आर. सुभाष रेड्डी कर रहे हैं। कमेटी को छात्र प्रदर्शनों के दौरान पुलिस और सुरक्षा बलों द्वारा कथित बल प्रयोग के साथ-साथ पुलिसकर्मियों के खिलाफ हुई हिंसा की भी जांच करनी है। जुलाई में दिल्ली के जंतर-मंतर समेत देश के कई हिस्सों में छात्र प्रदर्शन हुए थे। इन प्रदर्शनों के दौरान पुलिस पर जरूरत से ज्यादा बल प्रयोग करने के आरोप लगाए गए थे। मामले की सुनवाई के दौरान सुप्रीम कोर्ट ने अपने पूर्व न्यायाधीश जस्टिस आर. सुभाष रेड्डी की अध्यक्षता में पांच सदस्यीय हाई पावर्ड कमेटी गठित की थी। कमेटी को पूरे घटनाक्रम की जांच करने के साथ ही पुलिस अधिकारियों की भूमिका और प्रदर्शनों के दौरान संपत्ति को हुए नुकसान की भी पड़ताल करनी है। कमेटी की जांच का उद्देश्य घटनाओं के दौरान हुई हिंसा, पुलिस कार्रवाई और उससे जुड़े अन्य पहलुओं की स्थिति स्पष्ट करना है।10 सितंबर को हुई पिछली सुनवाई में वकील प्रशांत भूषण ने हाई पावर्ड कमेटी को दोबारा गठित करने की मांग की थी। उन्होंने समिति में सदस्य बनाए गए एक पूर्व डीजीपी की निष्पक्षता पर सवाल उठाते हुए कहा था कि वह कुछ ऐसे सेवानिवृत्त अधिकारियों के करीबी हैं, जो मामले की जांच के दायरे में हैं। उनका तर्क था कि ऐसे सदस्य की मौजूदगी से जांच की निष्पक्षता प्रभावित हो सकती है। सुनवाई के दौरान चीफ जस्टिस सूर्य कांत, जस्टिस जोयमाल्या बागची और जस्टिस वी. मोहना की पीठ ने कहा था कि समिति का गठन काफी विचार-विमर्श के बाद किया गया है। अब मामले में जारी लिखित आदेश में पीठ ने कहा कि समिति एक सेवानिवृत्त सुप्रीम कोर्ट न्यायाधीश की अध्यक्षता में काम कर रही है। कोर्ट ने कहा कि बिना किसी ठोस आधार के समिति की निष्पक्षता पर सवाल उठाना उचित नहीं है।सुप्रीम कोर्ट के लिखित आदेश में कहा गया है कि हाई पावर्ड कमेटी जांच के दौरान समय-समय पर अंतरिम रिपोर्ट पेश करेगी। इन रिपोर्टों के आधार पर सुप्रीम कोर्ट आगे आवश्यक निर्देश जारी कर सकता है।

## एक नजर

### विश्वकर्मा पूजा के अवसर पर 17 को होगा लाइट एंड साउंड एवं लेजर शो

**भिलाई, 16 सितंबर (तछसं.)।** विश्वकर्मा पूजा के अवसर पर भिलाई इस्पात संयंत्र के क्रीड़ा, सांस्कृतिक एवं नागरिक सुविधाएं विभाग द्वारा 17 सितंबर को शाम 7 बजे से लाइट एंड साउंड एवं लेजर शो का आयोजन किया जाएगा। यह कार्यक्रम महात्मा गांधी कला मंदिर, सिविक सेंटर में आयोजित होगा। छत्तीसगढ़ की प्राचीन भव्यता से लेकर वर्तमान परिदृश्य तक की कालजयी यात्रा को विद्यालयीन प्रतिभाओं, स्थानीय कलाकारों एवं तकनीशियनों के समूह के माध्यम से प्रस्तुत किया जाएगा। कार्यक्रम के माध्यम से छत्तीसगढ़ की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत, विकास यात्रा एवं विविधताओं को रोचक एवं प्रभावी ढंग से प्रस्तुत करने का प्रयास किया गया है। कार्यक्रम में लाइट, साउंड एवं लेजर की आधुनिक तकनीक का प्रयोग किया जाएगा, जो प्रस्तुति को भव्य एवं आकर्षक स्वरूप प्रदान करेगा। तकनीक एवं कलात्मक अभिव्यक्ति के समन्वय से तैयार यह कार्यक्रम दर्शकों के लिए एक विशेष अनुभव होगा। श्री श्री विश्वकर्मा पूजा के अवसर पर आयोजित इस कार्यक्रम में प्रवेश पूर्णतः निःशुल्क रहेगा। भिलाई इस्पात संयंत्र द्वारा नगरवासियों एवं इस्पात बिरादरी से कार्यक्रम में अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर इस भव्य आयोजन का आनंद लेने की अपील की गई है।

### काली माता मंदिर में चोरी

**भिलाई, 16 सितंबर (तछसं.)।** भिलाई जेवरा सिरसा चौकी क्षेत्र में ग्राम जेवरा में काली माता मंदिर में चोरी का मामला सामने आया है अज्ञात चोर ने मंदिर के मुख्य दरवाजे पर लगे तालों को तोड़कर देवी की मूर्ति में पहनाई गई करीब 1 ग्राम वजनी सोने की नथनी जिसकी कीमत लगभग 15 हजार रुपए है, चोरी कर ली पुलिस ने भागीरथी सपहा (42) की शिकायत पर अज्ञात आरोपी के खिलाफ अपराध दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है शिकायतकर्ता के मुताबिक, वह ग्राम् जेवरा के वार्ड नंबर 08, दुर्ग-धमधा रोड का रहने वाला है और खेती-किसानी करता है रात करीब 11 बजे उसने घर की छत पर बने काली माता मंदिर के दरवाजे में ताला लगाया और परिवार के साथ सोने चला गया सुबह करीब 5 बजे उसकी मां मंथीरा बाई ने बताया कि घर का दरवाजा बाहर से बंद है पड़ोसी भूपेंद्र साहू को फोन कर बुलाया गया पड़ोसी ने बाहर से दरवाजा खोला। इसके बाद भागीरथी, उसकी मां और पड़ोसी छत पर बने मंदिर में पहुंचे मंदिर के मुख्य दरवाजे पर लगे तीन तालों में से दो टूटे हुए मिले अंदर जाकर देखने पर देवी की मूर्ति में पहनाई गई सोने की नथनी गायब मिली प्रार्थी के मुताबिक, अज्ञात चोर ने रात 11 बजे से सुबह 5 बजे के बीच मंदिर का ताला तोड़कर चोरी की वारदात को अंजाम दिया? जेवरा सिरसा चौकी पुलिस पुलिस ने मामला दर्ज कर अज्ञात चोर की तलाश शुरू कर दी है ।

### नाबालिगों के वाहन चलाने पर होगी कार्रवाई

**भिलाई, 16 सितंबर (तछसं.)।** भिलाई शहरों क्षेत्रों में नाबालिगों द्वारा दोपहिया वाहन चलाने की बढ़ती घटनाओं पर परिवहन विभाग ने सख्त रुख अपनाया है समस्त स्कूल, महाविद्यालय संचालक, प्राचार्य, रायपुर छग को पत्र जारी किया गया है ( 18 साल ) से कम आयु के विद्यार्थियों द्वारा दो पहिया वाहन चलाने पर सख्त कार्रवाई एवं प्रदेश के सभी विद्यालयों में विशेष जांच अभियान चलाने की कार्रवाई की जाएगी ( 18 साल ) से कम आयु के स्कूली विद्यार्थी दो-पहिया वाहन चलाकर विद्यालय आते-जाते हैं यह न केवल मोटरयान अधिनियम का उल्लंघन है, बल्कि उनके जीवन और अन्य नागरिकों की सुरक्षा के लिए भी गंभीर खतरा है संस्थान में अध्ययनरत ( 18 साल ) से कम आयु के विद्यार्थियों के अभिभावकों को दो पहिया वाहन चलाने से रोकने के लिए सुनिश्चित करें ।

### अवैध शराब बिक्री,महिला गिरफ्तार



**भिलाई, 16 सितंबर (तछसं.)।** भिलाई खुर्सीपार टीआई लक्ष्मण केवट ने बताया कि मुखबिर से सूचना मिली कि देवार बस्ती खुर्सीपार क्षेत्र में एक महिला अवैध रूप से देशी शराब की बिक्री की जा रही है सूचना पर खुर्सीपार थाने पुलिस टीम मौके पर पहुंचकर घेराबंदी की और संदिग्ध महिला को पकड़ा गया पूछताछ में महिला ने अपना नाम श्रीमती नगिता मरकाम (20 साल) निवासी बस्ती मछली मार्केट खुर्सीपार बताया उसके कब्जे में बिक्री के लिए रखे देशी शराब के 30 पौवा एवं बिक्री रकम 100 जब्त कर कार्रवाई की है ।

### लोगों को डरा रहा युवक गिरफ्तार



**भिलाई, 16 सितंबर (तछसं.)।** भिलाई सुपेला टीआई एस एन सिंह ने बताया कि मुखबिर से सूचना मिली कि हिमालय कॉम्प्लेक्स आकाशगंगा के पास एक युवक अपने पास धारदार लोहे का हथियार रखकर आने-जाने वाले लोगों को डरा-धमका रहा है सूचना पर थाना सुपेला थाने पुलिस टीम मौके पर पहुंची और घेराबंदी कर आरोपी को धारदार हथियार लहराते हुए पकड़ा पूछताछ में आरोपी ने अपना नाम ओम निर्मलकर ( 18 साल ) निवासी कातुलबोर्ड, मिलन चौक बताया आरोपी के कब्जे से धारदार लोहे का हथियार बरामद कर जब्त की है।

# पूजा पंडालों में गूंज रहे गणपति बप्पा के जयकारे

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**भिलाई, 16 सितंबर।** गणेशोत्सव का पर्व भिलाई में पूरे उल्लास, उत्साह और भक्ति भाव के साथ मनाया जा रहा है। शहर के विभिन्न क्षेत्रों में आकर्षक पूजा पंडाल सजाए गए हैं, जहां भगवान श्रीगणेश की मनमोहक प्रतिमाएं श्रद्धालुओं के आकर्षण का केंद्र बनी हुई हैं। गणपति बप्पा के दर्शन और झांकियों को देखने के लिए प्रतिदिन बड़ी संख्या में भक्त अपने घरों से निकलकर पूजा पंडालों तक पहुंच रहे हैं। संध्या होते ही शहर के प्रमुख पूजा पंडालों में श्रद्धालुओं की आवाजाही बढ़ने लगती है। देर रात तक पंडालों में भक्तों के पहुंचने का सिलसिला जारी रहता है। कहीं भजन-कीर्तन तो कहीं धार्मिक आयोजन और आकर्षक झांकियां श्रद्धालुओं को अपनी ओर खींच रही हैं। पूरे वातावरण में गणपति के जयकारों और भक्ति गीतों की गूंज सुनाई दे रही है। गणेशोत्सव का आज तीसरा दिन है और आने वाले दिनों में



श्रद्धालुओं की भीड़ और बढ़ने की संभावना है। दस दिनों तक चलने वाले इस महापर्व को लेकर पूजा समितियों ने भी व्यापक तैयारियां की हैं। पंडालों की साज-सज्जा, दर्शन व्यवस्था, रोशनी और श्रद्धालुओं की सुविधा का विशेष ध्यान रखा जा रहा है। गणेशोत्सव को शांतिपूर्ण एवं व्यवस्थित ढंग से संपन्न कराने के लिए पुलिस और प्रशासन भी सक्रिय है। प्रमुख पूजा स्थलों और भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों में सुरक्षा एवं यातायात व्यवस्था पर नजर रखी जा रही है। पूजा समितियों से भी आवश्यक व्यवस्थाओं का पालन करने की अपील की गई है। गणेशोत्सव के साथ शहर में धार्मिक और सांस्कृतिक उत्सव का माहौल बना हुआ है। आने वाले दिनों में विभिन्न पूजा पंडालों में होने वाले आयोजनों और बढ़ती श्रद्धालुओं की भीड़ के साथ पर्व की रौनक और बढ़ने की उम्मीद है।



भिलाई। श्रीमहाकाल गणेश उत्सव समिति नेऊरगाँव



## ब्रिक्स बिजनेस फोरम में छत्तीसगढ़ के एमएसएमई का प्रतिनिधित्व जेपी गुप्ता ने किया

**भिलाई, 16 सितंबर।** उद्योग चेम्बर के अध्यक्ष एवं उद्योगपति जितेंद्र प्रसाद गुप्ता ने नई दिल्ली में आयोजित ब्रिक्स बिजनेस फोरम में उद्योग एवं एमएसएमई क्षेत्र का प्रतिनिधित्व किया। फोरम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदीए रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन सहित विभिन्न देशों के प्रतिनिधि, उद्योगपति एवं व्यापारिक संगठनों के प्रतिनिधि शामिल हुए। गुप्ता ने रूस ब्राजील इथियोपियाए चीन और दक्षिण अफ्रीका के प्रतिनिधियों के साथ वन-टू-वन बिजनेस मीटिंग कर औद्योगिक सहयोगए एमएसएमई उत्पादों के लिए अंतरराष्ट्रीय बाजार तकनीकी सहयोगए आयात-निर्यात एवं व्यावसायिक साझेदारी की संभावनाओं पर चर्चा की। उन्होंने छत्तीसगढ़ के औद्योगिक एवं विनिर्माण क्षेत्र की क्षमताओं को सामने रखते हुए प्रदेश के एमएसएमई उत्पादों को वैश्विक बाजार से जोड़ने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि ब्रिक्स जैसे अंतरराष्ट्रीय मंच पर बने व्यावसायिक संपर्कों को आगे बढ़ाकर छत्तीसगढ़ के उद्यमियों को निर्यात, निवेश,, तकनीकी सहयोग और नए वैश्विक बाजारों से जोड़ने का प्रयास किया जाएगा। फोरम में एमएसएमई, स्टार्टअप, नवाचार, निवेश, तकनीकी सहयोग और अंतरराष्ट्रीय व्यापार जैसे विषयों पर भी चर्चा हुई। गुप्ता की सहभागिता को छत्तीसगढ़ के उद्योग एवं व्यापार जगत के लिए महत्वपूर्ण अवसर के रूप में देखा जा रहा है। उक्त जानकारी प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से शंकर सचदेव ने दी।

# गणेश चतुर्थी व तीजा पर जय माँ सरस्वती रामधुनी परिवार की मनमोहक प्रस्तुति



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**उतई,16 सितंबर।** हर वर्ष के भाती इस वर्ष भी नवजागरण गणेश उत्सव समिति डूमरडीह उतई द्वारा तीजा व गणेश चतुर्थी के पावन अवसर पर तीजा उपास रखने वाली महिलाओं केए विशेष फुलेरा दर्शन के साथ ही सांस्कृतिक रामधुनी भजन मंडली का आयोजन किया गयाइस अवसर पर जय माँ सरस्वती रामधुनि परिवार दैहान बांधाबाजर द्वारा शिव पार्वती के भजनों की मनमोहक प्रस्तुति दी महिलाओं ने फुलेरा दर्शन कर भगवान शिव पार्वती की पूजा अर्चना कर अपने अपने पतियों की लंबी उम्र की कामना किया तथा रामधुनि के भजनों पर नृत्य कर तीज पर्व का आनंद लिया। कार्यक्रम को सफल बनाने में गजेंद्र वर्मा,सुरेंद्र वर्मा,मोहन साहू,गजेंद्र चक्रधारी,अमित यादव,चंद्रकांत बम्भोले, चिंतामणि बम्भोले,रोहित यादव, बंटी ढिमर,कमल कांत यादव,गोलू यादव,रतन साहू,रोशन यादव, तथा समिति के सभी सदस्यों ने अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया इस अवसर पर बड़ी सख्या माता बहने उपस्थिति रहे।

## हरितालिका तीज और गणेश चतुर्थी पर कीर्ति नायक ने की क्षेत्र की खुशहाली की कामना,दी शुभकामनाएं

**उतई,16 सितंबर।** जनपद पंचायत पाटन की अध्यक्ष श्रीमती कीर्ति नायक ने हरितालिका तीज और गणेश चतुर्थी के पावन अवसर पर भगवान भोलेनाथ एवं प्रथम पूज्य भगवान श्री गणेश जी की विधिवत पूजा-अर्चना कर पाटन क्षेत्र की सुख-समृद्धि और खुशहाली के लिए आशीर्वाद मांगा। इस दौरान उन्होंने माताओं और बहनों के अखंड सौभाग्य, सुखी दांपत्य जीवन तथा परिवार की सुख-शांति के लिए मंगलकामनाएं कीं। विघ्नहर्ता भगवान श्री गणेश से क्षेत्र की उन्नति, विकास और सभी के जीवन में सकारात्मकता के संचार की प्रार्थना करते हुए उन्होंने कहा कि ये पावन पर्व



समाज में एकता, प्रेम, भाईचारे और पारिवारिक मूल्यों को मजबूत करते हैं। अंत में उन्होंने सभी क्षेत्रवासियों को दोनों पर्वों की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दीं।

### बिहान से जुड़कर मनीषा ने संवारा अपना भविष्य, पार्लर व्यवसाय को मिला विस्तार

**दुर्ग, 16 सितम्बर ।** कभी घर के छोटे से कमरे में सीमित संसाधनों के साथ पार्लर चलाने वाली ग्राम पंचायत फुंडा की श्रीमती मनीषा ठाकुर आज अपनी स्वयं की दुकान संचालित कर रही हैं। छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन 'बिहान' से जुड़ने के बाद उन्हें समूह की ताकत, बैंकिंग एवं ऋण सुविधाओं की जानकारी मिली, जिसका लाभ उठाकर उन्होंने अपने हुनर को व्यवसाय का रूप दिया। आज उनका पार्लर व्यवसाय अच्छी आमदनी का जरिया बन गया है और वे लखपति दीदी बनने की दिशा में आगे बढ़ रही हैं।मनीषा ठाकुर अम्बे स्व-सहायता समूह की सदस्य हैं। समूह में कुल 14 महिलाएं जुड़ी हुई हैं। बिहान से जुड़ने से पहले मनीषा घर से ही पार्लर का संचालन करती थीं। सीमित संसाधनों और छोटी जगह के कारण वे अपने व्यवसाय का अधिक विस्तार नहीं कर पा रही थीं।

# गणेश पंडालों के रास्ते में कचरे का ढेर,श्रद्धालु परेशान

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**भिलाई, 16 सितंबर।** सुपेला प्रियदर्शिनी परिसर अंडरब्रिज पार कर सेक्टर क्षेत्र की ओर जाने वाली सड़क के किनारे कचरे का ढेर जमा होने से राहगीरों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। शिवसेना दुर्ग-भिलाई संयुक्त जिला अध्यक्ष राजू गुप्ता ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर इस समस्या की ओर नगर निगम एवं प्रशासन का ध्यान आकर्षित कराया है। राजू ने आरोप लगाया कि सड़क किनारे लंबे समय से कचरा जमा होने के कारण आसपास के क्षेत्र में तेज दुर्गंध फैल रही है। उन्होंने बताया कि कचरे के बीच बोरी में मृत जानवर पड़े होने की बात सामने आई है, जिसकी वजह से दुर्गंध और अधिक बढ़ गई है। स्थिति यह है कि वहां से गुजरने वाले लोगों को नाक-मुंह ढककर निकलना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि गणेशोत्सव के चलते गैरेज रोड और सेक्टर क्षेत्र स्थित गणेश पंडालों में दर्शन के लिए बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं का पैदल एवं वाहनों से



आवागमन इसी मार्ग से हो रहा है। ऐसे में सड़क किनारे जमा कचरा और उससे उठने वाली दुर्गंध लोगों के लिए परेशानी का कारण बनी हुई है। शिवसेना ने कहा कि त्योहारों के दौरान शहर में स्वच्छता व्यवस्था पर विशेष ध्यान दिया जाना चाहिए। सड़क किनारे कचरा डंप होने से दुर्गंध के साथ ही लोगों को असुविधा होती है। विशेषकर बुजुर्गों और बच्चों को परेशानी का सामना करना पड़ सकता है। राजू गुप्ता ने संबंधित विभाग से मांग की है कि सड़क किनारे जमा कचरे को तत्काल हटाया जाए, मृत जानवरों का सुरक्षित तरीके से निस्तारण कराया जाए तथा क्षेत्र में नियमित सफाई और कचरा उठाव की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए, ताकि गणेशोत्सव के दौरान श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की परेशानी न हो।

# राजभाषा नीति के उत्कृष्ट क्रियान्वयन के लिए नराकास को मिला सम्मान

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**भिलाई, 16 सितंबर।** राजभाषा विभाग गृह मंत्रालय भारत सरकार द्वारा 14 एवं 15 सितंबर को सिडको प्रदर्शनी केन्द्र, वाशी, नवी मुंबई में आयोजित अखिल भारतीय हिंदी दिवस.2026 एवं छठे राजभाषा सम्मेलन में नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति नराकास भिलाई-दुर्ग को वर्ष 2025.26 के लिए सर्वश्रेष्ठ नराकास श्रेणी में नराकास प्रोत्साहन सम्मान प्रदान किया गया। समारोह की अध्यक्षता केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने की। महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फड़णवीस तथा उपमुख्यमंत्री सुनेत्रा पवार एवं एकनाथ शिंदे विशिष्ट अतिथि के



रूप में उपस्थित रहे। राजभाषा विभाग की सचिव अंशुली आर्या के करकमलों से यह सम्मान भिलाई इस्पात संयंत्र के महाप्रबंधक राजीव कुमार एवं नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति भिलाई-दुर्ग के तत्कालीन सचिव ने ग्रहण किया। समिति की ओर से प्रमाण पत्र उप प्रबंधक जितेन्द्र दास मानिकपुरी ने प्राप्त किया। सम्मान मिलने पर भिलाई इस्पात संयंत्र के निदेशक प्रभारी एवं नराकास भिलाई.दुर्ग के अध्यक्ष चित्त रंजन महापात्र कार्यपालक निदेशक पवन कुमार तथा महाप्रबंधक प्रभारी संपर्क व प्रशासन एवं जनसंपर्क अमूल्य प्रियदर्शी ने बधाई दी। राजभाषा विभाग द्वारा केंद्र सरकार की राजभाषा नीति के प्रभावी क्रियान्वयन तथा विभिन्न उपक्रमोंए प्रतिष्ठानों एवं विभागों में कार्यालयीन कार्य हिंदी में सुनिश्चित करने के उद्देश्य से देश के विभिन्न नगरों में कुल 592 नगर राजभाषा कार्यान्वयन समितियों का गठन किया गया है।

# सेना अधिकारियों को काकोली रॉय ने दिया एजाइल पब्लिक प्रोक्योरमेंट पर व्याख्यान




■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**भिलाई, 16 सितंबर।** भिलाई इस्पात संयंत्र की महाप्रबंधक सुश्री काकोली रॉय ने को मिलिट्री कॉलेज ऑफ मैटेरियल्स मैनेजमेंट जबलपुर में आयोजित एडमिनिस्ट्रेशन एवं लॉजिस्टिक्स मैनेजमेंट कोर्स के प्रशिक्षु अधिकारियों को एजाइल पब्लिक प्रोक्योरमेंट- बैलेंसिंग अकाउंटेबिलिटी विद स्पीड इन पीएसयूज विषय पर व्याख्यान दिया। अपने व्याख्यान में काकोली रॉय ने सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों में खरीद प्रक्रिया के विभिन्न पहलुओं पर विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने खरीद प्रक्रिया में जवाबदेही, पारदर्शिता और प्रक्रियागत अनुपालन सुनिश्चित करने के साथ कार्य की गति एवं दक्षता बनाए रखने के महत्व को रेखांकित किया। बदलते औद्योगिक एवं व्यावसायिक परिवेश में त्वरित और प्रभावी सार्वजनिक खरीद की आवश्यकता पर भी उन्होंने अपने विचार साझा किए। उन्होंने भिलाई इस्पात संयंत्र सहित सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों में खरीद प्रक्रियाओं से जुड़े अपने व्यावहारिक अनुभव और उदाहरणों के माध्यम से बताया कि प्रक्रियागत आवश्यकताओं तथा परिचालन संबंधी तात्कालिकताओं के बीच किस प्रकार संतुलन स्थापित किया जा सकता है। व्याख्यान के बाद आयोजित संवादात्मक सत्र में प्रशिक्षु अधिकारियों ने सार्वजनिक खरीद, प्रक्रियागत आवश्यकताओं, जवाबदेही और कार्यकुशलता से जुड़े विभिन्न विषयों पर प्रश्न किए और चर्चा में भाग लिया।

# हत्या के प्रयास का आरोपी गिरफ्तार

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

भिलाई, 16 सितंबर। पुरानी रंजिश में हत्या का प्रयास करने वाले फरार आरोपी को उतई थाने पुलिस ने गिरफ्तार किया है उतई टीआई मोहन भारद्वाज ने बताया कि प्रार्थी नंद बिहारी निवासी बाजार चौक, ग्राम जोरातराई ने थाना उतई में रिपोर्ट दर्ज कराय भाजपा नेता राजेन्द्र सिंह प्रतिदिन की तरह चाय पीने के लिए ग्राम जोरातराई स्थित बाबा रेस्टोरेंट गए थे वहां अपने परिचितों के साथ चाय पीने के दौरान पीछे से आए आरोपी ने पुरानी आपसी रंजिश के चलते राजेन्द्र सिंह के साथ मारपीट करते हुए हत्या करने की नीयत से धारदार हथियार से गले पर वार किया गया बचाव का प्रयास करने पर आरोपी ने पेट पर भी वार करने का प्रयास किया घटना में राजेन्द्र सिंह घायल हुए, जिनका उपचार अस्पताल में कराया गया सूचना प्राप्त होते ही थाना उतई पुलिस तत्काल घटनास्थल पर पहुंची तथा मामले की जांच प्रारंभ की गई फॉरेंसिक टीम की उपस्थिति में प्रकरण से संबंधित आवश्यक साक्ष्यों का संकलन किया गया घटना के बाद आरोपी मोटर साइकिल से फरार हो गया था पुलिस टीम उपलब्ध साक्ष्यों, गवाहों के कथनों एवं तकनीकी माध्यमों से आरोपी की लगातार पतासाजी की आरोपी कुरपा बाग (40 साल ) निवासी मिलन चौक बागपारा के अहमदाबाद (गुजरात) में होने की सूचना मिलने पर पुलिस टीम वहां पहुंचकर आरोपी की तलाश की तथा उसे हिरासत में लेकर थाना उतई लाया गया। पूछताछ एवं उपलब्ध साक्ष्यों के आधार पर आरोपी को



गिरफ्तार किया गया है ।

### लूट के आरोप में 2 गिरफ्तार

**भिलाई, 16 सितंबर।** भिलाई चाकू दिखाकर धमकाकर सोने के मंगलसूत्र लूटने वाले दो नाबालिग आरोपियों को अमलेश्वर थाने पुलिस ने गिरफ्तारकर लिया है अमलेश्वर टीआई मोहद तरीके ने बताया कि प्रार्थिया ग्राम झीट के नया क्रिकेट मैदान से अपनी सहेली के साथ काम कर वापस घर आ रही थी वह पेट्रोल पंप के पास मेन रोड में पहुंची थी तभी पाटन तरफ से एक मोटर साइकिल में दो अज्ञात लड़के आये और मोटर साइकिल को खड़ा कर पीछे बैठे लड़के ने मोटर साइकिल से उतरकर हाथ में रखे चाकू को गले में अड़ाकर गले से सोने का मंगलसूत्र लूट कर दोनों मोटर साइकिल से भाग गये प्रार्थिया की रिपोर्ट पर थाना अमलेश्वर में धारा 309(4) बीएनएस के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना प्रारंभ की विवेचना के दौरान पुलिस टीम घटना के बाद से फरार आरोपियों की लगातार तलाश की थाना अमलेश्वर एवं साइबर क्राइम दुर्ग की संयुक्त टीम ने कार्रवाई करते हुए दो नाबालिग को भांटागांव रायपुर से घेराबंदी कर पकड़ा पूछताछ में घटना में संलिप्तता स्वीकार किए है ।

# 17 सितंबर को सवा लाख दीपों से जगमगाएगा पुराना पुलिस ग्राउंड

**दुर्ग,16 सितंबर।** राज्य शासन के आदेशानुसार एवं कलेक्टर श्री अभिजीत सिंह के निर्देशानुसार दुर्ग नगर में 17 सितंबर से 17 अक्टूबर 2026 तक 'सेवा संकल्प अभियान' का आयोजन किया जा रहा है। अभियान का उद्देश्य 25 वर्षों की जनसेवा के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करना, विकसित भारत-2047 के संकल्प को जन-जन तक पहुंचाना तथा शासन की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं एवं उपलब्धियों के प्रति व्यापक जन भागीदारी सुनिश्चित करना है।

अभियान के अंतर्गत नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग द्वारा निर्धारित विभिन्न गतिविधियों में नगर पालिक निगम दुर्ग की सहभागिता सुनिश्चित की जा रही है। अभियान के तहत नागरिकों की भागीदारी से सेवा, सुशासन और विकसित भारत के संकल्प को जन-जन तक पहुंचाने के लिए विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।पुराना पुलिस ग्राउंड में 17 सितंबर को सवा लाख दीपों का प्रज्ज्वलन अभियान के शुभारंभ अवसर पर 17 सितंबर को संध्या 6 बजे पुराना पुलिस ग्राउंड, दुर्ग में आशीर्वाद का दीया' कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। इस अवसर पर 1 लाख 25 हजार दीप प्रज्वलित किए जाएंगे। कार्यक्रम के माध्यम से राष्ट्रसेवा के 25 वर्षों के प्रति सम्मान एवं कृतज्ञता व्यक्त करते हुए विकसित भारत के संकल्प को जनभागीदारी से मजबूत किया जाएगा। कार्यक्रम सहित अभियान की अन्य गतिविधियों के सफल क्रियान्वयन के लिए अधिकारियों एवं कर्मचारियों की ड्यूटी निर्धारित की गई है।अभियान में होंगे विभिन्न कार्यक्रम- सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत 'आशीर्वाद का दीया' 17 सितंबर, 'मेरे सपनों का भारत' चित्र सेवा 18 सितंबर से 3 अक्टूबर, नमो सेवा अनकही कहानियां' 17 से 21 सितंबर, 6 से 10 अक्टूबर एवं 15 से 17 अक्टूबर, 'आंगन मिलन सेवा' 26 सितंबर से 2 अक्टूबर एवं 12 से 14 अक्टूबर, 'सेवा की कहानी' 17 से 21 अक्टूबर, 'सेवा संकल्प यात्रा' 1 से 5 अक्टूबर, 'ज्योति कलश यात्रा विकसित भारत का संकल्प' 7 अक्टूबर, 'जल जन सेवा', 'सेवा मेरा योगदान' 23 से 25 सितंबर, 'सेवा सेतु अभियान सरकार आपके द्वार' 1 से 5 अक्टूबर, 'सेवा के रंग राष्ट्र के संग' 29 सितंबर, 'सेवा फर्स्ट इनोवेशन चैलेंज' 9 अक्टूबर तथा 'सुशासन सेवा संवाद' 17 अक्टूबर को आयोजित किया जाएगा।

जिला प्रशासन एवं नगर निगम दुर्ग द्वारा नागरिकों से इन सभी कार्यक्रमों में अधिक से अधिक संख्या में सहभागिता कर सेवा, सुशासन एवं विकसित भारत के संकल्प को जन आंदोलन का स्वरूप देने की अपील की गई है।

### शिविर में 83 दिव्यांगजनों एवं वरिष्ठजनों का पंजीयन

**दुर्ग, 16 सितम्बर ।** जिला प्रशासन एवं समाज कल्याण विभाग दुर्ग के सहयोग से एग्रीकल्चर इंश्योरेंस कंपनी ऑफ इंडिया लिमिटेड (एआईसी) भारत सरकार वित्त मंत्रालय के प्रशासनिक नियंत्रण मंत्रालय के निगमित सामाजिक दायित्व (सी.एस.आर) एवं इंजीनियर्स इंडिया लिमिटेड (ई.आई.एल.) भारत सरकार के पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय के निगमित सामाजिक दायित्व (सी.एस.आर) योजनान्तर्गत एवं भारतीय कृत्रिम अंग निर्माण निगम (एलिम्को), रायपुर द्वारा दुर्ग जिले के दिव्यांगजनो एवं वरिष्ठजनों को निःशुल्क सहायक उपकरण प्रदाय हेतु दिव्यांगजनों एवं वरिष्ठजनों हेतु मूल्यांकन/परीक्षण /चिन्हांकन शिविर का आयोजन न.पा. परि. कुम्हारी /जामूल/अहिवारा, न.पंचा, धमधा एवं जनपद पंचायत धमधा के समस्त ग्राम पंचायतों को सम्मिलित करते हुए स्थान-भीमराव अम्बेडकर भवन, बाजार चौक, धमधा, जिला दुर्ग में शिविर आयोजित किया गया।

# भाटापारा विधायक इंद्र साव के खिलाफ सतनामी समाज का आक्रोश

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**सिमगा 16 सितंबर।** में क्षेत्रीय विधायक इंद्र साव के खिलाफसतनामी समाज का आक्रोश देखने को मिला। सतनामी समाज परिक्षेत्र सिमगा के लोगों ने जयस्तंभ चौक पर विधायक के पुतले का दहन कर जमकर नारेबाजी की और सिमगा थाने पहुंचकर 12 सूत्रीय ज्ञापन सौंपा। समाज ने धनराज गिधौड़े के खिलाफ हुई कार्रवाई को राजनीतिक दबाव का परिणाम बताते हुए निष्पक्ष जांच की मांग की है। समाज ने दो दिनों के भीतर उचित कार्रवाई नहीं होने पर उग्र आंदोलन की चेतावनी भी दी है।

यह ज्ञात हो की सिमगा ब्लॉक के ग्राम पंचायत चंदिया पथरा में अप्रैल माह में दो पक्षों के बीच विवाद हुआ था। इस मामले में धनराज गिधौड़े की शिकायत पर सिमगा पुलिस ने हीरालाल साहू के खिलाफकार्रवाई करते हुए उसे



जेल भेजा था। समाज का आरोप है कि घटना के करीब पांच महीने बाद क्षेत्रीय विधायक इंद्र साव ने धनराज गिधौड़े के खिलाफ कार्रवाई की मांग को लेकर सिमगा थाने में धरना प्रदर्शन किया। इसके बाद पुलिस ने धनराज गिधौड़े के खिलाफ विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

इस कार्रवाई के बाद सतनामी समाज में नाराजगी बढ़ गई। दो दिन पहले पूरे क्षेत्र के सतनामी समाज ने बैठक की थी। सतनामी समाज का आरोप है कि धनराज गिधौड़े को राजनीतिक दबाव में मामले में फंसाया गया है और पांच महीने पुराने विवाद को राजनीतिक रंग दिया जा रहा है। सतनामी समाज ने पूरे मामले की निष्पक्ष जांच की मांग करते हुए विधायक पर राजनीतिक दबाव बनाने का आरोप लगाया है।

मंगलवार को समाज के लोगों ने सिमगा के जयस्तंभ चौक पर विधायक इंद्र साव के पुतले का दहन किया और जमकर नारेबाजी की। इसके बाद समाज के प्रतिनिधिमंडल ने सिमगा थाने पहुंचकर 12 बिंदुओं का ज्ञापन सौंपा।ज्ञापन में मामले की निष्पक्ष जांच के साथ एसडीओपी तारेश साहू और सिमगा थाना प्रभारी को हटाने की मांग भी की गई है।

सतनामी समाज के अध्यक्ष शत्रुहन मारकंडे का कहना है कि क्षेत्र में सतनामी और साहू समाज वर्षों से आपसी भाईचारे और प्रेम के साथ रहते आए हैं। समाज का आरोप है कि विधायक के हस्तक्षेप से दोनों समाजों के बीच विवाद और फूट पैदा करने का असफल प्रयास किया जा रहा है, जिसमें वे कभी कामयाब नहीं होंगे। सतनामी समाज ने स्पष्ट किया कि वे साहू समाज के साथ पहले की तरह भाईचारे और सौहार्द के साथ रहते आए है ,और आगे भी रहेंगे। एक जनप्रीनिधि होकर उन्होंने व्यक्तिगत लड़ाई को जातिगत बनाने का निंदनीय प्रयास किया है।

सतनामी समाज ने प्रशासन को दो दिनों का समय देते हुए कहा है कि यदि इस अवधि में मामले की निष्पक्ष जांच कर उचित न्याय नहीं दिया गया, तो समाज उग्र आंदोलन करने के लिए बाध्य होगा। समाज ने आंदोलन की स्थिति में इसकी पूरी जिम्मेदारी प्रशासन की होने की बात कही है। आज के प्रदर्शन में प्रमुख रूप से परिक्षेत्र के अध्यक्ष शत्रुहन मारकंडे, तोरण बघेल, माखन महिलांगे भाटापारा ब्लाक युवा अध्यक्ष, रविन्द्र भारती, रूपचंद जांगड़े, गुलशन धृतलहरे, राजीव बंजारे, माखन बंजारे, मेघनाद डहरे, राजीव धृतलहरे आदि सहित भारी संख्या में समाज के लोग उपस्थित थे।

## एक नजर

### अभियंता दिवस पर नगर निगम में कार्यक्रम आयोजित

**राजनांदगांव 16 सितंबर। (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** अभियंता दिवस के अवसर पर आज मंगलवार 15 सितम्बर 2026 को नगर निगम के कार्यपालन अभियंता कक्ष में आयुक्त श्री जी.आर. मरकाम की उपस्थिति में कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में आयुक्त सहित कार्यपालन अभियंता श्री दीपक खांडे,कार्यपालन अभियंता (संविदा) श्री यू.के.रामटेके, प्र.कार्यपालन अभियंता श्री प्रणय मेश्राम एवं निगम के इंजीनियरों ने भारत रत्न श्री मोक्षगुणम विश्वेस्वरैय्या के तैल चित्र पर माल्यापर्ण कर पूजा अर्चना किये और एक दूसरे को अभियंता दिवस की बधाई दिये। कार्यक्रम में अभियंता दिवस की शुभकामनाएं देते हुये आयुक्त श्री मरकाम ने उनके जीवन पर प्रकाश डालते हुये कहा कि सिविल इंजीनियर एम. विश्वेश्वरैया ने आधुनिक भारत में बांध, जलाशय और जल विद्युत परियोजना के निर्माण में महती भूमिका निभाई थी। साथ ही उन्होने मैसूर सरकार के साथ मिलकर कई शैक्षणिक संस्था और कारखानों की स्थापना करवाई थी, उनके योगदानों को देखते हुये सरकार ने उन्हें 1955 में भारत रत्न से सम्मानित किया था।



उन्ही की याद में हम आज अभियंता दिवस मना रहे है। उन्होने कहा कि, सभी तकनीकी अधिकारियों को उनके कार्यो का अनुसरण कर कार्य करना चाहिये, तभी अभियंता दिवस मनाने की सार्थकता होगी। कार्यपालन अभियंता श्री खांडे एवं रामटेके ने भी अभियंता दिवस की बधाई देते हुए उनके द्वारा किये कार्यो का अनुसरण करने की अपील की। कार्यक्रम में प्र. सहायक अभियंता सुश्री सुषमा साहू उपअभियंतागण श्रीमती पिंकी खाती, श्री अनुप पाण्डे, श्री तिलकराज ध्रुव सहित तकनीकी शाखा के कर्मचारीगण उपस्थित थें।

### गणेश उत्सव को लेकर राजनांदगांव पुलिस पूरी तरह चौकस

**राजनांदगांव 16 सितंबर। (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** गणेश उत्सव के दौरान जिले में शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण बनाए रखने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक सुश्री अंकिता शर्मा के नेतृत्व में राजनांदगांव पुलिस द्वारा सुरक्षा व्यवस्था को लेकर हर स्तर पर सतर्कता बरती जा रही है। एक ओर जहां गणेश पंडालों के साथ निरंतर समन्वय स्थापित करते हुए 'पंडाल मित्र' एवं 'One Cop-One Pandal' व्यवस्था के माध्यम से पुलिस की सीधी उपस्थिति सुनिश्चित की जा रही है, वहीं दूसरी ओर शांति एवं कानून-व्यवस्था के लिए खतरा बनने वाले असामाजिक एवं आपराधिक तत्वों के विरुद्ध लगातार कड़ी प्रतिबंधात्मक एवं वैधानिक कार्रवाई की जा रही है। गणेश उत्सव के मद्देनजर पुलिस द्वारा संवेदनशील क्षेत्रों, प्रमुख बाजारों, गणेश पंडालों एवं सार्वजनिक स्थलों पर लगातार निगरानी रखी जा रही है। पुलिस की टीमों द्वारा संदिग्ध एवं आदतन अपराधियों की गतिविधियों पर नजर रखते हुए उन्हें चिन्हांकित कर वैधानिक कार्रवाई की जा रही है, ताकि उत्सव के दौरान किसी भी प्रकार की अप्रिय स्थिति उत्पन्न न हो। राजनांदगांव पुलिस द्वारा पिछले तीन दिनों में आर्म्स एक्ट, आबकारी एक्ट एवं धारा 170 ब्नहस्स के तहत कुल 70 बदमाशों/आरोपियों के विरुद्ध कार्रवाई कर उन्हें जेल भेजा गया है।

### मुख्यमंत्री निर्माण श्रमिक पेंशन योजना से संवर रहा शत्रुघन साहू का जीवन

**रायपुर, 16 सितंबर।** जीवन का अधिकांश हिस्सा दूसरों के आशियाने बनाने और हाड़-तोड़ मेहनत में गुजारने वाले धमतरी जिले के राजमिस्त्री श्री शत्रुघन साहू के लिए उम्र का यह पड़ाव अब चिंता का विषय नहीं, बल्कि आत्मसम्मान का प्रतीक बन गया है। तहसील बेलरगांव के ग्राम पंचायत घठुला निवासी श्री साहू पिता स्वर्गीय बिदे राम साहू वर्ष 2011 से श्रम विभाग में पंजीकृत निर्माण श्रमिक हैं। समय के साथ ढलती उम्र ने जब उनके हाथों की ताकत कम कर दी और नियमित मजदूरी करना कठिन हो गया, तब उनके सामने आजीविका का स्वाभाविक संकट खड़ा होने लगा था। ठीक इसी समय, छत्तीसगढ़ सरकार की मुख्यमंत्री निर्माण श्रमिक पेंशन सहायता योजना उनके जीवन में एक मजबूत सहारे के रूप में सामने आई। अपने श्रमिक कार्ड के नवीनीकरण के लिए जब वे श्रम विभाग के कार्यालय पहुंचे, तो वहां संचालित सेवा संकल्प अभियान ने उनके लिए नई राह खोल दी।

# देश-दुनिया के गोल्फ मानचित्र पर अपनी नई पहचान बना रहा छत्तीसगढ़ : मुख्यमंत्री साय

**रायपुर, 16 सितंबर।** छत्तीसगढ़ तेजी से देश के उभरते स्पोर्ट्स डेस्टिनेशन के रूप में अपनी पहचान बना रहा है। प्रदेश में खेल अधोसंरचनाओं के विस्तार, प्रतिभाओं को बेहतर प्रशिक्षण और अवसर उपलब्ध कराने तथा राष्ट्रीय-अंतरराष्ट्रीय स्तर के प्रतिष्ठित खेल आयोजनों की मेजबानी से छत्तीसगढ़ की खेल संस्कृति को नई ऊर्जा मिली है। अब प्रोफेशनल गोल्फ के बड़े टूर्नामेंट का नवा रायपुर में आयोजन इस यात्रा में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है। मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय ने आज नवा रायपुर स्थित फेयरवे गोल्फ एंड कंट्री क्लब रिजॉर्ट में प्रोफेशनल गोल्फ टूर ऑफ इंडिया द्वारा आयोजित प्रतिष्ठित 'डीपी वर्ल्ड नवा रायपुर ओपन 2026' कार्यक्रम को संबोधित करते हुए यह बात कही। मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय ने विश्वास व्यक्त किया कि 'डीपी वर्ल्ड नवा रायपुर ओपन 2026' आने वाले वर्षों में छत्तीसगढ़ की नई पहचान बनेगा और नवा रायपुर को देश-दुनिया के प्रमुख गोल्फ डेस्टिनेशन के रूप में स्थापित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

मुख्यमंत्री श्री साय ने प्रतियोगिता की आकर्षक ट्रॉफी का अनावरण किया तथा देश-विदेश से आए प्रोफेशनल गोल्फ खिलाड़ियों का छत्तीसगढ़ की धरती पर आत्मीय स्वागत एवं अभिनंदन किया। इस अवसर पर 1983 क्रिकेट विश्वकप विजेता भारतीय टीम के कप्तान एवं प्रोफेशनल गोल्फ टूर ऑफ इंडिया के अध्यक्ष श्री



कपिल देव की विशेष उपस्थिति ने आयोजन की गरिमा को और बढ़ाया।

मुख्यमंत्री ने गोल्फ कोर्स पर स्वयं गोल्फमें हाथ आजमाया और शानदार शॉट लगाकर खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया। मुख्यमंत्री को गोल्फ खेलते देखकर उपस्थित खिलाड़ियों, खेल प्रेमियों और अतिथियों में विशेष उत्साह दिखाई दिया।

मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि यह प्रदेश के लिए प्रसन्नता और गौरव का विषय है कि नवा रायपुर में देश के प्रोफेशनल गोल्फ का इतना प्रतिष्ठित आयोजन हो रहा है। प्रतियोगिता में देश-विदेश के 132 प्रोफेशनल खिलाड़ी हिस्सा ले रहे हैं, जिनमें 18 विदेशी खिलाड़ी भी शामिल हैं। इतने बड़े स्तर पर देश और दुनिया के श्रेष्ठ गोल्फ खिलाड़ियों का छत्तीसगढ़ आना प्रदेश में खेलों के लिए विकसित हो रहे अनुकूल वातावरण का परिचायक है।

उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजनों का प्रभाव केवल खेल मैदान तक सीमित नहीं रहता। इससे प्रदेश की राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय पहचान मजबूत होती है, खेल पर्यटन को प्रोत्साहन मिलता है और स्थानीय युवाओं को विश्वस्तरीय खिलाड़ियों को करीब से देखने एवं उनसे प्रेरणा लेने का अवसर मिलता है। राज्य सरकार का प्रयास है कि छत्तीसगढ़ में विभिन्न खेलों के बड़े आयोजन लगातार हों और प्रदेश की प्रतिभाओं को आगे बढ़ने के लिए बेहतर मंच उपलब्ध हो।

मुख्यमंत्री श्री साय ने गोल्फ से जुड़ी अपनी स्मृतियों का उल्लेख करते हुए कहा कि एक समय था, जब हम गोल्फ के बारे में केवल सुना करते थे या फिल्मों में लोगों को गोल्फ खेलते देखते थे। आज बदलते छत्तीसगढ़ में हम स्वयं प्रोफेशनल गोल्फ के इतने बड़े आयोजन की मेजबानी कर रहे हैं। यह प्रदेश के विकास के साथ यहां तेजी से विस्तार ले रही खेल संस्कृति का सुखद संकेत है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि पहले गोल्फ को सामान्यतः उद्योगपतियों और संपन्न वर्ग से जुड़ा खेल माना जाता था, लेकिन समय के साथ इस खेल का दायरा बढ़ा है और बड़ी संख्या में नए खिलाड़ी इससे जुड़ रहे हैं। छत्तीसगढ़ में भी गोल्फ की संभावनाएं तेजी से बढ़ रही हैं। राज्य सरकार गोल्फ को प्रोत्साहित करने, इसके लिए आवश्यक सुविधाओं के विस्तार और प्रतिष्ठित प्रतियोगिताओं के आयोजन में हरसंभव सहयोग प्रदान करेगी।

मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि राज्य सरकार खेलों को युवाओं के व्यक्तित्व विकास, अनुशासन, आत्मविश्वास और प्रदेश की पहचान से जोड़कर आगे बढ़ा रही है। छत्तीसगढ़ में खेल अधोसंरचना का लगातार विस्तार किया जा रहा है। प्रदेश में देश के प्रमुख अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियमों में शामिल भव्य क्रिकेट स्टेडियम मौजूद है और विभिन्न खेल विधाओं के राष्ट्रीय स्तर के आयोजन लगातार हो रहे हैं।उन्होंने कहा कि प्रदेश की प्रतिभाओं की पहचान कर उन्हें आधुनिक प्रशिक्षण, बेहतर संसाधन और राष्ट्रीय-अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं तक पहुंचने के अवसर उपलब्ध कराने के उद्देश्य से राज्य सरकार ने मुख्यमंत्री खेल उत्कर्ष मिशन को बजट में शामिल किया है।

## दस लक्षण महापर्व पर उत्तम क्षमा धर्म मनाया गया

**रायपुर 16 सितंबर।** दिगंबर जैन समाज का परवाधीराज पर्युषण पर्व बुधवार 16 सितंबर से प्रारंभ हुए. कचना,अमलतास केवल स्तिथ 1008 श्री मुनि सुब्रत नाथ दिगंबर जैन मंदिर में दस दिवसीय महापर्व के प्रथम दिवस उत्तम क्षमा धर्म मनाया गया. जिसके अंतर्गत श्री जी को पाण्डुक शीला पर विराजित कर अभिषेक व शांति धारा नित्य पूजन के पश्चात दस लक्षण विधान की आराधना की गई। उत्तम क्षमा धर्म पर विशेष आध्यात्मिक जानकारी देते हुए भाई सुरेश मोदी ने बताया कि अपमान ,दुर्व्यवहार या कष्ट पहुंचाने पर भी मन में क्रोध या बदले की भावना मन में ना लाना उत्तम क्षमा धर्म है. सहनशीलता और क्षमा भाव आत्मा का मूल और आंतरिक गुण है, जबकि क्रोध बाहरी और विकृत भाव है. क्षमा करना कमजोर व्यक्ती की विवशता नहीं परन्तु बलवान और वीर मनुष्यों का आभूषण माना



जाता है. क्षमा करने से हृदय में शीतलता और आंतरिक आनंद की अनुभूति होती है. जबकि प्रतिशोध की भावना मन को अशांत करती है. प्रतिकूल परिस्थितियों को सहज भाव से सहन करने पर पुराने कर्मों की निर्जरा( विनाश )का नाश होता है. उपरोक्त दस दिवसीय पर्युषण पर्व के प्रथम दिवस प्रातः 7-30 बजे समाज सेविका, सुश्राविका श्रीमती गरिमा पालीवाल जी के द्वारा मंदिर परिसर में ध्वजा रोहन किया गया।

## सिमगा में शुरू हुआ दशलक्षण महापर्व आज उत्तम क्षमा धर्म की आराधना

**सिमगा 16 सितंबर। (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** जैनम जैतू शासन जैनियों का महापर्व पर्युषण पर दस लक्षण महापर्व आज दिनांक 16/09/2026 से आज से शुरू हो रहा है ये दस दिवसीय पार्वधि राज की सभी को हार्दिक शुभकामनाएं दस लक्षण महापर्व के दस धर्म उत्तम क्षमा उत्तम मादर्व उत्तम आजर्व उत्तम शौच उत्तम सत्य उत्तम सयम उत्तम तप उत्तम त्याग उत्तम आकिचन्य उत्तम ब्रह्मचर्य यह पर्व आत्म शुद्धि का अहिंसा पर चलने का राग देवे श मिटाने का गुना की आराधना का संभाव व सद्भावना का तप और त्याग का आत्मज्ञान व आत्म कल्याण का पर्व आत्मा के दस धर्म के पालन का पर्व है दशलक्षण महापर्व का पहला दिन,समुच्चय पूजन,सिध्द पूजा,दशलक्षण पूजा,आज अभिषेक शांतिधारा करने का सौभाग्य अभिषेक चिंटू जैन,विजय जैन,मीनू जैन,शांतिलाल,सचिन जैन परिवार को प्राप्त हुआ।आज उत्तम क्षमा दिवस है।



## सेवा संकल्प अभियान से जनसेवा और जनभागीदारी को मिलेगा नया विस्तार : मो. इरफान शेख

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**राजनांदगांव 16 सितंबर।** भारतीय जनता पार्टी अल्पसंख्यक मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष मोहम्मद इरफान शेख एवं भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के जिला अध्यक्ष हैरी जोसेफ ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस 17 सितंबर से 17 अक्टूबर तक भारतीय जनता पार्टी द्वारा सेवा संकल्प अभियान का आयोजन किया जा रहा है। प्रधानमंत्री के सार्वजनिक जीवन के 25 वर्षों की राष्ट्रसेवा को समर्पित यह अभियान सेवा, समर्पण और जनभागीदारी को मजबूत करने की दिशा में एक व्यापक पहल है। मोहम्मद इरफान शेख ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने सार्वजनिक जीवन में राष्ट्रहित और जनसेवा को सर्वोच्च प्राथमिकता दी है। उनके नेतृत्व में गरीब कल्याण, महिला सशक्तिकरण, युवा शक्ति, किसान हित, सुशासन तथा समाज के अंतिम व्यक्ति तक विकास योजनाओं का लाभ पहुंचाने के लिए निरंतर प्रयास किए गए हैं। सेवा संकल्प अभियान प्रधानमंत्री के इसी सेवा भाव और राष्ट्र के प्रति समर्पण को जन-जन तक पहुंचाने का माध्यम बनेगा। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी केवल राजनीतिक संगठन के रूप में नहीं, बल्कि सेवा और सामाजिक सरोकारों से जुड़े संगठन के रूप में भी लगातार कार्य करती रही है। सेवा संकल्प अभियान के माध्यम से समाज के विभिन्न वर्गों तक पहुंचकर जनहित से जुड़े कार्यों को



गति देने तथा अधिक से अधिक लोगों को सेवा गतिविधियों से जोड़ने का प्रयास किया जाएगा। भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के जिला अध्यक्ष हैरी जोसेफ ने कहा कि अभियान के दौरान विभिन्न सेवा एवं जनजागरूकता गतिविधियों के माध्यम से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सार्वजनिक जीवन और राष्ट्रसेवा के 25 वर्षों को स्मरण किया जाएगा। उन्होंने कहा कि सेवा संकल्प अभियान केवल कार्यक्रमों की श्रृंखला नहीं है बल्कि यह समाज के प्रत्येक वर्ग को राष्ट्र निर्माण और जनसेवा के कार्यों से जोड़ने का संकल्प है। हैरी जोसेफ ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश ने विकास, सुशासन और जनकल्याण के क्षेत्र में अनेक महत्वपूर्ण उपलब्धियां हासिल की हैं। केंद्र सरकार की योजनाओं का लाभ समाज के जरूरतमंद और वंचित वर्गों तक पहुंचाने के लिए निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। ऐसे में सेवा संकल्प अभियान इन जनकल्याणकारी कार्यों को समाज के बीच और अधिक प्रभावी ढंग से पहुंचाने का अवसर प्रदान करेगा।

## पट्टे के सर्वे से छूटे परिवार सर्वे कराएं : शिव वर्मा

■ पटवारी-आरआई से संपर्क कर मकान का सर्वे करवाने की अपील

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**राजनांदगांव 16 सितंबर।** भारतीय जनता पार्टी झुग्गी-झोपड़ी प्रकोष्ठ के जिला संयोजक शिव वर्मा ने पट्टे के सर्वे से छूटे परिवारों से अपील की है कि वे अपने क्षेत्र के पटवारी एवं आरआई से संपर्क कर अपने मकान का सर्वे अवश्य करवाएं। उन्होंने कहा कि प्रदेश में पट्टे से संबंधित सर्वे का कार्य चल रहा है। ऐसे में कोई भी पात्र परिवार सर्वे से वंचित न रहे इसके लिए लोगों को स्वयं भी जागरूक होकर संबंधित अधिकारियों से संपर्क करना चाहिए। श्री वर्मा ने कहा कि लंबे समय से आबादी क्षेत्र में निवासरत परिवारों को उनके आवास एवं भूमि से संबंधित अधिकारों का लाभ दिलाने की दिशा में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार द्वारा लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। इसी क्रम में छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा भी प्रदेशभर में पट्टे से संबंधित सर्वे कराया जा रहा है। इस सर्वे के माध्यम से ऐसे परिवारों को चिन्हित किया जा रहा है जो विभिन्न कारणों से अभी तक पट्टे का लाभ प्राप्त नहीं कर पाए हैं। उन्होंने बताया कि जिन परिवारों को एक वर्षीय पट्टा प्राप्त हुआ है जिनके पास अभी तक पट्टा नहीं है अथवा जिन्होंने किसी अन्य व्यक्ति के पट्टे की जमीन खरीदी है ऐसे परिवार भी सर्वे के दायरे में हैं।



इसलिए संबंधित परिवार अपने मकान एवं भूमि की स्थिति का सर्वे करवाने के लिए पटवारी या आरआई से संपर्क करें। श्री वर्मा ने कहा कि कई बार सर्वे के दौरान कुछ परिवार छूट जाते हैं या संबंधित कर्मचारी किसी कारणवश उनके घर तक नहीं पहुंच पाते। ऐसी स्थिति में परिवारों को इंतजार करने के बजाय स्वयं पहल करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि यदि पटवारी या आरआई उनके क्षेत्र में सर्वे के लिए नहीं पहुंचते हैं तो परिवार संबंधित अधिकारी से संपर्क कर अपने मकान का सर्वे जरूर करवाएं ताकि पात्र परिवार शासन की योजना के लाभ से वंचित न रहें। उन्होंने कहा कि पट्टे का मुद्दा लंबे समय से आम जनता की प्रमुख समस्याओं में शामिल रहा है। चुनाव के दौरान भी नागरिक अपने पट्टे से संबंधित समस्याओं को जनप्रतिनिधियों के समक्ष प्रमुखता से रखते हैं। ऐसे में वर्तमान सर्वे कार्य को गंभीरता से लेते हुए प्रशासन को भी यह सुनिश्चित करना चाहिए कि कोई भी पात्र परिवार सर्वे से छूटने न पाए।

भाजपा झुग्गी-झोपड़ी प्रकोष्ठ के जिला संयोजक शिव वर्मा ने कहा कि प्रदेश सरकार की मंशा पात्र परिवारों को उनके अधिकार का लाभ दिलाने की है। इसके लिए प्रशासनिक स्तर पर चल रहे सर्वे में आम नागरिकों की सहभागिता भी जरूरी है। उन्होंने लोगों से अपील की कि वे अपने दस्तावेजों एवं मकान से संबंधित जानकारी के साथ पटवारी और आरआई से संपर्क करें तथा समय रहते सर्वे की प्रक्रिया पूरी करवाएं।

### स्मार्ट मीटर से आसान हुआ बिजली खपत का हिसाब

**रायपुर 16 सितंबर।** स्मार्ट मीटर और डिजिटल तकनीक से उपभोक्ताओं के लिए बिजली की खपत और बिल पर नजर रखना आसान हो गया है। स्मार्ट मीटर के जरिए प्रति घंटे, दैनिक, साप्ताहिक और मासिक बिजली खपत की जानकारी मिल सकती है। छत्तीसगढ़ में छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड द्वारा लगाए जा रहे स्मार्ट मीटर के साथ 'मोर बिजली' मोबाइल ऐप की सुविधा भी दी जा रही है। ऐप पर रियल-टाइम पावर स्टेटस, खपत का विवरण, ऊर्जा बचत के सुझाव और शिकायत दर्ज करने व उसकी स्थिति जानने जैसी सुविधाएं उपलब्ध हैं। इससे उपभोक्ताओं को अपनी बिजली खपत नियंत्रित करने के साथ बिजली संबंधी कई सेवाएं मोबाइल से ही लेने में सुविधा मिल रही है।

# डबल इंजन सरकार की मनमानी से जनता में आक्रोश, चुप्पी तूफान के पहले की शांति

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**राजनांदगांव 16 सितंबर।** जिला कांग्रेस कमेटी ग्रामीण के पूर्व अध्यक्ष एवं कांग्रेस के फायरब्रांड नेता भागवत साहू ने तीजा पर्व के अवसर पर भाजपा के लिए करेले जैसे कड़वा स्वाद चखने बयान दिया है उनका यह बयान आगे चलकर सच होगा यह दावे के साथ नहीं कह सकते पर सच के करीब जरूर लग रहा है उन्होंने साफतौर से कहा है कि भाजपा सरकार की उल्टी गिनती शुरू हो चुकी है और 26, 27, 28... की गिनती के साथ 2028 के विधानसभा चुनाव की चुनौती कांग्रेस ने अभी से स्वीकार कर ली है। श्री साहू ने दावा किया कि भाजपा सरकार की नीतियों से आम जनता में नाराजगी बढ़ रही है और आने वाले समय में यही नाराजगी बड़ा राजनीतिक बदलाव ला सकती है।

श्री साहू ने कहा कि भाजपा और उसकी डबल इंजन सरकार की कार्यप्रणाली से जनता भयभीत नहीं बल्कि आक्रोशित है। जनता आज अपनी समस्याओं का समाधान चाहती है लेकिन उसे लगातार महंगाई, बेरोजगारी, किसान और मजदूरों से जुड़ी समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि जनता की वर्तमान चुप्पी को भाजपा अपनी लोकप्रियता न समझे। यह चुप्पी तूफान के पहले की शांति है। उन्होंने कहा कि भाजपा हवा में उड़ रही है जबकि आम जनता के लिए जमीन पर चलना भी मुश्किल होता जा रहा है। सरकार और भाजपा के बड़े नेताओं तथा जमीनी कार्यकर्ताओं के बीच भी दूरी बढ़ती जा रही है। कार्यकर्ताओं में अपेक्षाओं की अनदेखी को लेकर नाराजगी है और जनता के बीच जाकर जवाब देने की स्थिति में भाजपा के जनप्रतिनिधि खुद को असहज महसूस कर रहे हैं। श्री साहू ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सार्वजनिक जीवन के 25 वर्ष पूरे होने के अवसर पर जिला भाजपा द्वारा 17 सितंबर से 17 अक्टूबर तक चलाए जाने वाले सेवा संकल्प अभियान पर भी सवाल उठाए। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा ऐसे अभियानों के माध्यम से जनता का ध्यान वास्तविक मुद्दों से भटकाने का प्रयास कर रही है। उन्होंने कहा कि यदि सरकार वास्तव में गरीब, किसान, मजदूर और आम जनता की चिंता करती है तो उसे सबसे पहले महंगाई से राहत देनी चाहिए। आज खाद की कीमतों से किसान परेशान हैं। खाने-पीने की वस्तुओं के बढ़ते दामों ने आम परिवार का बजट बिगाड़ दिया है। गैस सिलेंडर, बिजली बिल, शक्कर सहित रोजमर्रा की जरूरतों की वस्तुओं की बढ़ती कीमतों का सीधा असर आम आदमी की जेब पर पड़ रहा है। श्री साहू ने कहा कि एक महीने के अभियान और संकल्प से जनता का विकास नहीं होगा बल्कि सरकार को अपने पूरे कार्यकाल में गरीब और मध्यम वर्ग के हित में ठोस फैसले लेने होंगे।

उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार की प्राथमिकताओं में आम जनता से ज्यादा बड़े उद्योगपतियों और पूंजीपतियों का हित दिखाई देता है। श्री साहू ने कहा कि भाजपा के जनप्रतिनिधियों को अब जनता के बीच जाकर अपने कार्यों का हिसाब देना चाहिए। जनता यह जानना चाहती है कि उसके जीवन में कितना बदलाव आया, किसानों को कितनी राहत मिली, युवाओं के लिए कितने रोजगार के अवसर पैदा हुए और महंगाई पर नियंत्रण के लिए सरकार ने क्या कदम उठाए। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा के कई जनप्रतिनिधि जनता के सवालों का सामना करने से बच रहे हैं। चुनाव के समय बड़े-बड़े वादे किए जाते हैं और चुनाव के बाद जनता की समस्याओं को नजरअंदाज कर दिया जाता है। उन्होंने कहा कि चुनाव आते ही घड़ियाली आंसू बहाने की राजनीति अब जनता समझ चुकी है। श्री साहू ने कहा कि कांग्रेस विपक्ष की भूमिका पूरी मजबूती के साथ निभाएगी और जनता के मुद्दों को लगातार उठाती रहेगी। सड़क, पानी, बिजली, महंगाई, किसान, मजदूर, बेरोजगारी और आम जनता से जुड़े हर सवाल को लेकर कांग्रेस जनता के बीच जाएगी। उन्होंने कहा कि भाजपा चाहे जितने अभियान चलाए लेकिन जनता के वास्तविक मुद्दों से मुंह नहीं मोड़ा जा सकता। उन्होंने दावा किया कि 2028 के विधानसभा चुनाव में जनता भाजपा सरकार के कामकाज का हिसाब करेगी और कांग्रेस पूरी मजबूती के साथ चुनावी मैदान में उतरेगी। श्री साहू ने कहा कि आज से ही 26, 27 और 28 की उल्टी गिनती शुरू हो चुकी है। भाजपा को यह समझ लेना चाहिए कि सत्ता में रहना स्थायी नहीं होता और लोकतंत्र में अंतिम फैसला जनता का होता है। आने वाले समय में जनता भाजपा सरकार की नीतियों और कार्यप्रणाली का जवाब अपने वोट से देगी।

# मृत्यु का उत्सव

**प्रकाश शर्मा**

पढ़ने में ही अजीब सा लगता है 'मृत्यु का उत्सव'! भला कोई समाज या व्यक्ति किसी के मरने का उत्सव मनाता है क्या? परिवार के सदस्य या किसी की भी मृत्यु पर तो कतई नहीं। लेकिन सच तो यह है कि ऐसा भी होता है। कहते हैं न कि भारत विविधताओं का देश है। कश्मीर से लेकर कन्याकुमारी तक न जाने कितनी ही परंपराएं व संस्कृति पीढ़ी दर पीढ़ी फल फूल रहीं हैं। छत्तीसगढ़ में देखिए। मैदानी, पहाड़ी व वनाच्छादित इलाकों को अपने सामाजिक नियम कायदे व रीति रिवाज हैं। मैं अक्सर बस्तर जाता हूं। वहां आदिवासियों के तीज-त्योहार व परंपराओं को जानने का मौका मिलता है। हाल ही में दंतेवाड़ा जाना हुआ। सुबह व शाम के संगम के बाद अंधेरा छाने लगा था। हमारी कार भानपुरी से चित्रकोट जाने वाले मार्ग पर फर्राटे से चल रही थी। स्टेयरिंग मेरे अजीज मृत्युंजय शुक्ला संभाले हुए थे। रास्ते में सड़क किनारे एक गांव में रंग-बिरंगे कपड़ों में कुछ लोगों को नाचते देखा। उन्होंने खास तरीके का श्रृंगार किया हुआ था। सायकल में दो लाउडस्पीकर बंधे थे। संगीत के साथ गाना बज रहा था। समीप ही पीले रंग का बिजली का लट्टू टिमटिमा रहा था। मैंने तत्काल शुक्ला जी को गाड़ी रोकने कहा। मैंने शुक्ला जी से कहा कि आदिवासी शादी चल रही है, आओ देखते हैं। सड़क के उस ओर चल रहे नृत्य को देखने गांव वालों की भीड़ लगी थी। इस भीड़ में महिलाओं की संख्या ज्यादा थी। मुझे लगा उस ओर वर पक्ष के लोग यानी बाराती होंगे और इस ओर विवाह स्थल होगा। खाना-पीना भी चल रहा था। कार से उतरते ही मैंने झट से मोबाइल फोन निकाला और नाच रहे सजे-संवरे लोगों की फोटो खींचने लगा। फोटो खीचने के बाद मैंने एक गांव वाले से पूछा शादी किसकी हो रही है, दूल्हा कौन है? उस ग्रामीण ने पहले मुझे घूर कर देखा फिर आदिवासी शैली में बताया कि बिहाव नोहे, क्रियाकरम होवथे बाबू। मुझे जोर का झटका लगा। खुद की शंका दूर करने मैंने पूछा ये क्रियाकरम का होथे। वैसे मुझे पता है कि मृत्यु के बाद के संस्कार को क्रियाकर्म कहते हैं। देवनाथ नामक उस व्यक्ति ने बताया कि सामने वाले मकान में एक महिला की मौत हो गई है उसी का कार्यक्रम चल रहा है। इस कार्यक्रम को मतुरानाट कहते हैं। वह माहरा आदिवासी थी। उसी का भोजन भी चल रहा है। हमारे समाज में किसी की मौत होने पर मांसाहारी भोजन नहीं बनता है। मैंने उसे शोक के अवसर पर नाच-गाने का मतलब पूछा तो उसने बताया कि यह आदिवासी संगीत है और हमारी भाषा में गाना चल रहा है। ये खास नृत्य दल है। इस विशेष नृत्य को मौत के अवसर पर किया जाता है। मैंने सोचा ये गजब की परंपरा है। मैंने देखा कि वहां किसी के भी चेहरे पर गम की परछाई नहीं थी। बार-बार पूछने के बाद भी मुझे इस सवाल का जवाब किसी से नहीं मिला कि आखिर मृत्यु का उत्सव क्यों? काफी-चिंतन मनन करने के बाद मैंने ही जवाब खोज निकाला। अव्वल तो यह कि वह महिला बिना बीमारी के चलते-फिरते मर गई होगी। इस बात का सुकून परिवार वालों को रहा होगा। फिर शोक मिश्रित जश्न इस बात का भी होगा कि भ्रष्टाचार, बेईमानी, अपराध, महंगाई जैसे कष्टों से उसे मुक्ति मिल गई। समाज में बढ़ रही बुराइयों को देखकर आत्मा ने नश्वर देह को त्याग दिया। कौन जीना चाहता है ऐसी दुनिया में जहां जिंदा रहने के लिए पल-पल में चुनौतियां और खौफ हो। रोजगार की चिंता, महंगाई की मार, बढ़ते अपराध के चलते घर वापस आने की गारंटी न होना, बच्चों की फीस, किताब व ड्रेस की फिक्र, नेताओं के झूठे वादे गले तक भ्रष्टाचार ऐसे माहौल में कौन भला जीना चाहता है। हर कोई तनावग्रस्त, अवसाद, शुगर, ब्लड प्रेशर और अब कैंसर, हृदय रोग के शिकार। ऐसे में तो जिसने मृत्यु का उपहार प्राप्त कर लिया उसका तो जश्न मनाना ही चाहिए। पत्नी, बच्चों व परिवार के दूसरे आश्रित सदस्यों के लिए भगवान तो है ही। एक बात और कुछ मृत्यु सुकुनदायक होती है। परिवार के सदस्य इसे भले ही खुलकर व्यक्त न कर पाएं किंतु उनकी तेरहवीं उत्सव जश्न से थोड़ा-बहुत कम होता है। बिस्तर पर पड़े बीमार व्यक्ति की भले ही भरपूर देखभाल की जाए किंतु परिवार के लोगों के मन में यही बात होती है कि 'भगवान अब इसे उठा लो'। मृत्यु पर रिश्तेदार शोक व्यक्त करते हुए कहते हैं 'अच्छा ही हुआ, कष्ट से मुक्ति मिल गई। यह भी एक तरह का शोक का उत्सव तो है। जिस बात से सुकून, शांति व संतोष मिले वही तो उत्सव है। अंत में एक बात और कई परिवारों में ऐसी परंपरा है कि सौ वर्ष या इससे ज्यादा उम्र में मौत के बाद उस बुजुर्ग की शवयात्रा बाजे-गाजे के साथ निकाली जाती है। हर समाज व संप्रदाय का मृत्यु को देखने का अपना नजरिया होता है,जो परंपरा से मिले ज्ञान पर आधारित होता है। जिसको परंपरा से जैसा ज्ञान मिला होता है वह मृत्यु पर वैसा आचरण करता है। कोई इसे अंत मानता है, कोई इसे मुक्ति मान सकता है कोई इसे नई शुरुआत मान सकता है।

## सू- दोकू क्र.162

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 9 | | | 2 | | | | 1 |
| | | 5 | 1 | | | | 3 | |
| 7 | | | | 9 | | 8 | | 5 |
| | 8 | | 3 | | 7 | | 5 | |
| 2 | | 7 | | | | 1 | | 3 |
| | 4 | | | 1 | | | 8 | |
| 6 | | 2 | | | 9 | | | |
| | 5 | | 7 | | | 3 | | |
| | | 8 | | 5 | | | 6 | 7 |

**नियम**

1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गों का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते है।
3. बाएं से दाएं और उपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।


**सू-दोकू क्र.161का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 8 | 2 | 6 | 3 | 1 | 4 | 5 | 9 |
| 6 | 4 | 1 | 8 | 5 | 9 | 2 | 7 | 3 |
| 9 | 3 | 5 | 4 | 7 | 2 | | 1 | 8 |
| 2 | 6 | 3 | 1 | 9 | 7 | 6 | 8 | 4 |
| 5 | 7 | 8 | 3 | 6 | 4 | 1 | 9 | 2 |
| 1 | 9 | 4 | 5 | 2 | 8 | 7 | 3 | 6 |
| 4 | 5 | 7 | 2 | 8 | 3 | 9 | 6 | 1 |
| 3 | 1 | 6 | 9 | 4 | 5 | 8 | 2 | 7 |
| 8 | 2 | 9 | 7 | 1 | 6 | 3 | 4 | 5 |

## शब्द सामर्थ्य -162

बाएं से दाएं : [illegible]

ऊपर से नीचे [illegible]



शब्द सामर्थ्य क्रमांक 161का हल



**विशेष लेख**

# जब हुनर को मंच और अनुभव को अवसर मिलता है, तब बदलता है भविष्य

## एनएसटीआई से मिलेगी कौशल को नई पहचान, 45 वर्ष की आयु सीमा से अनुभव को लाभ-मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में अवसरों का विस्तार

(एल.डी. मानिकपुरी, सहायक जनसंपर्क अधिकारी)




छत्तीसगढ़ की पहचान लंबे समय तक 'धान के कटोरे' के रूप में रही है। खेतों में लहलहाती फसलें प्रदेश की समृद्धि की कहानी कहती हैं, लेकिन बदलते समय के साथ छत्तीसगढ़ ने विकास की अपनी यात्रा में नए आयाम जोड़े हैं। अब कृषि के साथ उद्योग, तकनीक के साथ कौशल और रोजगार के साथ उद्यमिता भी प्रदेश की नई पहचान बन रही है। इस बदलाव की सबसे बड़ी ताकत प्रदेश के युवा और अनुभवी मानव संसाधन हैं। मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में मंत्रिपरिषद के हालिया निर्णय इसी सोच को आगे बढ़ाते दिखाई देते हैं। एक ओर नवा रायपुर अटल नगर में नेशनल स्किल ट्रेनिंग इंस्टीट्यूट (एनएसटीआई) की स्थापना होने से युवाओं को आधुनिक कौशल का मंच मिलेगा, वहीं दूसरी ओर विभिन्न शासकीय एवं संबद्ध संस्थाओं में कार्यरत वर्गों के लिए अधिकतम आयु सीमा 38 से बढ़ाकर 45 वर्ष किया जाना अनुभव और क्षमता को नए अवसर देने की दिशा में महत्वपूर्ण निर्णय है।

### सपनों को डिग्री के साथ हुनर भी चाहिए

आज का युवा केवल शिक्षा नहीं, रोजगारपरक कौशल चाहता है। उद्योगों की बदलती जरूरतों के बीच ज्ञान के साथ व्यावहारिक प्रशिक्षण का महत्व बढ़ गया है। इसी आवश्यकता को ध्यान में रखते हुए ग्राम तेंदुवा में एनएसटीआई की स्थापना के लिए भारत सरकार के कौशल विकास एवं उद्यमशीलता निदेशालय को 10 एकड़ भूमि निःशुल्क आवंटित करने के प्रस्ताव को मंजूरी दी गई है। करीब 200 करोड़ रुपये की लागत से विकसित होने वाले इस संस्थान में आधुनिक शैक्षणिक, प्रशासनिक और छात्रावास सुविधाएं होंगी। यहां दीर्घकालीन पाठ्यक्रमों में हर वर्ष करीब एक हजार तथा अल्पकालीन कार्यक्रमों में लगभग तीन हजार प्रशिक्षुओं को प्रशिक्षण दिया जा सकेगा। हजारों युवाओं के सपनों से जुड़ा अवसर है। इससे कोई तकनीकी कौशल हासिल करेगा, कोई उद्योग से जुड़ेगा, तो कोई अपना उद्यम शुरू कर दूसरों के लिए भी रोजगार के अवसर पैदा करेगा।

### कौशल से रोजगार और आत्मनिर्भरता की राह

एनएसटीआई की स्थापना होने से युवाओं को प्रशिक्षण के साथ बदलती तकनीक और उद्योग की जरूरतों से जोड़ने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल होगी। आज कौशल केवल नौकरी पाने का माध्यम नहीं, बल्कि आत्मनिर्भर बनने की क्षमता है। गांव और कस्बे के युवा को भी उद्यमशील बनने का अवसर मिलेगा। एक प्रशिक्षित युवा नौकरी तलाशने वाला बनने के साथ नौकरी देने वाला उद्यमी भी बन सकता है। यही कौशल से उद्यमिता और रोजगार से आत्मनिर्भरता की यात्रा है। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी देश के युवाओं से अक्सर कहते हैं कि ऐसा कार्य करें जो युवाओं को रोजगार देने वाला बने, ताकि उनकी नई पहचान बन सके।

### उम्र बढ़ी तो अवसरों का दायरा भी बढ़ा

अधिकतम आयु सीमा को 38 से बढ़ाकर 45 वर्ष करने का निर्णय उन लोगों के लिए नई संभावनाएं लेकर आया है, जिनके पास अनुभव, कार्यकुशलता और जिम्मेदारियों का व्यावहारिक ज्ञान है। उम्र बढ़ने के साथ अनुभव बढ़ता है और अनुभव किसी भी व्यवस्था की महत्वपूर्ण पूंजी है। वर्षों तक काम कर चुके लोगों ने व्यवस्था को करीब से समझा है और चुनौतियों का सामना किया है। ऐसे अनुभव का बेहतर उपयोग नई जिम्मेदारियों में किया जाना संस्थाओं को अधिक सक्षम बना सकता है।

### युवा ऊर्जा और अनुभवी हाथ साथ चलें

विकास की मजबूत तस्वीर तब बनती है, जब युवा ऊर्जा और अनुभवी सोच साथ आती है। युवा नई तकनीक और नए विचार लाते हैं, जबकि अनुभवी वर्ग व्यावहारिक समझ और परिस्थितियों से निपटने का अनुभव देता है। एनएसटीआई युवाओं के हुनर को मंच देगा, तो आयु सीमा में वृद्धि अनुभवी वर्ग की क्षमता को अवसर। दोनों निर्णय मिलकर प्रदेश की मानव पूंजी को मजबूत करने की दिशा दिखाते हैं। छत्तीसगढ़ का भविष्य केवल उसकी प्राकृतिक संपदा से नहीं, बल्कि उसके लोगों की क्षमता से तय होगा। जब हुनर को मंच, अनुभव को अवसर और सपनों को सही दिशा मिलेगी, तब विकास आंकड़ों से निकलकर लोगों की जिंदगी में दिखाई देगा। यही नए छत्तीसगढ़ की तस्वीर है, जहां कौशल से रोजगार, अनुभव से अवसर और अवसर से आत्मनिर्भरता की राह तैयार हो रही है। इसी तरह के निर्णयों से छत्तीसगढ़ सरकार सेवा करने के लिए संकल्पबद्ध हैं।

# छत्तीसगढ़ की नई उड़ान, एआई बनेगा आधार

**अशोक कुमार साहू**



आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस यानी एआई अब केवल विज्ञान और तकनीक की दुनिया का विषय नहीं रह गया है। यह अर्थव्यवस्था, शिक्षा, रोजगार, प्रशासन और सामाजिक जीवन को बदलने वाली ऐसी शक्ति बन चुका है, जो आने वाले वर्षों में राज्यों के विकास की दिशा और उनकी प्रतिस्पर्धात्मक क्षमता तय करेगी। इस बदलती वैश्विक तस्वीर के बीच छत्तीसगढ़ ने एआई को अपने विकास के अगले चरण का महत्वपूर्ण आधार बनाने की दिशा में कदम बढ़ाया है। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने 21 अगस्त को नई दिल्ली में आयोजित दो दिवसीय वर्ल्ड लीडर्स फोरम में वैश्विक आर्थिक जगत की प्रमुख हस्तियों के समक्ष छत्तीसगढ़ की बदलती आर्थिक तस्वीर और निवेश की संभावनाओं का जो रोडमैप प्रस्तुत किया, उसमें एआई को विशेष महत्व दिया गया। यह संकेत है कि छत्तीसगढ़ अब अपनी पारंपरिक खनिज और औद्योगिक पहचान से आगे निकलकर ज्ञान, तकनीक, नवाचार और युवा प्रतिभा आधारित अर्थव्यवस्था की ओर बढ़ना चाहता है।

छत्तीसगढ़ के लिए यह परिवर्तन इसलिए भी महत्वपूर्ण है क्योंकि राज्य की अर्थव्यवस्था लंबे समय से खनिज संपदा और पारंपरिक उद्योगों पर आधारित रही है। यह आधार भविष्य में भी महत्वपूर्ण रहेगा, लेकिन बदलती दुनिया में केवल प्राकृतिक संसाधनों के भरोसे आर्थिक प्रगति को स्थायी गति देना संभव नहीं होगा। नई अर्थव्यवस्था में जिस राज्य के पास प्रशिक्षित मानव संसाधन, डिजिटल बुनियादी ढांचा, नवाचार की क्षमता और तकनीकी उद्यमिता होगी, वही निवेश और रोजगार के नए अवसरों को आकर्षित कर सकेगा। ऐसे में एआई मिशन को छत्तीसगढ़ के आर्थिक रूपांतरण की व्यापक रणनीति के हिस्से के रूप में देखना अधिक उचित होगा।

राज्य सरकार ने पांच वर्षों के लिए 500 करोड़ रुपये के छत्तीसगढ़ स्टेट आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस मिशन को मंजूरी दी है। इस मिशन का उद्देश्य केवल सरकारी विभागों में नई तकनीक का इस्तेमाल करना नहीं, बल्कि प्रदेश में एआई का व्यापक इकोसिस्टम तैयार करना है। इसके तहत छह लाख विद्यार्थियों और डेढ़ लाख शासकीय कर्मचारियों सहित कुल 7.5 लाख लोगों को एआई तथा उससे संबंधित तकनीकों का प्रशिक्षण देने का लक्ष्य रखा गया है। यह संख्या अपने आप में बताती है कि सरकार एआई को किसी सीमित तकनीकी परियोजना के रूप में नहीं, बल्कि बड़े पैमाने पर मानव संसाधन विकास के अभियान के रूप में देख रही है।

इस पहल की सबसे बड़ी ताकत यही हो सकती है कि एआई की चर्चा केवल बड़े शहरों, आईटी कंपनियों और तकनीकी संस्थानों तक सीमित न रहे। छत्तीसगढ़ के गांवों, कस्बों और छोटे शहरों के विद्यार्थी भी यदि एआई, मशीन लर्निंग, डेटा एनालिटिक्स और रोबोटिक्स जैसी तकनीकों से परिचित होंगे तो राज्य को भविष्य के रोजगार बाजार में एक बड़ा स्थानीय प्रतिभा समूह मिल सकता है। स्कूलों में एआई जागरूकता कार्यक्रम, एआई एवं रोबोटिक्स क्लब, हैकाथॉन, महाविद्यालयों में सर्टिफिकेशन कार्यक्रम और छात्र परियोजनाओं के लिए अनुदान जैसी योजनाएं इसी दिशा में महत्वपूर्ण कदम हो सकती हैं। आईटीआई में एआई लैब और विश्वविद्यालयों में सेंटर ऑफ एक्सीलेंस स्थापित करने की योजना शिक्षा और उद्योग के बीच नई कड़ी बनाने में सहायक हो सकती है।

हालांकि, एआई प्रशिक्षण की सफलता केवल प्रशिक्षित लोगों की संख्या से तय नहीं होगी। असली कसौटी यह होगी कि प्रशिक्षण के बाद कितने युवाओं को रोजगार, फ्रीलांसिंग, स्टार्टअप और स्थानीय उद्यमिता के अवसर मिलते हैं। यदि एआई कौशल को बाजार की वास्तविक जरूरतों से जोड़ा गया, स्थानीय उद्योगों की समस्याओं के समाधान के लिए युवाओं को प्रोत्साहित किया गया और उन्हें पूंजी, मार्गदर्शन तथा बाजार उपलब्ध कराया गया, तभी यह मिशन रोजगार सृजन का प्रभावी माध्यम बन सकेगा।

इसी दृष्टि से 300 से अधिक एआई स्टार्टअप्स को सहयोग देने का लक्ष्य उल्लेखनीय है। छत्तीसगढ़ में यदि स्थानीय समस्याओं पर आधारित तकनीकी समाधान विकसित होते हैं तो इससे एक नई उद्यमिता संस्कृति पैदा हो सकती है। कृषि, वन, खनन, स्वास्थ्य, शिक्षा, परिवहन, पर्यटन और स्थानीय प्रशासन जैसे क्षेत्रों में एआई के प्रयोग की व्यापक संभावनाएं हैं। प्रदेश की विशिष्ट भौगोलिक और सामाजिक परिस्थितियां भी तकनीकी नवाचार के लिए अनेक अवसर उपलब्ध कराती हैं। स्टार्टअप्स को सीड फंडिंग, क्लाउड कंप्यूटिंग, डेटा सेट, शोध परियोजनाओं और उद्योग-शैक्षणिक संस्थानों के सहयोग से जोड़ना इस इकोसिस्टम को मजबूत कर सकता है।

नवा रायपुर में लगभग 1,000 करोड़ रुपये की लागत से एआई डेटा सेंटर पार्क विकसित करने की योजना इस पूरी रणनीति का दूसरा महत्वपूर्ण पक्ष है। एआई आधारित अर्थव्यवस्था केवल प्रशिक्षित मानव संसाधन से नहीं बनती। इसके लिए डेटा सेंटर, क्लाउड कंप्यूटिंग, तेज इंटरनेट, सुरक्षित डेटा प्रबंधन और पर्याप्त डिजिटल कनेक्टिविटी जैसी आधारभूत सुविधाएं भी जरूरी हैं। यदि नवा रायपुर को एआई और डिजिटल सेवाओं के केंद्र के रूप में विकसित किया जा सका तो इससे निवेश आकर्षित करने के साथ-साथ तकनीकी कंपनियों और नई पीढ़ी के रोजगार के लिए भी अनुकूल वातावरण तैयार हो सकता है।

सरकार ने 50 से अधिक एआई आधारित सरकारी सेवाएं विकसित करने का लक्ष्य भी रखा है। यह पहल सीधे आम नागरिक के जीवन को प्रभावित कर सकती है। एआई का उपयोग यदि सरकारी योजनाओं की निगरानी, शिकायतों के विश्लेषण, दस्तावेजों की प्रक्रिया, डेटा आधारित निर्णय और सेवाओं की त्वरित डिलीवरी में किया जाता है तो प्रशासन अधिक प्रभावी हो सकता है। नागरिकों को उनकी अपनी भाषा में डिजिटल सेवाएं उपलब्ध कराने के लिए भाषिणी जैसे प्लेटफॉर्म का उपयोग इस परिवर्तन को और समावेशी बना सकता है। तकनीक का वास्तविक मूल्य तभी है जब वह नागरिक और शासन के बीच की दूरी कम करे।

लेकिन एआई आधारित शासन के साथ जिम्मेदारी भी उतनी ही बड़ी है। सरकारी सेवाओं में एआई का इस्तेमाल बढ़ने के साथ नागरिकों के डेटा की सुरक्षा, निजता और निर्णय प्रक्रिया की पारदर्शिता महत्वपूर्ण प्रश्न बनेंगे। राज्य में एआई नीति तैयार करने, डेटा सुरक्षा, तकनीकी ऑडिट और डिजिटल पर्सनल डेटा प्रोटेक्शन कानून के अनुरूप व्यवस्थाएं विकसित करने की चर्चा इसलिए स्वागतयोग्य है। एआई को मानव निर्णय का विकल्प बनाने के बजाय निर्णय प्रक्रिया को अधिक सक्षम बनाने वाले उपकरण के रूप में इस्तेमाल करना आवश्यक होगा। खासकर कल्याणकारी योजनाओं और संवेदनशील प्रशासनिक मामलों में मानवीय निगरानी बनाए रखना जरूरी होगा। मुख्यमंत्री द्वारा एआई को सुशासन, पारदर्शिता, दक्षता और जनसेवा से जोड़कर देखने की बात इसी व्यापक चुनौती की ओर संकेत करती है। विभिन्न विभागों में एआई आधारित निर्णय सहायता प्रणाली, विभागवार रोडमैप और एआई नोडल अधिकारियों की नियुक्ति जैसे प्रस्ताव तभी प्रभावी होंगे जब उनके साथ स्पष्ट जवाबदेही भी तय की जाए। केवल तकनीक स्थापित कर देने से प्रशासन स्मार्ट नहीं बनता; स्मार्ट प्रशासन वह है जो तकनीक के साथ मानवीय संवेदनशीलता और जवाबदेही को भी बनाए रखे। छत्तीसगढ़ के सामने एक और बड़ी चुनौती डिजिटल विभाजन की है। यदि एआई का लाभ केवल शहरों और बेहतर डिजिटल सुविधाओं वाले वर्ग तक सीमित रह गया तो नई तकनीक विकास की असमानता को कम करने के बजाय बढ़ा सकती है। इसलिए मोबाइल नेटवर्क, इंटरनेट कनेक्टिविटी और डिजिटल साक्षरता का विस्तार एआई मिशन का अभिन्न हिस्सा होना चाहिए। विशेषकर ग्रामीण, आदिवासी और दूरस्थ क्षेत्रों के विद्यार्थियों तथा युवाओं तक तकनीकी संसाधनों की समान पहुंच सुनिश्चित करना आवश्यक है।

छत्तीसगढ़ की एआई यात्रा को अंततः रोजगार और आय से जोड़ना होगा। मुख्यमंत्री ने वर्ल्ड लीडर्स फोरम में जिस नई अर्थव्यवस्था की बात की, उसमें युवा केवल नौकरी पाने वाले नहीं, बल्कि रोजगार पैदा करने वाले बनने की कल्पना है। यही सोच एआई मिशन की सफलता का आधार बन सकती है। यदि एक विद्यार्थी तकनीक सीखकर स्थानीय समस्या का समाधान तैयार करता है, यदि कोई युवा एआई आधारित स्टार्टअप शुरू करता है, यदि किसान को बेहतर कृषि सलाह मिलती है, यदि सरकारी सेवा के लिए नागरिक को कार्यालयों के चक्कर नहीं लगाने पड़ते और यदि छोटे उद्योग एआई के माध्यम से अपनी उत्पादकता बढ़ाते हैं, तो तकनीकी परिवर्तन का वास्तविक अर्थ सामने आएगा।

छत्तीसगढ़ के लिए एआई इसलिए केवल भविष्य की तकनीक नहीं, बल्कि विकास की नई भाषा बनने की संभावना रखता है। 500 करोड़ रुपये का एआई मिशन, 100 एआई डेटा लैब, पांच सेंटर ऑफ एक्सीलेंस, 300 से अधिक स्टार्टअप्स को सहयोग, 7.5 लाख लोगों का प्रशिक्षण, 50 से अधिक एआई आधारित सरकारी सेवाएं और नवा रायपुर में डेटा सेंटर पार्क जैसी योजनाएं मिलकर एक व्यापक दिशा प्रस्तुत करती हैं।

अब आवश्यकता इन महत्वाकांक्षी लक्ष्यों को जमीन पर उतारने की है। योजनाओं की घोषणा से अधिक महत्वपूर्ण उनका प्रभावी क्रियान्वयन, पारदर्शी निगरानी और परिणामों का मूल्यांकन होगा। छत्तीसगढ़ के पास युवा आबादी, प्राकृतिक संसाधन और विकास की संभावनाओं के साथ अब तकनीकी परिवर्तन का अवसर भी है। यदि एआई को शिक्षा, कौशल, रोजगार, उद्यमिता, उद्योग और सुशासन के साथ सही ढंग से जोड़ा गया तो यह प्रदेश की आर्थिक पहचान को बदलने वाला माध्यम बन सकता है।

खनिज संपदा ने छत्तीसगढ़ को औद्योगिक पहचान दी है; अब ज्ञान और कृत्रिम बुद्धिमत्ता उसे नई आर्थिक पहचान दे सकती है। चुनौती यह सुनिश्चित करने की है कि इस नई तकनीकी यात्रा का लाभ केवल कुछ संस्थानों या कंपनियों तक सीमित न रहे, बल्कि गांव के विद्यार्थी, युवा उद्यमी, किसान, कर्मचारी और सामान्य नागरिक भी इसके सहभागी बनें। तभी छत्तीसगढ़ की एआई यात्रा वास्तव में नई अर्थव्यवस्था, नए अवसर और समावेशी विकास की यात्रा बन सकेगी।

### भोपालपटनम सहकारी बैंक में नकदी संकट की शिकायत, किसानों के हाथ में बोर्ड-'आज पैसा नहीं है'

# चार-पांच दिन से बैंक के चक्कर, फिर भी नहीं मिल रही धान की राशि!

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बीजापुर/भोपालपटनम, 16 सितंबर।** जिले के भोपालपटनम ब्लॉक मुख्यालय स्थित जिला सहकारी बैंक में नकदी उपलब्धता को लेकर किसानों की परेशानी बढ़ती जा रही है। किसानों का कहना है कि पिछले 4-5 दिनों से बैंक में पर्याप्त नकदी नहीं मिल रही है, जिसके चलते धान की राशि निकालने के लिए पहुंच रहे किसानों को निराश होकर वापस लौटना पड़ रहा है।किसानों के मुताबिक वे रोजाना बैंक पहुंचते हैं, लेकिन कभी 'आज पैसा नहीं है, कल आना' कहकर वापस भेज दिया जाता है तो कभी नाममात्र की राशि मिलने की बात सामने आती है। कई किसानों का कहना है कि वे दूरदराज के गांवों से किराया और समय खर्च कर बैंक पहुंचते हैं, लेकिन भुगतान नहीं होने के कारण उन्हें खाली हाथ लौटना पड़ता है।



### बैंक के बाहर लगा बोर्ड, किसान मायूस

बैंक के बाहर नकदी उपलब्ध नहीं होने की सूचना चस्पा किए जाने की बात भी सामने आई है। ऐसे में अपनी ही जमा राशि निकालने के लिए बैंक पहुंचने वाले ग्रामीणों को मायूसी हाथ लग रही है। किसानों का कहना है कि जब उनके खाते में धान की राशि उपलब्ध है, तो अपनी जरूरत के समय वह पैसा निकालने के लिए उन्हें कई दिनों तक बैंक के चक्कर क्यों लगाने पड़ रहे हैं? किसानों ने बैंक प्रबंधन से जल्द नकदी की व्यवस्था कर भुगतान सुचारु करने की मांग की है।

### एसबीआई से नकदी मिलने पर निर्भर भुगतान?

स्थानीय स्तर पर मिली जानकारी के अनुसार सहकारी बैंक में नकदी की आपूर्ति एसबीआई से राशि मिलने के बाद होने की बात कही जा रही है। किसानों का दावा है कि एसबीआई में भी पर्याप्त नकदी उपलब्ध नहीं होने की जानकारी दी जा रही है। हालांकि, इस व्यवस्था और नकदी संकट के वास्तविक कारण की आधिकारिक पुष्टि बैंक प्रबंधन की ओर से नहीं की गई है।

### 'जरूरत के समय अपना पैसा भी नहीं निकाल पा रहे'

किसानों का कहना है कि बैंक में पैसा रखने का उद्देश्य यही है कि जरूरत पड़ने पर वह आसानी से उपलब्ध हो। लेकिन यदि कई दिनों तक राशि निकालने के लिए बैंक के चक्कर लगाने पड़ें तो ग्रामीणों की परेशानी समझी जा सकती है।किसानों ने सवाल उठाते हुए कहा कि बैंकिंग व्यवस्था में आखिर ऐसी स्थिति क्यों बन रही है कि खाताधारक को अपनी ही राशि के लिए बार-बार बैंक पहुंचना पड़ रहा है? उन्होंने संबंधित अधिकारियों से मामले का संज्ञान लेकर तत्काल समाधान की मांग की है।कब तक खत्म होगी किसानों की परेशानीलगातार कई दिनों से भुगतान नहीं होने की शिकायत के बीच अब किसानों की नजर बैंक प्रबंधन और संबंधित अधिकारियों की कार्रवाई पर है। किसानों को उम्मीद है कि जल्द नकदी की व्यवस्था होगी और धान की राशि का भुगतान सामान्य रूप से शुरू हो सकेगा। खबर लिखे जाने तक बैंक प्रबंधन की ओर से नकदी संकट और किसानों की शिकायतों पर कोई आधिकारिक बयान प्राप्त नहीं हुआ था। बैंक प्रबंधन का पक्ष प्राप्त होने पर उसे भी प्रमुखता से प्रकाशित किया जाएगा।

## समाचार संक्षेप

### जॉब फ्रॉड और फिशिंग से बचाव को लेकर पुलिस ने युवाओं व श्रमिकों को किया जागरूक



**बीजापुर 16 सितंबर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** पुलिस द्वारा साइबर जागृति अभियान के तहत जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में जॉब फ्रॉड और फिशिंग से बचाव को लेकर विशेष जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के दौरान युवाओं और श्रमिकों को फर्जी नौकरी, ऑनलाइन जॉब ऑफर और फर्जी भर्ती एजेंसियों के जरिए होने वाली साइबर ठगी के प्रति सतर्क किया जा रहा है।पुलिस ने लोगों को समझाइश दी कि नौकरी के नाम पर रजिस्ट्रेशन, वेरिफिकेशन, डॉक्यूमेंट वेरिफिकेशन या सिक्योरिटी डिपॉजिट के नाम पर किसी अनजान व्यक्ति को पैसे न दें। किसी भी नौकरी के ऑफर पर भरोसा करने से पहले संबंधित कंपनी या संस्था की आधिकारिक वेबसाइट और विश्वसनीय माध्यमों से उसकी सत्यता जांचने की सलाह दी गई।साथ ही सोशल मीडिया या मैसेजिंग प्लेटफॉर्म पर मिलने वाले संदिग्ध लिंक, त्क्र कोड और वेबसाइट पर क्लिक करने से बचने तथा ह्ञक्, ञरूक्ूह, क्ष् क्ूह, पासवर्ड और बैंक संबंधी गोपनीय जानकारी किसी के साथ साझा नहीं करने की समझाइश दी गई।अभियान के दौरान पंपलेट वितरण, साइबर सुरक्षा शपथ और जागरूकता संदेशों के माध्यम से लोगों को साइबर अपराधों से बचाव की जानकारी दी जा रही है। पुलिस ने बताया कि साइबर ठगी होने पर तत्काल राष्ट्रीय साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930 पर शिकायत करें और संबंधित बैंक को भी सूचना दें। पुलिस के अनुसार समय पर शिकायत करने से ठगी की राशि को रोकने की संभावना बढ़ सकती है।बीजापुर पुलिस द्वारा जिले के सभी थाना क्षेत्रों में साइबर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित कर नागरिकों को सुरक्षित डिजिटल व्यवहार अपनाने के लिए प्रेरित किया जा रहा है।

### 25 वर्षों की राष्ट्रसेवा को हजारों दीपों से सलाम बीजापुर में होगा दीप प्रज्वलन कार्यक्रम

**बीजापुर 16 सितंबर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सार्वजनिक जीवन में 25 वर्षों की राष्ट्रसेवा के प्रति आभार व्यक्त करने के उद्देश्य से बीजापुर में भव्य दीप प्रज्वलन



कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। इसके साथ ही एक महीने तक सेवा संकल्प अभियान के तहत विभिन्न सामाजिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।भाजपा जिला महामंत्री एवं कार्यक्रम संयोजक फूलचंद गागड़ा ने बताया कि 17 सितंबर को दीप प्रज्वलित कर प्रधानमंत्री के सेवा कार्यों और राष्ट्र निर्माण में योगदान के प्रति सम्मान एवं आभार व्यक्त किया जाएगा। उन्होंने कहा कि यह आयोजन बीजापुर सहित देशभर में आयोजित किया जा रहा है।गागड़ा ने बताया कि सेवा संकल्प अभियान 17 सितंबर से 17 अक्टूबर तक चलेगा। अभियान के दौरान युवा मोर्चा द्वारा रक्तदान शिविर, स्वच्छता अभियान, 'एक पेड़ मां के नाम' पौधारोपण सहित विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।इसके अलावा केंद्र सरकार की योजनाओं के लाभार्थियों के साथ विशेष संवाद और सम्मान समारोह भी आयोजित किए जाएंगे। कार्यक्रमों के माध्यम से सेवा और जनभागीदारी की भावना को बढ़ावा देने का प्रयास किया जाएगा।कार्यक्रम संयोजक फूलचंद गागड़ा ने जिले के प्रबुद्ध नागरिकों, युवाओं, मातृशक्ति और भाजपा कार्यकर्ताओं से 17 सितंबर को निर्धारित स्थल पर पहुंचकर दीप प्रज्वलित करने और कार्यक्रम में सहभागी बनने की अपील की है।

### वन अधिकार समिति ने 569 वन अधिकार दावों का किया अनुमोदन



**बीजापुर 16 सितंबर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** जिला स्तरीय वन अधिकार समिति की बैठक में जिले के 569 वन अधिकार दावों का अनुमोदन किया गया। बैठक कलेक्टर एवं जिला स्तरीय वन अधिकार समिति के अध्यक्ष विश्वदीप की अध्यक्षता में आयोजित हुई।बैठक में उपखंड स्तरीय वन अधिकार समितियों से प्राप्त दावों का परीक्षण किया गया। इनमें भैरमगढ़ अनुभाग के 277, उसूर अनुभाग के 286 और भोपालपटनम अनुभाग के 6 आवेदन शामिल थे। समिति ने परीक्षण के बाद सभी 569 पात्र दावों को अनुमोदित किया।बैठक में सीईओ जिला पंचायत नम्रता चौबे, अपर कलेक्टर भूपेन्द्र कुमार अग्रवाल, संयुक्त कलेक्टर जागेश्वर कौशल, वन विभाग के अधिकारियों सहित जिला स्तरीय समिति के सदस्य मौजूद रहे।यह प्रक्रिया अनुसूचित जनजातीय और अन्य परंपरागत वन निवासी (वन अधिकारों की मान्यता) अधिनियम, 2006 तथा संबंधित नियमों के तहत की गई।

### सेवा संकल्प अभियान के तहत घर-घर जलेगा 'सेवा संकल्प का दीया'



**बीजापुर 16 सितंबर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** जिले में सेवा, समर्पण और जनभागीदारी की भावना को बढ़ावा देने के लिए सेवा संकल्प अभियान 2026 का आयोजन 17 सितंबर से 17 अक्टूबर तक किया जाएगा। अभियान के तहत जिलेभर में 2 लाख से अधिक दीप प्रज्वलित करने की तैयारी है।अभियान का मुख्य कार्यक्रम 17 सितंबर को बीजापुर के मिनी स्टेडियम में आयोजित होगा। इस दौरान बड़ी संख्या में दीप जलाकर सेवा, समर्पण और विकास का संकल्प लिया जाएगा। ग्रामीण और नगरीय क्षेत्रों में भी लोग अपने घरों में दीप जलाकर अभियान से जुड़ेंगे।सीईओ ने तैयारियों की समीक्षा की-मुख्य कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर सीईओ जिला पंचायत एवं नोडल अधिकारी नम्रता चौबे ने अधिकारियों की समीक्षा बैठक ली। उन्होंने विभागों को सौंपे गए दायित्वों, जनभागीदारी और दीप प्रज्वलन सहित अन्य व्यवस्थाओं की जानकारी ली। बैठक के बाद उन्होंने मिनी स्टेडियम पहुंचकर कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण किया। मंच, बैठक व्यवस्था, सुरक्षा, स्वच्छता, पेयजल और दीप प्रज्वलन स्थल की तैयारियों का जायजा लेते हुए अधिकारियों को समय पर सभी व्यवस्थाएं पूरी करने के निर्देश दिए।अभियान को सफल बनाने के लिए जिले के विकासखंडों, ग्राम पंचायतों, नगरीय क्षेत्रों और सामाजिक संगठनों की सहभागिता सुनिश्चित की जा रही है। अभियान के माध्यम से ÷सेवा से संकल्प और संकल्प से विकास÷ की भावना को मजबूत करने का प्रयास किया जाएगा।

## एक नजर

### 17 सितंबर से 17 अक्टूबर तक जिले में होंगे विभिन्न जनभागीदारी पर आधारित कार्यक्रम

**कांकेर, 16 सितंबर।** जिले में 17 सितंबर से 17 अक्टूबर तक आयोजित होने वाले सेवा संकल्प अभियान के सफल क्रियान्वयन को लेकर आज जिले के प्रभारी मंत्री एवं उपमुख्यमंत्री छत्तीसगढ़ शासन श्री अरुण साव ने वर्चुअल माध्यम से समीक्षा बैठक ली। बैठक में कांकेर लोकसभा क्षेत्र के सांसद श्री भोजराज नाग, विधायक कांकेर श्री आशाराम नेताम, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती किरण नरेटी भी वर्चुअल माध्यम से जुड़े।कलेक्टर श्री कुन्दन कुमार जिला पंचायत के सभाकक्ष में जिले के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ बैठक में शामिल हुए। उन्होंने प्रभारी मंत्री श्री अरुण साव के समक्ष जिले में सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत प्रस्तावित कार्यक्रमों की रूपरेखा प्रस्तुत की तथा 17 सितंबर से 17 अक्टूबर तक आयोजित होने वाली विभिन्न गतिविधियों एवं जनभागीदारी कार्यक्रमों की संक्षिप्त जानकारी दी। बैठक में प्रभारी मंत्री श्री अरुण साव ने 02 अक्टूबर गांधी जयंती के अवसर पर स्वच्छता के प्रति जनजागरूकता बढ़ाने के लिए सभी स्कूलों में विशेष गतिविधियां आयोजित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि विद्यालय खुलने के पश्चात प्राथमिक से लेकर उच्चतर माध्यमिक स्तर तक के विद्यालयों में विद्यार्थियों को स्वच्छता के महत्व की जानकारी दी जाए तथा उन्हें स्वच्छता की शपथ दिलाई जाए। विद्यार्थियों को स्वयं स्वच्छ रहने के साथ-साथ अपने आसपास के लोगों को भी स्वच्छता के प्रति जागरूक और प्रेरित करने के लिए प्रोत्साहित किया जाए, ताकि स्वच्छता के प्रति व्यापक जन जागरूकता विकसित हो सके। उन्होंने सेवा संकल्प अभियान के दौरान आयोजित होने वाले कार्यक्रमों में अधिक से अधिक जनभागीदारी सुनिश्चित करने तथा अभियान को प्रभावी ढंग से क्रियान्वित करने पर जोर दिया।

### किसानों को गुणवत्तापूर्ण कृषि आदान उपलब्ध कराने सख्ती

**बालोद, 16 सितंबर ।** मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय की संवेदनशील पहल के अनुरूप किसानों को गुणवत्तापूर्ण एवं मानक कृषि आदान उपलब्ध कराने के लिए जिला प्रशासन लगातार प्रयासरत है। इसी क्रम में कलेक्टर श्रीमती दिव्या उमेश मिश्रा के निर्देशानुसार कृषि विभाग द्वारा जिले में कीटनाशी विक्रय केंद्रों की जांच तेज कर दी गई है। जांच के दौरान अनियमितता पाए जाने पर संबंधित कृषि केंद्र संचालकों के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई की जा रही है।कृषि विभाग द्वारा खरीफ वर्ष 2026 में किसानों को गुणवत्तापूर्ण कीटनाशी उपलब्ध कराने के उद्देश्य से कृषि केंद्रों का निरीक्षण किया जा रहा है। निरीक्षण के दौरान विकासखंड डौंडी के ग्राम चिखली स्थित पूर्णानंद कृषि केंद्र, विकासखंड गुंडरदेही के ग्राम मोहंदीपाट स्थित ठाकुर कृषि केंद्र, ग्राम राहुद स्थित जय किसान कृषि केंद्र, विकासखंड डौंडीलोहारा के ग्राम सोरली स्थित जलेश्वर कृषि केंद्र, विकासखंड गुरूर के ग्राम सोरर स्थित ठाकुरदेव कृषि केंद्र तथा विकासखंड बालोद के ग्राम निपानी स्थित चन्द्राकर कृषि केंद्र के कीटनाशी लाइसेंस निरस्त किए गए हैं। वहीं विकासखंड गुंडरदेही के ग्राम अर्जुन्दा स्थित संतोषी कृषि केंद्र के लाइसेंस को निलंबित करने की कार्रवाई की गई है।

### आशीर्वाद के दीयों से रोशन होगा छत्तीसगढ़ : विजय शर्मा

**बालोद, 16 सितंबर।** 'सेवा संकल्प अभियान' को प्रदेशव्यापी जनभागीदारी का अभियान बनाने के उद्देश्य से उप मुख्यमंत्री एवं पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री विजय शर्मा ने मंगलवार को अटल नगर, नवा रायपुर स्थित महानदी भवन से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से सभी जिलों के जिला पंचायत अधिकारियों के साथ बैठक की। उन्होंने 17 सितंबर को आयोजित होने वाले 'आशीर्वाद का दीया' कार्यक्रम की तैयारियों की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इस वर्चुअल बैठक में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री सुनील चंद्रवंशी, संयुक्त कलेक्टर श्रीमती मधुहर्ष सहित जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारीगण उपस्थित रहे। बैठक में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री सुनील चंद्रवंशी ने जानकारी दी कि जिले में 10 लाख दीये प्रज्वलित करने का लक्ष्य रखा गया है और जिला स्तर पर 01 लाख दीया जलाने का लक्ष्य रखा गया है। साथ ही सभी ग्रामीण क्षेत्र के सभी घरों और सभी संस्थागत सभी अमृत सरोवर तथा प्रधानमंत्री आवास आदि स्थानों पर दीये जलाए जाएंगे। बैठक में उप मुख्यमंत्री श्री शर्मा ने कहा कि 'आशीर्वाद का दीया' केवल एक कार्यक्रम नहीं, बल्कि सेवा, सुशासन और विकसित भारत के संकल्प को जन-जन तक पहुंचाने वाला जनभागीदारी का अभियान है। उन्होंने कहा कि 17 सितंबर को प्रदेशभर में लोग अपने-अपने स्थानों पर दीप प्रज्वलित कर प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी की 25 वर्षों की राष्ट्रसेवा के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करेंगे ।

## इलमिड़ी थाना को मिला नया भवन, एसपी उमेश प्रसाद गुप्ता ने किया लोकार्पण



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बीजापुर 16 सितंबर।** अपराध नियंत्रण और माओवादी गतिविधियों पर प्रभावी अंकुश लगाने के उद्देश्य से स्थापित थाना इलमिड़ी को अब नया थाना भवन मिल गया है। छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मंडल द्वारा निर्मित नवीन थाना भवन का सोमवार को पुलिस अधीक्षक बीजापुर उमेश प्रसाद गुप्ता ने विधिवत लोकार्पण किया।थाना इलमिड़ी की स्थापना नवंबर 2016 में की गई थी। नवीन भवन में पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों के लिए बेहतर कार्य वातावरण के साथ आमजन को पुलिस संबंधी सेवाएं आसानी से उपलब्ध कराने के लिए आवश्यक बुनियादी सुविधाएं विकसित की गई हैं।

भवन में हेल्प डेस्क, विश्राम कक्ष, थाना प्रभारी कक्ष, मालखाना, बंदीगृह, रोजनामचा कक्ष और दिवस अधिकारी कक्ष सहित अन्य आवश्यक कक्षों की व्यवस्था की गई है। अधिकारियों के अनुसार नए भवन से पुलिसकर्मियों की कार्यक्षमता बढ़ने के साथ क्षेत्र के लोगों को पुलिसिंग सुविधाएं अधिक सुगमता और प्रभावी तरीके से मिल सकेंगी।लोकार्पण कार्यक्रम में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ऑप्स रविन्द्र कुमार मीणा, थाना प्रभारी रितेश कंवर, 9वीं वाहिनी सीसी शम्भूनाथ मिश्रा, इलमिड़ी के गणमान्य नागरिक तथा पुलिस विभाग के अधिकारी-कर्मचारी मौजूद रहे।

### सेवा संकल्प अभियान में 17 सितंबर को होगा 'आशीर्वाद का दीया' कार्यक्रम

**बालोद, 16 सितंबर ।** सेवा संकल्प अभियान 2026 के अंतर्गत जिले में 'आशीर्वाद का दीया' कार्यक्रम का आयोजन 17 सितंबर 2026 को किया जाएगा। कार्यक्रम का उद्देश्य जनसेवा के प्रति आभार व्यक्त करने, विकसित भारत 2047 के सामूहिक संकल्प को मजबूत करने तथा केंद्र एवं राज्य शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी प्रत्येक नागरिक तक पहुंचाना है। साथ ही, परिवारों की सहभागिता के साथ व्यापक जनभागीदारी सुनिश्चित की जाएगी।कलेक्टर श्रीमती दिव्या उमेश मिश्रा के निर्देशानुसार कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए हैं। जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय द्वारा जारी निर्देश के अनुसार 17 सितंबर को शाम 6:30 बजे से 7:30 बजे तक स्वर्गीय सरयू प्रसाद अग्रवाल स्टेडियम, बालोद में जिला स्तरीय 'आशीर्वाद का दीया' कार्यक्रम आयोजित होगा।कार्यक्रम में दीप प्रज्वलन के माध्यम से जनसेवा, जनभागीदारी और विकसित भारत के संकल्प का संदेश दिया जाएगा। कार्यक्रम की आवश्यक तैयारियों के लिए जिले के समस्त व्यायाम शिक्षकों, विकासखंड बालोद के नगरीय क्षेत्र के विद्यालयों के शिक्षकों, जिले के समस्त लिपिक एवं भृत्य तथा विकासखंड बालोद के रेडक्रॉस, एनएसएस, एनसीसी, स्काउट गाइड और इको क्लब के प्रभारी शिक्षक एवं छात्र-छात्राओं की सहभागिता सुनिश्चित की गई है।

## शिक्षकों के जिला मुख्यालय में रहने की शिकायत, डिजिटल अटेंडेंस और वास्तविक उपस्थिति का हो मिलान:विजय झाड़ी

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बीजापुर 16 सितम्बर।** जिले में शिक्षकों की पदस्थापना और विद्यालयों में वास्तविक उपस्थिति को लेकर सवाल उठे हैं। अंतर्राष्ट्रीय मानव अधिकार रक्षक, बीजापुर के जिला अध्यक्ष विजय झाड़ी ने जिला प्रशासन से मामले की जांच कराने की मांग की है।झाड़ी का आरोप है कि कुछ शिक्षक अपनी पदस्थापना वाले ग्रामीण एवं दूरस्थ विद्यालयों के बजाय जिला मुख्यालय में कार्यरत बताए जा रहे हैं। हालांकि, इन आरोपों की स्वतंत्र रूप से पुष्टि नहीं हुई है। ऐसे में संबंधित शिक्षकों की पदस्थापना, कार्यस्थल और उपस्थिति की आधिकारिक जांच से ही वास्तविक स्थिति स्पष्ट हो सकेगी।



### डिजिटल अटेंडेंस की भी जांच की मांग

जिले में डिजिटल साइन अटेंडेंस व्यवस्था लागू होने के मद्देनजर शिकायतकर्ता ने संबंधित शिक्षकों के डिजिटल उपस्थिति रिकॉर्ड का विद्यालयों में दर्ज वास्तविक उपस्थिति से मिलान कराने की मांग की है। उनका कहना है कि यदि किसी शिक्षक की पदस्थापना दूरस्थ क्षेत्र के विद्यालय में है, तो वहां नियमित शिक्षकों की उपलब्धता सुनिश्चित होना जरूरी है, ताकि विद्यार्थियों की पढ़ाई प्रभावित न हो।

### कलेक्टर के निर्देशों के पालन पर भी सवाल

विजय झाड़ी ने यह भी सवाल उठाया है कि शासन और जिला प्रशासन द्वारा जारी निर्देशों का जमीनी स्तर पर कितना पालन हो रहा है। उन्होंने प्रशासन से दस्तावेजों के आधार पर स्थिति स्पष्ट करने और यदि किसी स्तर पर नियमों का उल्लंघन सामने आता है तो नियमानुसार कार्रवाई करने की मांग की है।

### जांच के बाद ही स्पष्ट होगी वास्तविक स्थिति

- संबंधित शिक्षकों की मूल पदस्थापना कहां है?
- डिजिटल अटेंडेंस में उनकी उपस्थिति कहां दर्ज हो रही है?
- पदस्थापित विद्यालय में उनकी वास्तविक भौतिक उपस्थिति कितनी है?

इन रिकॉर्डों के मिलान के बाद ही यह स्पष्ट हो सकेगा कि लगाए गए आरोपों में कितनी वास्तविकता है।

अब देखना होगा कि जिला प्रशासन इस शिकायत पर क्या कार्रवाई करता है और जांच के माध्यम से स्थिति को किस तरह स्पष्ट किया जाता है।

### धान और अरहर फसल में किसान रखें विशेष सावधानी

**बालोद, 16 सितंबर ।** आगामी दिनों में मध्यम बादल छाए रहने के साथ हल्की से मध्यम वर्षा की संभावना को देखते हुए कृषि विज्ञान केन्द्र, बालोद ने किसानों को धान एवं अरहर की फसल में विशेष सावधानी बरतने की सलाह दी है। केन्द्र ने किसानों से कहा है कि कीटनाशक एवं कवकनाशी का छिड़काव मौसम साफ रहने पर ही करें। साथ ही दवाओं का उपयोग फसल में रोग-कीट की वास्तविक स्थिति और आर्थिक क्षति स्तर के आधार पर करने की सलाह दी गई है। वर्तमान में धान की फसल गभोट एवं बाली निकलने की अवस्था में है। गभोट अवस्था में नत्रजन की तीसरी मात्रा के रूप में 50 किलोग्राम यूरिया प्रति हेक्टेयर की दर से टॉप ड्रेसिंग की जा सकती है। धान में भूरा माहू का प्रकोप दिखाई देने पर पाइमेट्रोजिन 50 डब्ल्यू.जी. 300 ग्राम अथवा थायामेथोक्साम 25 प्रतिशत डब्ल्यू.जी. 100 ग्राम प्रति हेक्टेयर की दर से 500 लीटर पानी में घोलकर छिड़काव करने की सलाह दी गई है।

## नरहरदेव विद्यालय के खेल मैदान 51 हजार दीपों से होगा जगमग



**कांकेर, 16 सितम्बर ।** नरहरदेव विद्यालय के खेल मैदान में एक साथ 51 हजार दीप जगमगाएंगे। सेवा संकल्प अभियान के तहत 17 सितम्बर को सायंकाल 07 बजे आर्शीवाद का दीया कार्यक्रम रखा गया है, जिसमें जिले के जनप्रतिनिधि, गणमान्य नागरिकों के साथ आम जनता भी शामिल होंगे। कार्यक्रम की तैयारी के लिए जिला पंचायत सीईओ श्री हरेश मण्डावी सहित विभिन्न विभागों के जिला स्तरीय अधिकारियों ने आज सुबह नरहरदेव हायर सेकेण्डरी मैदान का निरीक्षण कर आवश्यक तैयारियां प्रारंभ कर दी है। इस अभियान के तहत जिले के सभी विकासखण्डों में भी आर्शीवाद का दीया कार्यक्रम रखा गया है। भानुप्रतापपुर के पीएमश्री विद्यालय, दुर्गूकोंदल के दुर्गा मंच, चारामा विकासखण्ड के पीएमश्री विद्यालय, कोयलीबेड़ा के हाई स्कूल मैदान, अंतागढ़ के उन्मुक्त खेल मैदान और नरहरपुर के उन्मुक्त खेल मैंदान में कार्यक्रम अयोजित किया जाकर एक साथ आर्शीवाद का दीया जलाया जाएगा। इसी प्रकार नगर पालिका परिषद कांकेर अंतर्गत अटल परिसर, गुंडाधूर चौक, ऊपर-नीचे रोड़ और पीजी कॉलेज में भी आर्शीवाद का दीया जलाया जाएगा।

जिले के महत्वपूर्ण स्थलों जैसे-अमृत भारत स्टेशन, पुनर्वास केन्द्र मुल्ला, पीएमश्री विद्यालय चारामा, केन्द्रीय विद्यालय सिंगारभाट, नवोदन विद्यालय करप, पीजी कॉलेज कांकेर, कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय अंतागढ़, जंगलवार कॉलेज सिंगारभाट, मावा मोदोल लाइब्रेरी कांकेर और पोस्ट ऑफिस कांकेर में आर्शीवाद का दीया जलाया जाएगा। जिले के सभी विकासखण्डों के पांच-पांच ग्राम पंचायतों के सभी घरों में आर्शीवाद का दीया जलाने का लक्ष्य रखते हुए प्रशासन द्वारा सभी परिवारों को अपने घरों में दिया जलाने की अपील की गई है। कांकेर विकासखण्ड के ग्राम पंचायत डुमाली, ग्राम पंचायत गोविंदपुर, ग्राम पंचायत माकड़ी सिंगराय, ग्राम पंचायत तेलावट और ग्राम पंचायत गोतपुर। इसी प्रकार नरहरपुर विकासखण्ड में महाविद्यालय नरहरपुर, एकलव्य विद्यालय मे भी आर्शीवाद का दीया जलाया जाएगा।

## महतारी वंदन योजना बनी 70 वर्षीय हिरो बाई का सहारा



**कांकेर, 16 सितंबर ।** मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में राज्य शासन द्वारा महिलाओं के आर्थिक सशक्तिकरण और उनके जीवन में स्थायी राहत पहुंचाने के उद्देश्य से संचालित महतारी वंदन योजना जरूरतमंद महिलाओं के लिए निरंतर सहारा बन रही है। योजना के माध्यम से मिलने वाली आर्थिक सहायता से जिले के ग्रामीण और दूरस्थ क्षेत्रों की महिलाओं को अपनी दैनिक आवश्यकताओं को पूरा करने में मदद मिल रही है।

इसी क्रम में कांकेर जिले के कोयलीबेड़ा विकासखंड के सुदूर अंचल के ग्राम तुरसानी निवासी 70 वर्षीय हिरो बाई गावड़े भी महतारी वंदन योजना से लाभान्वित हो रही हैं। हिरो बाई अपने घर पर अकेली रहती हैं। उम्र बढ़ने के साथ रोजमर्रा की जरूरतों को पूरा करना उनके लिए आसान नहीं है। ऐसे समय में महतारी वंदन योजना के तहत मिलने वाली राशि उनके लिए आर्थिक संबल का महत्वपूर्ण माध्यम बनी हुई है। योजना की सहायता से वे अपनी छोटी-बड़ी आवश्यकताओं को पूरा कर बिना किसी पर पूरी तरह निर्भर हुए अपना दैनिक जीवन सुचारू रूप से चला पा रही हैं।

हिरो बाई बताती हैं कि योजना से मिलने वाली राशि का उपयोग वे अपनी जरूरत के अनुसार तेल, साबुन, सब्जी, दवाइयां और अन्य आवश्यक घरेलू सामान खरीदने में करती हैं। उनके लिए यह राशि केवल आर्थिक सहायता नहीं है, बल्कि अपने जीवन की जरूरी चीजों को समय पर जुटाने का एक महत्वपूर्ण सहारा है। उम्रदराज होने के कारण जब कभी दवाइयों या घरेलू उपयोग की वस्तुओं की आवश्यकता होती है, तब योजना की राशि उनके काफी काम आती है। वे कहती हैं कि पहले रोजमर्रा की छोटी-छोटी जरूरतों के लिए भी चिंता रहती थी, लेकिन अब योजना से मिलने वाली सहायता से उन्हें काफी राहत महसूस होती है।

**एक नजर**

### सेवा संकल्प अभियान की शुरुआत 17 सितंबर से, घर-घर जलेगा 'आशीर्वाद का दिया'

**रायगढ़, 16 सितम्बर।** प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के सेवा एवं समर्पण के 25 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में 17 सितंबर से 'सेवा संकल्प अभियान' का शुभारंभ किया जाएगा। अभियान की शुरुआत 'आशीर्वाद का दिया' कार्यक्रम से होगी, जिसके माध्यम से जनभागीदारी के साथ 25 वर्षों की जनसेवा के प्रति आभार व्यक्त किया जाएगा।'आशीर्वाद का दिया' के तहत शासन की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं से लाभान्वित हितग्राही अपने घरों में दीप प्रज्वलित करेंगे। यह दीप प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी की 25 वर्षों की जनसेवा के प्रति आभार, शुभकामनाओं और सेवा-सुशासन के प्रति विश्वास का प्रतीक होगा।अभियान के माध्यम से अधिक से अधिक हितग्राहियों एवं नागरिकों को जोड़कर विकसित भारत //2047 के सामूहिक संकल्प को जनभागीदारी से मजबूत करने का प्रयास किया जाएगा। घर-घर प्रज्वलित होने वाला प्रत्येक दीप विकसित भारत के निर्माण में नागरिकों की सहभागिता और संकल्प का संदेश देगा। जिलेवासियों से अपील की गई है कि 17 सितंबर को अपने घर में 'आशीर्वाद का दिया' प्रज्वलित कर इस जनभागीदारी अभियान का हिस्सा बनें। सेवा, सुशासन और विकसित भारत के संकल्प के साथ जलाया गया प्रत्येक दीप इस अभियान को जन-जन का अभियान बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

### लोक गायिका मेघा बोस ताम्रकार ने मनमोहक प्रस्तुति से मोहा दर्शकों का मन



**रायगढ़, 16 सितम्बर।** रायगढ़ के रामलीला मैदान में आयोजित अंतर्राष्ट्रीय ख्याति प्राप्त चक्रधर समारोह में रायपुर की प्रसिद्ध लोक गायिका मेघा बोस ताम्रकार ने छत्तीसगढ़ी लोक संगीत की विविध विधाओं की मनमोहक प्रस्तुतियों से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। उनकी सुमधुर आवाज और प्रभावी प्रस्तुति ने कार्यक्रम में लोक संस्कृति की जीवंत छटा बिखेर दी।मेघा बोस ताम्रकार ने गुरु चंदना सेन एवं कृष्ण कुमार पाटिल के सानिध्य में संगीत की साधना की है। महज 6 वर्ष की आयु से ही संगीत के क्षेत्र में सक्रिय मेघा कथक नृत्य में भी विशारद हैं। उन्होंने राज्योत्सव, राजभवन, फिल्म फेस्टिवल्स एवं पावस प्रसंग सहित अनेक प्रतिष्ठित मंचों पर अपनी प्रस्तुतियां दी हैं। दूसरे दिन उन्होंने छत्तीसगढ़ी लोक संगीत की विविध विधाओं को अपनी विशिष्ट गायन शैली में प्रस्तुत किया। लोक धुनों और पारंपरिक संगीत की मिठास से सजी उनकी प्रस्तुति पर दर्शकों ने उत्साहपूर्वक तालियां बजाकर कलाकार का उत्साहवर्धन किया।

### चक्रधर समारोह में बाल कथक नृत्यांगना अनुष्का सुल्तानिया ने मोहा मन



**रायगढ़, 16 सितम्बर।** प्रतिष्ठित चक्रधर समारोह के दूसरे दिन रायपुर की बाल कथक नृत्यांगना अनुष्का सुल्तानिया ने अपनी भावपूर्ण प्रस्तुति, लयबद्ध पदचाप और आकर्षक नृत्याभिव्यक्ति से दर्शकों का मन मोह लिया। कम उम्र से ही कथक की साधना कर रहीं अनुष्का ने अपनी प्रतिभा के बल पर कला जगत में विशेष पहचान बनाई है। उन्हें अब तक शास्त्रीय नृत्य एवं कला के क्षेत्र में कई प्रतिष्ठित पुरस्कार एवं सम्मान प्राप्त हो चुके हैं। इनमें नाट्य नर्तक अवार्ड, राधा रानी अवार्ड, पुरी नाट्य धरोहर सम्मान, श्रीहरि निकेतन सम्मान और कुशवाल महोत्सव सम्मान प्रमुख हैं। चक्रधर समारोह के ऐतिहासिक मंच पर अनुष्का की मनमोहक कथक प्रस्तुति को कला प्रेमियों और उपस्थित दर्शकों ने करतल ध्वनि से सराहा।

### राज्यसभा सांसद देवेंद्र प्रताप सिंह ने दीप प्रज्वलित कर किया चक्रधर समारोह के दूसरे दिन का शुभारंभ



**रायगढ़, 16 सितम्बर।** महाराजा चक्रधर सिंह की कला साधना और रायगढ़ की समृद्ध सांस्कृतिक परंपरा को समर्पित 41वें अंतर्राष्ट्रीय चक्रधर समारोह-2026 के दूसरे दिन के कार्यक्रमों का शुभारंभ राज्यसभा सांसद श्री देवेंद्र प्रताप सिंह ने दीप प्रज्वलित कर किया। उन्होंने दीप प्रज्वलन के पश्चात महाराजा चक्रधर सिंह के चित्र पर पुष्प अर्पित किए और समारोह की गरिमामयी शुरुआत की।इस अवसर पर कलेक्टर श्री मयंक चतुर्वेदी, सुश्री उर्वशी देवी सहित गणमान्य नागरिक, कलाकार एवं कला-रसिक उपस्थित रहे। चक्रधर समारोह रायगढ़ की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत का प्रमुख मंच है, जहां देश-प्रदेश के ख्यातिलब्ध कलाकार अपनी प्रस्तुतियों के माध्यम से कला प्रेमियों को विविध सांस्कृतिक विधाओं से रूबरू करा रहे हैं।

### कुम्हारी की शतरंज प्रतियोगिता में दिव्यांशु रहें प्रथम

**अंवरी, 17 सितंबर।** ग्राम कुम्हारी में प्रथम शतरंज प्रतियोगिता का आयोजन 13 सितम्बर को किया गया जिसके मुख्य अतिथि आनंद यदु सदस्य जनपद पंचायत कुरुद, अध्यक्षता मंजूलता विजय साहू सरपंच कुम्हारी ने किया । इस शतरंज प्रतियोगिता में दिव्यांशु उपाध्याय प्रथम, द्वितीय रोशन कुमार, तृतीय पुनिश देवांगन, चतुर्थ लक्ष्मीकांत एवं पंचम संदीप मिश्रा रहें । इस अवसर पर सागर बघेल, पुनेन्द्र बघेल,तामेश मीरे, डोमन सोनवानी, अनेश्वर यादव एवं समस्त ग्रामवासी उपस्थित रहें ।

# सरोना में रात के समय रिहायशी बस्तियों में भालुओं का आतंक

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**कांकेर, 16 सितंबर।** जिले के अंतर्गत आने वाली सरोना तहसील और उसके आस-पास के ग्रामीण इलाकों में इन दिनों वन्य प्राणी भालुओं का रात के समय रिहायशी बस्तियों में खुलेआम विचरण करना आम हो गया है। विशेषकर सरोना और नर्सरी पारा मुड़पार जैसे क्षेत्रों में भालू रात के वक्त गांवों के रिहायशी इलाकों में प्रवेश कर रहे हैं। ग्रामीणों का कहना है कि यदि कांकेर वन मंडल या सरोना रेंज के अंतर्गत विभाग की कोई सक्रिय रेस्क्यू टीम मौजूद होती, तो समय पर सूचना मिलने पर इस खतरनाक भालुओं को पकड़कर सुरक्षित स्थान पर छोड़ा जा सकता था। परंतु वन विभाग की लचर कार्यशैली के कारण ग्रामीणों में आक्रोश व्याप्त है।

ग्रामीणों के अनुसार ये भालू मंदिरों में स्थित शिवलिंग पर चढ़ाए जाने वाले नारियल को तोड़कर खा रहे हैं और दूध या अन्य पेय पदार्थ भी गटक रहे हैं। इतना ही नहीं, खाने की तलाश में वे घरों के फाटकों और दरवाजों को तोड़कर अंदर तक घुसने लगे हैं, जिससे स्थानीय लोगों की रातों की नींद उड़ गई है। ग्रामीणों का आरोप है कि वन विभाग और स्थानीय लोगों के बीच आपसी तालमेल का पूरी तरह अभाव है। वन ग्रामों में धड़ल्ले से इमारती लकड़ी की कटाई कर चिरान व्यापारियों को बेची जा रही है, और विभाग सब कुछ जानते हुए भी अनजान बना हुआ है। ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि इस प्रकार की अवैध गतिविधियों पर तुरंत रोक लगाई जाए, जंगलों को बचाया जाए और गांवों में आतंक का पर्याय बन चुके भालू को जल्द से जल्द रेस्क्यू कर सुरक्षित जगह पर भेजा जाए, ताकि लोग सुरक्षित जीवन जी सकें।

इस बढ़ते मानव-वन्यजीव संघर्ष के पीछे वनों का लगातार उजड़ना मुख्य कारण माना जा रहा है। वन ग्रामों के लोग पहाड़ों को काटकर खेत बना रहे हैं, बड़े-बड़े पेड़ों की अवैध कटाई कर रहे हैं और जंगलों को समतल कर खेती कर रहे हैं। इसके चलते भालुओं के प्राकृतिक आवास नष्ट हो गए हैं और उनके हिस्से के फलदार वृक्ष भी कट चुके हैं, जिससे उन्हें जंगल में भोजन नहीं मिल रहा है। इसके अतिरिक्त, वन विभाग द्वारा जंगलों के चारों ओर तार का घेरा लगा दिए जाने के कारण भी वन्य पशुओं का मार्ग बाधित हुआ है और वे मजबूरन गांवों की ओर रुख कर रहे हैं।

### चक्रधर समारोह में 17 सितंबर को मोती महल में सजेगा कुश्ती का अखाड़ा

**रायगढ़, 16 सितम्बर।** कला, संस्कृति और परंपरा के साथ खेल प्रतिभाओं को मंच देने वाला 41वां चक्रधर समारोह इस वर्ष कुश्ती के रोमांच से भी सराबोर होगा। समारोह के अंतर्गत 16 एवं 17 सितंबर को मोती महल परिसर में अखिल भारतीय एवं राज्य स्तरीय कुश्ती प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। दो दिवसीय इस दंगल में देश और प्रदेश के विभिन्न हिस्सों से महिला एवं पुरुष पहलवान पहुंचेंगे और अपने दमखम, कौशल तथा दांव-पेंच का प्रदर्शन करेंगे।छत्तीसगढ़ शासन के संस्कृति विभाग एवं जिला प्रशासन रायगढ़ के संयुक्त आयोजन में होने वाली इस प्रतियोगिता को लेकर खेल प्रेमियों में खासा उत्साह है। विभिन्न वर्गों में मुकाबले होंगे और विजेता पहलवानों को आकर्षक नगद पुरस्कार प्रदान किए जाएंगे। कुश्ती प्रतियोगिता का उद्घाटन 16 सितंबर को प्रातः 11 बजे मोती महल परिसर में होगा। उद्घाटन समारोह में छत्तीसगढ़ शासन के वित्त मंत्री एवं रायगढ़ विधायक ओ.पी.चौधरी मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे।



# कुरूद विधायक अजय चंद्राकर के समक्ष ग्राम भरदा के युवाओं ने थामा भगवा दामन

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**कुरूद 15 सितंबर ।** विधानसभा क्षेत्र में भाजपा के जनाधार को मजबूती देते हुए लगातार नए लोग पार्टी से जुड़ रहे हैं। इसी कड़ी में कुरूद विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले ग्राम भरदा के चार उत्साही युवाओं ने स्थानीय विधायक कार्यालय पहुंचकर भारतीय जनता पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। क्षेत्रीय विधायक एवं वरिष्ठ नेता अजय चंद्राकर ने सभी नवप्रवेशी सदस्यों का पार्टी परिवार में गर्मजोशी से स्वागत किया।

विधायक अजय चंद्राकर के समक्ष औपचारिक रूप से पार्टी की सदस्यता लेने वालों में कुलदीप साहू (पिता सावंत साहू), ईश्वर साहू (पिता रामसिंग), डोमेंद्र साहू (पिता उमेश साहू) और जितेन्द्र साहू (पिता मदन साहू) शामिल हैं। इन युवाओं के पार्टी में शामिल होने से ग्रामीण स्तर पर भाजपा संगठन को और अधिक जमीनी मजबूती मिलने की उम्मीद है।सदस्यता ग्रहण कार्यक्रम के दौरान भाजपा परिवार के अन्य वरिष्ठ पदाधिकारी और कार्यकर्ता भी उपस्थित रहे, जिन्होंने सभी नए सदस्यों का उत्साहवर्धन किया। इस अवसर पर उपस्थित जनों ने कहा कि केंद्र और राज्य सरकार की जनकल्याणकारी नीतियों तथा विकास कार्यों से प्रभावित होकर ग्रामीण क्षेत्रों के युवा तेजी से पार्टी की ओर आकर्षित हो रहे हैं।

# सुविधाओं की मांग को लेकर गुड्स शेड के हमालों ने काम बंद कर दिया

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**भाटापारा, 16 सितंबर।** रेल्वे गुड्स शेड हमाल संघ ने गुड्स शेड साईड मे मूलभूत सुविधाओं को पूरी किये जाने की मांग को लेकर साईड मे काम करने वाले लगभग 350 हमाल मजदूरों ने हडताल कर लोडिंग अनलोडिंग का काम बंद कर दिया हमाल मजदूरों की मांग है कि गुड्स शेड साईड मे शेड का निर्माण कराया जाय वहीं पेयजल,सायकल स्टैंड, शौचालय का निर्माण कराया जाय आदि मांगे उनकी प्रमुख है मजदूरों के द्वारा काम बंद किये जाने के बाद रेल्वे के अधिकारी मौके पर पहुंचा और हमाल संघ से बातचीत कर उन्हे आश्वासन दिया इसके बाद मजदूरों ने काम शुरू किया लेकन संघ के लोगो ने चेतावनी देते हुए कहा कि इस बार उनकी मांगो पर ठोस कार्यवाही नही होती है तो उनके द्वारा अनिश्चितकालीन काम बंद किया जायेगा ज्ञात हो कि इसके पूर्व जून माह मे भी मजदूरों द्वारा शेड आदि की मांग को लेकर हडताल किये थे उस समय स्टेशन मैनेजर अजय कुमार ,गुड्स शेड हमाल संघ के सरंक्षक राधेश्याम शर्मा ( फग्गा महराज ) की समझाईश के बाद हडताल वापस लिया गया था। इस संबंध मे संघ के लोगो का कहना है कि भीषण गर्मी बरसात मे उन्हे काम करना पडता है उनके लिए छाया और पर्याप्त पानी की व्यवस्था नही है वहीं शौचालय भी नही है वहीं महिलाओं के लिए अलग से शौचालय बनाया जाय उनके द्वारा अपनी इस मांग को लेकर 20 वर्षो से रेल्वे के स्थानीय व उच्च अधिकारियों से गुहार लगा रहे हैं लेकिन उन्हे हर बार केवल आश्वासन ही मिलता है उनकी मांगो को पूरा नही किया जा रहा है।इस संबंध मे रेल्वे गुड्स हमाल संघ के संरक्षक राधेश्याम शर्मा ( फग्गा महराज) का कहना है कि 20 वर्षो से सुविधाओं की मांग कर रहे है इसके पूर्व भी धरना और काम बंद किया गया था लेकिन आश्वासन के बाद काम शुरू कर दिया गया उन्होंने कहा कि कुछ महिनो के भीतर मांगे पूरी नही हुई तो अनिश्चितकालीन काम बंद करने का निर्णय लेगा मजदूरों का सवाल है कि जब गुड्स शेड मे रोजाना सैकडो श्रमिक मेहनत कर रेल्वे के काम को आगे बढा रहे हैं तो उनके छांव पानी ,शौचालय,पार्किंग जैसी बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध कराने मे आखिर इतना समय क्यों लग रहा है ,इस बार काम बंद कर संकेत दिया है कि अब केवल आश्वासन से बात नही बनेगी।

# निशित के तबले और मुदस्सिर की सारंगी में सुर,ताल,लय का सुंदर मेल



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**रायगढ़, 16 सितम्बर।** चक्रधर समारोह की शाम तबले की थाप और सारंगी के सुरों से और भी खास हो गई। मंच पर निशित गंगानी ने तबले पर अपनी उंगलियों का हुनर दिखाया, वहीं मुदस्सिर खान ने सारंगी के भावपूर्ण सुरों से साथ दिया। दोनों के वादन में सुर, ताल और लय का सुंदर मेल सुनने को मिला। प्रस्तुति के दौरान दर्शक संगीत में खोए नजर आए और तालियों से कलाकारों का उत्साह बढ़ाया।

निशित गंगानी ने महज तीन वर्ष की उम्र में तबला सीखना शुरू किया था। कम उम्र में ही उन्होंने मंच पर प्रस्तुति देना शुरू कर दिया और देश के कई बड़े कला मंचों पर अपनी प्रतिभा दिखा चुके हैं। जयपुर घराने से जुड़े निशित ने अपने गुरु पंडित फतेह सिंह गंगानी के मार्गदर्शन में तबले की साधना की। उनकी प्रतिभा को भारत सरकार की ओर से भी सम्मान मिल चुका है। वहीं मुदस्सिर खान ने सारंगी के सुरों से प्रस्तुति में भाव भर दिए। वे सारंगी वादन की समृद्ध परंपरा से जुड़े हैं ।

**समाचार संक्षेप**

### चक्रधर समारोह के मंच पर झलकी राजस्थान की लोक कला और संस्कृति



**रायगढ़, 16 सितम्बर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** चक्रधर समारोह की रंगारंग संध्या में राजस्थान की लोक कला और संस्कृति के रंग देखने को मिले। बाड़मेर से आए स्टार्क सोसाइटी के कलाकारों ने कालबेलिया, घूमर/झूमर और अन्य लोकनृत्यों की आकर्षक प्रस्तुति से दर्शकों का मन जीत लिया। राजस्थान की पारंपरिक लोकधुनों के साथ कलाकारों ने मंच पर अपनी कला का ऐसा रंग बिखेरा कि दर्शक देर तक तालियां बजाते रहे। कालबेलिया नृत्य की लयबद्ध पदचाल और घूमती हुई गतियों ने खास आकर्षण पैदा किया। वहीं 'निबूड़ा', 'अली बोलो' और 'दमादम मस्त कलंदर' जैसे गीतों पर कलाकारों की प्रस्तुतियों ने माहौल को और खुशनुमा बना दिया। भवाई लोकनृत्य की प्रस्तुति ने भी दर्शकों की खूब सराहना बटोरी।कार्यक्रम में राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष श्रीमती ममता साहू, राज्यसभा सांसद श्री देवेन्द्र प्रताप सिंह, नगर निगम के सभापति श्री डिग्रीलाल साहू ने राजस्थान से आए कलाकारों से मुलाकात कर उनकी प्रस्तुतियों की सराहना की और उन्हें सम्मानित किया। स्टार्क समूह लोक कला एवं ग्रामीण संस्कृति के संरक्षण और संवर्धन के लिए कार्य कर रहा है। दल के साथ गायक आसिन खान, हारमोनियम पर लतीफ खान और साइये खां, ढोलक पर भुट्टा खान, खड़ताल पर देवू खान, सारंगी पर हुसैन खान तथा कामायचा व ग्रुप लीडर दीन मोहम्मद ने संगत दी। नृत्य प्रस्तुतियों में हीरा, तनु, पूजा और प्रिया ने अपनी कला का प्रदर्शन किया। राजस्थान की मिट्टी की खुशबू, लोकधुनों की मिठास और कलाकारों की जीवंत प्रस्तुति ने चक्रधर समारोह की इस शाम को यादगार बना दिया।

### गीतिका चक्रधर ने कथक की भाव-भंगिमाओं से बांधा समां

**रायगढ़, 16 सितम्बर।** 41वें अंतर्राष्ट्रीय चक्रधर समारोह-2026 की संगीत संध्या में युवा कथक कलाकार गीतिका चक्रधर ने अपनी मनमोहक प्रस्तुति से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। शास्त्रीय नृत्य की भाव-भंगिमाओं, लय और ताल का सुंदर समन्वय प्रस्तुत करते हुए गीतिका ने चक्रधर समारोह के मंच पर अपनी कला का शानदार प्रदर्शन किया।गीतिका चक्रधर ने महज 10 वर्ष की उम्र में अपनी गुरु डॉ. संगीता कापसे से शास्त्रीय नृत्य की शिक्षा का सफर शुरू किया। अटूट लगन, अनुशासन और कथक के प्रति गहरे समर्पण के साथ उन्होंने इस विधा में अपनी पहचान बनाई है। हरिद्वार, ओडिशा, बनारस, अयोध्या, महाराष्ट्र, गोंदिया सहित अनेक प्रतिष्ठित राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय मंचों पर वह अपनी कला का प्रदर्शन कर चुकी हैं।गीतिका ने ताल धमार में 'शिव चतुरंग' की प्रस्तुति दी। इसके पश्चात ताल तीनताल में कृष्ण पर आधारित ठुमरी 'छोड़ो-छोड़ो' को भावपूर्ण कथक शैली में प्रस्तुत किया। उनकी प्रस्तुति में कथक की नजाकत, भाव और लयकारी का सुंदर संगम देखने को मिला। दर्शकों ने तालियों की गड़गड़ाहट से युवा कलाकार का उत्साहवर्धन किया।

### हरे कृष्ण-हरे राम के मंत्र से गूंजा चक्रधर समारोह, माधवरस ने भजनों से बांधा समां



**रायगढ़, 16 सितम्बर।** चक्रधर समारोह के दूसरे दिन की अंतिम प्रस्तुति माधवरस बैंड ने दी। हरे कृष्ण हरे कृष्ण, हरे राम हरे राम के मंत्रोच्चार से शुरू हुई प्रस्तुति में भक्ति गीतों के साथ आधुनिक संगीत की धुनें सुनने को मिलीं। बैंड की प्रस्तुति में विदेशी कलाकार भी शामिल रहे। माधवरस ने ÷जय राधा माधव, जय कुंज बिहारी÷ से प्रस्तुति को आगे बढ़ाया। इसके बाद ÷तेरा सुंदर रूप सलौना÷, ÷बम बम लहरी÷, महामृत्युंजय मंत्र और ÷? नमः शिवाय÷ की प्रस्तुति हुई। इसके बाद ÷अच्युतम केशवम÷, राधा रानी के भजन और ÷राधे अलबेली सरकार, जपेगा राधे सरकार÷ जैसे भजनों ने कार्यक्रम को भक्ति भाव से भर दिया।माधवरस की प्रस्तुति में पारंपरिक भजनों और मंत्रों के साथ रॉक तथा इलेक्ट्रॉनिक संगीत की धुनें भी शामिल रहीं। संगीत की लय बदलने के साथ मंच पर प्रस्तुति का अंदाज भी बदलता रहा। दर्शक देर रात तक कार्यक्रम से जुड़े रहे और कलाकारों का उत्साह बढ़ाते रहे। माधवरस देश-विदेश के विभिन्न मंचों पर प्रस्तुति दे चुका है। दिल्ली के लालबाग के राजा गणेश उत्सव सहित कई प्रतिष्ठित आयोजनों में प्रस्तुति दे चुके इस बैंड ने चक्रधर समारोह में भी अपनी अलग संगीत शैली प्रस्तुत की। माधवरस की प्रस्तुति के साथ चक्रधर समारोह के दूसरे दिन के कार्यक्रम का समापन हुआ।

### चक्रधर समारोह- पंडवानी में जीवंत हुआ द्रौपदी चीरहरण का मार्मिक प्रसंग

**रायगढ़, 16 सितम्बर।** चक्रधर समारोह के मंच पर मंगलवार की शाम छत्तीसगढ़ की समृद्ध लोककला पंडवानी की शानदार प्रस्तुति ने दर्शकों को भाव-विभोर कर दिया। रेलवे सुरक्षा बल, राजनांदगांव में इंस्पेक्टर के पद पर कार्यरत श्रीमती तरुणा साहू ने महाभारत के मार्मिक प्रसंग 'द्रौपदी चीरहरण' को पंडवानी के माध्यम से जीवंत कर दिया। सुर, ताल और भाव के साथ उन्होंने इस प्रसंग को इस तरह प्रस्तुत किया कि दर्शक भाव-विभोर हो गए।तरुणा साहू का पंडवानी से जुड़ाव वर्ष 1994 से है। जवाहर नवोदय विद्यालय में अध्ययन के दौरान उन्हें पंडवानी की महान कलाकार पद्म विभूषण तीजन बाई के सान्निध्य में पंडवानी सीखने का अवसर मिला। गुरु तीजन बाई के साथ उन्होंने दिल्ली, भोपाल, उज्जैन के कालिदास समारोह सहित देश के कई प्रतिष्ठित मंचों पर प्रस्तुति दी।

# सेवा संकल्प अभियान:2709 आंगनबाड़ी केंद्रों में पोषण थाली प्रदर्शन, मातृ संवाद, न्योता भोज और स्वास्थ्य जांच सहित होंगी विविध गतिविधियां

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**रायगढ़, 16 सितम्बर।** महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा जिले में पोषण, स्वास्थ्य एवं महिला कल्याण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से 17 सितम्बर से 17 अक्टूबर 2026 तक 'सेवा संकल्प अभियान' का आयोजन किया जाएगा। अभियान के अंतर्गत जिले के सभी 2709 आंगनबाड़ी केंद्रों में निर्धारित तिथियों पर विभिन्न जागरूकता, स्वास्थ्य, पोषण एवं जनभागीदारी आधारित गतिविधियां आयोजित की जाएंगी। अभियान का उद्देश्य बच्चों, महिलाओं एवं गर्भवती माताओं को पोषण और स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करने के साथ सामुदायिक सहभागिता को बढ़ावा देना है।

#### 25 सितम्बर को सजेगी 'मेरी पौष्टिक थाली

अभियान के पहले चरण में 25 सितम्बर को जिले के आंगनबाड़ी केंद्रों में 'मेरी पौष्टिक थाली' एवं पौष्टिक व्यंजनों की विधियों का प्रदर्शन किया जाएगा। इस दौरान बच्चों के लिए मनोरंजक खेल एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ स्वास्थ्य एवं पोषण आधारित चित्रकला प्रतियोगिता आयोजित होगी।'स्वस्थ शिशु प्रतियोगिता' के माध्यम से दो सुपोषित बच्चों एवं उनकी माताओं को सम्मानित किया जाएगा। साथ ही पोषण वाटिका तैयार करने के लिए पौधरोपण तथा 'घर-घर मुनगा' अभियान के प्रति लोगों को जागरूक किया जाएगा। स्वास्थ्य विभाग के समन्वय से महिलाओं, बच्चों एवं गर्भवती माताओं की स्वास्थ्य जांच और टीकाकरण भी किया जाएगा।इस अवसर पर उत्कृष्ट कार्य करने वाले आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं, सहायिकाओं एवं मितानिनों का सम्मान किया जाएगा। वहीं महतारी वंदन योजना एवं प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना के हितग्राही अपने अनुभव साझा कर योजनाओं से मिले लाभ की जानकारी देंगे।

#### 28 सितम्बर को होगा मातृ संवाद और 'न्योता भोज'

अभियान के दूसरे चरण में 28 सितम्बर को आंगनबाड़ी केंद्रों में मातृ संवाद आयोजित किया जाएगा। इसमें गर्भवती एवं शिशुवती महिलाओं, माताओं तथा स्थानीय महिला जनप्रतिनिधियों की सहभागिता सुनिश्चित की जाएगी। माताओं को पारंपरिक व्यंजनों को अधिक पौष्टिक बनाने के तरीकों की जानकारी दी जाएगी। साथ ही प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना के पात्र हितग्राहियों का पंजीयन भी किया जाएगा।महिलाओं के लिए रंगोली, मेहंदी, खेलकूद एवं व्यंजन प्रतियोगिताएं आयोजित होंगी। जनसहयोग से बच्चों के लिए 'न्योता भोज' का आयोजन किया जाएगा, जिसमें दानदाताओं के सहयोग से नियमित भोजन के साथ खीर, पूड़ी, हलवा, मौसमी फल अथवा प्रोटीन युक्त पौष्टिक आहार परोसा जाएगा।

#### 7 अक्टूबर को स्वास्थ्य जांच शिविर और सम्मान समारोह

अभियान के अंतिम चरण में 7 अक्टूबर को स्वास्थ्य विभाग के सहयोग से विशेष स्वास्थ्य जांच शिविर आयोजित किए जाएंगे। इस दौरान स्वास्थ्य एवं पोषण से संबंधित आवश्यक जांच एवं परामर्श उपलब्ध कराया जाएगा।महतारी वंदन योजना की राशि का उपयोग स्वयं एवं बच्चों के पोषण पर करने वाली 5 माताओं को 'पोषण शक्ति सम्मान' प्रदान किया जाएगा। इसी प्रकार न्योता भोज, खिलौना दान एवं कुपोषण मुक्ति के प्रयासों में सहयोग देने वाले 5 स्थानीय नागरिकों को सम्मानित किया जाएगा।अभियान के दौरान उत्कृष्ट कार्य करने वाली 5 आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं, 5 सहायिकाओं एवं 5 मितानिनों को भी सम्मानित कर उनके योगदान और सेवाभाव को प्रोत्साहित किया जाएगा।

#### जनभागीदारी से पोषण और स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता का प्रयास

'संकल्प अभियान' के माध्यम से आंगनबाड़ी केंद्रों को केवल पोषण एवं स्वास्थ्य सेवाओं तक सीमित न रखते हुए उन्हें जनजागरूकता, सामुदायिक सहभागिता और महिला सशक्तिकरण के प्रभावी मंच के रूप में विकसित करने का प्रयास किया जाएगा। विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से बच्चों एवं महिलाओं के स्वास्थ्य, पोषण और कल्याण के प्रति परिवारों तथा समुदाय की जिम्मेदारी और सहभागिता को मजबूत किया जाएगा।

# कुचीपुड़ी के भाव और लय से सजा चक्रधर समारोह, टी. लक्ष्मी रेड्डी की प्रस्तुति रही खास



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

रायगढ़, 16 सितम्बर। चक्रधर समारोह की शाम कुचीपुड़ी के रंग में सजी। प्रसिद्ध कुचीपुड़ी नृत्यांगना टी. लक्ष्मी रेड्डी ने 'दुर्गा तरंगम' और 'यक्षगानम' की प्रस्तुति से दर्शकों को अपनी कला से जोड़ा। नृत्य की लय, भाव और अभिनय के साथ उन्होंने दोनों प्रस्तुतियों को खूबसूरती से मंच पर उतारा।

'दुर्गा तरंगम' में मां दुर्गा की शक्ति और भक्ति को भाव-भंगिमाओं के जरिए प्रस्तुत किया गया। चेहरे के भावों और नृत्य मुद्राओं में देवी के अलग-अलग रूप दिखाई दिए। वहीं 'यक्षगानम' में अभिनय और नृत्य का सुंदर मेल देखने को मिला। कदमों की गति के साथ बदलते भाव प्रस्तुति को खास बनाते रहे। टी. लक्ष्मी रेड्डी के लिए कुचीपुड़ी केवल नृत्य नहीं, बल्कि साधना और भक्ति है। वे पिछले दो दशकों से अधिक समय से पद्मश्री जयरामा राव के मार्गदर्शन में इस कला की साधना कर रही हैं। उनकी प्रस्तुति में वर्षों की इसी साधना और अनुभव की झलक दिखाई दी।

टी. लक्ष्मी रेड्डी देश-विदेश में 2000 से अधिक प्रस्तुतियां दे चुकी हैं। उन्होंने पेरु, कोस्टा रिका, कनाडा, मलेशिया और भूटान सहित कई देशों में भारतीय शास्त्रीय नृत्य की प्रस्तुति दी है। राष्ट्रपति भवन में ब्रिक्स देशों के राष्ट्राध्यक्षों के सामने प्रस्तुति देना भी उनके कला सफर की महत्वपूर्ण उपलब्धियों में शामिल है।उनकी कला साधना को कई सम्मान मिल चुके हैं। वे दिल्ली के समर्पण स्कूल के जरूरतमंद बच्चों को निःशुल्क कुचीपुड़ी का प्रशिक्षण देती हैं।

# चक्रधर समारोह कला और संस्कृति को देश-दुनिया तक पहुंचाने वाला महत्वपूर्ण मंच:ममता साहू



**रायगढ़, 16 सितम्बर।** चक्रधर समारोह में मंगलवार की शाम लोक और भक्ति संगीत की रंगारंग प्रस्तुतियों से सजी रही। राजस्थानी फोक और माधव रस भजन गायन ने दर्शकों को अपनी ओर आकर्षित किया। छत्तीसगढ़ महिला आयोग की अध्यक्ष श्रीमती ममता साहू ने समारोह में पहुंचकर इन प्रस्तुतियों का आनंद लिया और कलाकारों की सराहना की।

इस अवसर पर श्रीमती ममता साहू ने कहा कि चक्रधर समारोह केवल एक सांस्कृतिक आयोजन नहीं, बल्कि हमारी समृद्ध कला और संस्कृति को देश-दुनिया तक पहुंचाने वाला महत्वपूर्ण मंच है। समारोह में देश के अलग-अलग हिस्सों से कलाकार पहुंचकर अपनी कला का प्रदर्शन करते हैं। इससे न केवल कलाकारों को अपनी प्रतिभा प्रस्तुत करने का अवसर मिलता है, बल्कि विभिन्न क्षेत्रों की लोक और सांस्कृतिक परंपराओं से भी लोगों को परिचित होने का अवसर मिलता है। उन्होंने कहा कि चक्रधर समारोह की ख्याति दिनों दिन बढ़ रही है। रायगढ़ में आयोजित होने वाला यह समारोह कला और संस्कृति के क्षेत्र में अपनी अलग पहचान बना चुका है। यहां लोक संगीत, शास्त्रीय संगीत, नृत्य और भक्ति संगीत की विविध प्रस्तुतियां दर्शकों को एक साथ देखने और सुनने को मिलती हैं। ममता साहू ने कहा कि अंतर्राष्ट्रीय ख्याति प्राप्त चक्रधर समारोह में शामिल होकर मैं स्वयं गौरवान्वित महसूस कर रही हूं। राजस्थानी फोक की प्रस्तुति में राजस्थान की लोक संस्कृति, परंपरा और संगीत की जीवंत झलक देखने को मिली। वहीं माधव रस भजन गायन ने भक्ति भाव से समारोह के वातावरण को सराबोर कर दिया। दोनों प्रस्तुतियों का दर्शकों ने उत्साहपूर्वक आनंद लिया और कलाकारों की कला की सराहना की। श्रीमती साहू ने कहा कि ऐसे सांस्कृतिक आयोजन हमारी परंपराओं को नई पीढ़ी तक पहुंचाने और कलाकारों को प्रोत्साहित करने का सशक्त माध्यम हैं। चक्रधर समारोह का लगातार विस्तार और बढ़ती लोकप्रियता रायगढ़ के लिए गौरव की बात है।

## एक नजर

### एआई+ स्मार्टफोन का सर्विस नेटवर्क 1,000+ टचपॉइंट्स तक पहुँचेगा

**रायपुर 16 सितंबर।** उज्जैन, एआई+ स्मार्टफोन देशभर में अपने आफ्टर-सेल्स सर्विस नेटवर्क का विस्तार करते हुए मौजूदा 800+ सर्विस सेंटर में 200+ नए सेंटर जोड़ेगा। इसके साथ ही कंपनी इस दिवाली दिल्ली में अपना पहला एक्सक्लूसिव सर्विस सेंटर शुरू करेगी। कंपनी ग्राहकों की सुविधा के लिए 'एआई+ असिस्टेंस ऐप' भी लॉन्च करेगी। ऐप के जरिए ग्राहक सर्विस बुकिंग, टिकट ट्रैकिंग, वारंटी व डिवाइस जानकारी और नजदीकी सर्विस सेंटर की जानकारी प्राप्त कर सकेंगे। एआई+ स्मार्टफोन के सीईओ माधव शेठ ने कहा कि 1,000+ सर्विस टचपॉइंट्स, एक्सक्लूसिव सेंटर और डिजिटल असिस्टेंस ऐप के जरिए ग्राहकों को अधिक आसान, पारदर्शी और भरोसेमंद आफ्टर-सेल्स सपोर्ट उपलब्ध कराने पर कंपनी का फोकस है।

### चाकू लहराकर लोगों को डराने धमकाने के आरोप में 2 गिरफ्तार

**राजनांदगांव 16 सितंबर। (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** श्रीमान् पुलिस अधीक्षक सुश्री अंकिता शर्मा के निर्देशन व अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री कीर्तन राठौर व नगर पुलिस अधीक्षक श्रीमती वैशाली जैन के मार्गदर्शन में असामजिक तत्वों के विरूद्ध चलाए जा रहे अभियान एवं गणेश पर्व को ध्यान मे रखते हुए क्षेत्र मे शांति व्यवस्था बनाये रखने हेतु वरिष्ठ पुलिस अधिकारियो द्वारा दिये दिशा निर्देशानुसार लगातार पेट्रोलिंग कार्यवाही किया जा रहा है पेट्रोलिंग के दौरान आज दिनांक 15.09.2026 को शंकरपुर जाने का मार्ग सरकारी प्रेस के पास चाकु लहराकर आम लोगो को डराने धमकाने, लोगो मे भय उत्पन्न कर रहे आरोपी निलेश यादव पिता रामाधीन यादव उम्र 19 साल साकिन वार्ड नं. 10 रमन बाजार तालाब पार ओपी चिखली जिला राजनांदगांव, एवं घटना स्थल रमन बाजार तालाब बरगद पेड़ के नीचे आरोपी शशीकांत ठाकुर उर्फ बाबू पिता नरोत्तम ठाकुर उम्र 18 साल 8 माह साकिन शांतिनगर रमन बाजार चिखली पुलिस चौकी चिखली जिला राजनांदगांव को घेराबंदी कर पकड़ा गया तथा दोनों आरोपियो के कब्जे से दो नग धारदार चाकू बरामद कर आरोपियो के विरूद्ध पृथक-पृथक धारा 25,27 आर्म्स एक्ट के तहत् विधिवत कार्यवाही कर गिफ्तार कर माननीय न्यायालय के समक्ष पेश कर जेल निरुद्ध किया गया। उक्त कार्यवाही में चौकी प्रभारी उप निरीक्षक कैलाश चन्द्र मरई, उप निरी. सत्तुलाल कवंर, प्र.आर. अरूण कुमार नेताम, म.प्र.आर. वंदना पटले, आर0 आदित्य सोलंकी, चंद्रकपूर आयाम, गोपाल पैकरा, सुनील बैरागी एवं चौकी चिखली स्टाफ का महत्वपूर्ण भूमिका व सराहनीय योगदान रहा है।

### उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने 'सेवा संकल्प अभियान' की तैयारियों की समीक्षा की

**रायपुर, 16 सितम्बर।** उप मुख्यमंत्री तथा नगरीय प्रशासन एवं विकास मंत्री श्री अरुण साव ने आज प्रदेश के सभी नगर निगमों के महापौरों, आयुक्तों, नगर पालिकाओं एवं नगर पंचायतों के अध्यक्षों और मुख्य नगर पालिका अधिकारियों की बैठक लेकर सेवा संकल्प अभियान की तैयारियों की समीक्षा की। उन्होंने नवा रायपुर स्थित विश्राम भवन में आयोजित वर्चुअल बैठक में अभियान के दौरान संचालित की जाने वाली विभिन्न गतिविधियों, विभागीय समन्वय, जनभागीदारी और प्रचार-प्रसार को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। आगामी 17 सितम्बर से 17 अक्टूबर तक देशव्यापी सेवा संकल्प अभियान का आयोजन किया जा रहा है। नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग के प्रमुख सचिव श्री सोनमणि बोरा और सूडा के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री सुमीत अग्रवाल अहमदाबाद से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से बैठक में जुड़े। उप मुख्यमंत्री श्री साव ने समीक्षा बैठक में सभी नगरीय निकायों को 'सेवा संकल्प अभियान' को जनभागीदारी का व्यापक स्वरूप देने के निर्देश दिए। उन्होंने जनसेवा के प्रति आभार एवं जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी प्रत्येक नागरिक तक पहुंचाने और विकसित भारत-2047 के संकल्प को जन-जन से जोड़ने के लिए अभियान की गतिविधियों को प्रभावी ढंग से संचालित करने को कहा। उन्होंने अभियान में समाज के सभी वर्गों की सक्रिय सहभागिता सुनिश्चित करने पर जोर दिया। श्री साव ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी देश के विकास और जनकल्याण के लिए विगत 25 वर्षों से अनवरत कार्य कर रहे हैं। उनके नेतृत्व में भारत की वैश्विक भूमिका मजबूत हुई है। श्री साव ने कहा कि आज चीन भी भारत के साथ काम करना चाहता है और रूस के साथ भारत की मित्रता और मजबूत हुई है। उन्होंने कहा कि देश की विकास यात्रा को आगे बढ़ाने में जनभागीदारी की महत्वपूर्ण भूमिका है।

# प्रधानमंत्री आवास योजना से कच्चे और जर्जर मकान से पक्के आशियाने तक पहुंचा फागूराम साहू का परिवार

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**राजनांदगांव 16 सितंबर।** प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) जरूरतमंद परिवारों के लिए पक्के और सुरक्षित आवास का सपना साकार करने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल साबित हो रही है। डोंगरगढ़ विकासखंड के ग्राम अमलीडीह निवासी 58 वर्षीय श्री फगूराम साहू भी इस योजना से लाभान्वित होकर आज अपने परिवार के साथ सुरक्षित और पक्के मकान में खुशहाल जीवन व्यतीत कर रहे हैं। श्री फगूराम साहू बताते हैं कि पहले वे अपनी पत्नी और दो बेटों के साथ कच्चे एवं जर्जर मकान में रहते थे। मजदूरी और थोड़ी-बहुत खेती से परिवार का भरण-पोषण होता था। आर्थिक स्थिति कमजोर होने के कारण पक्का मकान





बनाना उनके लिए संभव नहीं था। बरसात के दिनों में कच्ची दीवारों और छत से पानी घर के भीतर आ जाता था, जिससे परिवार को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता था। घर में कोई अन्य कमाऊ सदस्य नहीं होने के कारण पक्का मकान बनवाने की उम्मीद भी उन्होंने छोड़ दी थी। इसी दौरान ग्राम पंचायत के सचिव ने उनके घर पहुंचकर आवश्यक दस्तावेज लिए और प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत उनका ऑनलाइन पंजीयन कराया। आवास स्वीकृत होने के बाद उनके बैंक खाते में पहली किस्त के रूप में 25 हजार रूपए की राशि प्राप्त हुई। राशि मिलने पर उन्होंने अपने पक्के मकान का निर्माण शुरू कराया। योजना के तहत तीन किस्तों में कुल 1 लाख 20 हजार रूपए की आवास सहायता प्राप्त हुई। साथ ही, मनरेगा के तहत मजदूरी की राशि भी मिली, जिससे उन्हें घर निर्माण के साथ रोजगार का सहारा भी मिला।

श्री फागूराम साहू ने प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के 25 वर्षों के गौरवपूर्ण सेवा सफर के लिए शुभकामनाएं एवं धन्यवाद प्रेषित करते हुए कहा कि आज वे अपने परिवार के साथ पक्के और सुरक्षित आवास में सुखपूर्वक जीवन व्यतीत कर रहा है। प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के तहत प्राप्त गैस कनेक्शन का उपयोग वे अपने नए घर में निर्मित रसोई में कर रहे हैं। वे कहते हैं कि प्रधानमंत्री आवास योजना ने उनके जीवन में केवल पक्की छत ही नहीं दी, बल्कि सुरक्षा, सम्मान और बेहतर भविष्य का भरोसा भी दिया है। श्री फगूराम साहू प्रधानमंत्री आवास योजना के लिए शासन के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहते हैं कि सरकार ने हम जैसे गरीब परिवारों की चिंता की और पक्का घर बनाने के लिए आर्थिक सहायता दी। इससे हमारे जीवन में नई रोशनी आई है। उन्होंने प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी एवं मुख्यमंत्री श्री विष्णु भैया को हृदय से धन्यवाद दिया है।

# 19,500 किलोमीटर की पैदल भारत यात्रा पर निकले सौरभ देवांगन डोंगरगढ़ पहुंचे

■ 27 राज्यों और 5 केंद्रशासित प्रदेशों की यात्रा पूरी कर छत्तीसगढ़ पहुंचे, स्वच्छ एवं हरित भारत का दे रहे संदेश

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**डोंगरगढ़ 16 सितंबर।** भारत को करीब से जानने, देश की विविध संस्कृति और परंपराओं को समझने तथा लोगों से सीधे जुड़कर समाज में सकारात्मक संदेश पहुंचाने के उद्देश्य से निकले छत्तीसगढ़ के युवा सौरभ देवांगन अपनी अनूठी पैदल भारत यात्रा के दौरान राजनांदगांव जिले के डोंगरगढ़ पहुंचे। बलौदाबाजार-भाटापारा जिले के जारा गांव निवासी सौरभ से मुलाकात के दौरान उन्होंने अपनी लंबी यात्रा के अनुभव, उद्देश्य और भविष्य के मिशन के बारे में विस्तार से जानकारी साझा की।

सौरभ देवांगन ने बताया कि उन्होंने 7 अक्टूबर 2021 को भारत भ्रमण की पैदल यात्रा प्रारंभ की थी। यात्रा की शुरुआत से लेकर अब तक वे देश के 27 राज्यों और 5 केंद्र शासित प्रदेशों में पैदल भ्रमण कर चुके हैं। इस दौरान उन्होंने अलग-अलग भौगोलिक परिस्थितियों, भाषाओं, संस्कृतियों, खान-पान, रहन-सहन और सामाजिक जीवन को करीब से देखने और समझने का अवसर प्राप्त किया। अब तक वे 19,500 किलोमीटर से अधिक दूरी पैदल तय कर चुके हैं।

सौरभ की यात्रा केवल पर्यटन या देश भ्रमण तक सीमित नहीं है। वे इस यात्रा को लोगों से जुड़ने और समाज के बीच जागरूकता फैलाने का माध्यम मानते हैं। उनका कहना है कि पैदल चलकर भारत को देखने से देश की वास्तविक तस्वीर को करीब से समझने का अवसर मिलता है। गांवों, शहरों, कस्बों और विभिन्न क्षेत्रों में आम लोगों से मुलाकात के दौरान उन्हें देश की विविधता में एकता का अद्भुत अनुभव हुआ।







**देश के विभिन्न राज्यों से होकर गुजरी यात्रा :** सौरभ देवांगन की पैदल यात्रा अब तक ओडिशा, पश्चिम बंगाल, सिक्किम, असम, अरुणाचल प्रदेश, नागालैंड, मणिपुर, मिजोरम, त्रिपुरा, मेघालय, बिहार, झारखंड, उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड, हिमाचल प्रदेश, पंजाब, हरियाणा, राजस्थान, गुजरात, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, गोवा, कर्नाटक, तमिलनाडु, केरल, आंध्र प्रदेश और तेलंगाना जैसे राज्यों से होकर गुजर चुकी है। इन क्षेत्रों में उन्होंने अलग-अलग समाज और समुदाय के लोगों से मुलाकात की तथा उनकी जीवनशैली और संस्कृति को समझने का प्रयास किया।

इसके अलावा सौरभ ने जम्मू-कश्मीर, दिल्ली, चंडीगढ़, पुडुचेरी तथा दमन एवं दीव सहित पांच केंद्र शासित प्रदेशों की भी पैदल यात्रा की है। हजारों किलोमीटर की इस यात्रा में उन्हें अनेक लोगों से मिलने और उनके अनुभव जानने का अवसर मिला। उन्होंने बताया कि यात्रा के दौरान उन्हें लोगों का सहयोग और अपनापन लगातार मिलता रहा, जिसने उनके हौसले को और मजबूत किया।नगर में पहुंचने पर छत्तीसगढ़ जर्नलिस्ट यूनियन के प्रदेश उपाध्यक्ष सोन कुमार सिन्हा, सामाजिक कार्यकर्ता अनुराधा शर्मा,जिज्ञासु टांक सहित अन्य लोगों ने स्वागत किया सौरभ ने कह कि नगर पहुंचकर महसूस हुआ अपनापन

डोंगरगढ़ पहुंचने पर सौरभ ने धर्मनगरी के धार्मिक, सांस्कृतिक और सामाजिक महत्व को भी करीब से महसूस किया। मां बम्लेश्वरी की नगरी के रूप में प्रसिद्ध डोंगरगढ़ में लोगों से मुलाकात को उन्होंने अपनी यात्रा का महत्वपूर्ण अनुभव बताया। उन्होंने कहा कि यात्रा के दौरान जिन-जिन लोगों से मिलने का अवसर मिला, उनमें उन्हें अलग-अलग क्षेत्रों की विशेषताएं देखने को मिलीं, लेकिन हर जगह लोगों में अपनापन और देश के प्रति जुड़ाव की भावना दिखाई दी।

सौरभ का मानना है कि भारत की असली ताकत उसकी विविधता और आम नागरिकों के बीच मौजूद भाईचारे में है। पैदल यात्रा के दौरान उन्होंने न केवल देश को देखा, बल्कि लोगों की समस्याओं, उम्मीदों और जीवन के संघर्षों को भी समझने का प्रयास किया।

**स्वच्छ और हरित भारत का संदेश:** सौरभ देवांगन अपनी यात्रा के माध्यम से पर्यावरण संरक्षण और स्वच्छता का संदेश भी लगातार लोगों तक पहुंचा रहे हैं। उनका कहना है कि यदि हर व्यक्ति अपने स्तर पर छोटी-छोटी जिम्मेदारियां निभाए तो देश को स्वच्छ, सुंदर और पर्यावरण के अनुकूल बनाया जा सकता है।

वे लोगों से अधिक से अधिक पेड़ लगाने, प्लास्टिक का उपयोग कम करने और कचरा हमेशा डस्टबिन में डालने की अपील कर रहे हैं। उनका कहना है कि देश की सुंदरता केवल बड़ी योजनाओं से नहीं, बल्कि आम नागरिकों की छोटी-छोटी आदतों में बदलाव से भी बढ़ सकती है।

सौरभ ने कहा कि उनकी भारत यात्रा का उद्देश्य केवल हजारों किलोमीटर पैदल चलकर एक रिकॉर्ड बनाना नहीं है, बल्कि इस सफर को समाज और देश के लिए उपयोगी बनाना है। वे चाहते हैं कि उनके अनुभव से दूसरे युवा भी देश को जानने, प्रकृति को बचाने और समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारी निभाने के लिए प्रेरित हों।

19,500 किलोमीटर से अधिक की कठिन पैदल यात्रा पूरी कर चुके सौरभ देवांगन का सफर आज भी जारी है। उनके कदम देश के अलग-अलग हिस्सों की ओर बढ़ रहे हैं और साथ ही उनके साथ चल रहा है स्वच्छ, हरित, सुंदर और जागरूक भारत का संदेश। अंत में उन्होंने कह कि मेरी यात्रा अभी भी जारी है और मैं सात अक्टूबर को शुरू किया था और सात अक्टूबर को ही खत्म करना चाहता हूँ तो अभी मैं खैरागढ़ जिला की ओर जा रहा हूँ खैरागढ़ से राजनांदगांव फिर भिलाई और छत्तीसगढ़ के कुछ जगहों को घूमकर राजधानी रायपुर में 7 अक्टूबर को समाप्त करूँगा पूरा यात्रा20000किलोमीटर का हो जाएगा

# मुख्यमंत्री कौशल विकास योजना के तहत प्रशिक्षण से रोजगार की राह हुई आसान

■ लिकेश्वर को मिला आत्मनिर्भरता का अवसर

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**राजनांदगांव 16 सितंबर। (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** मुख्यमंत्री कौशल विकास योजना युवाओं को उनकी रूचि और योग्यता के अनुरूप कौशल प्रशिक्षण प्रदान कर रोजगार से जोडने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। मुख्यमंत्री कौशल विकास योजना के तहत प्रशिक्षण प्राप्त कर राजनांदगांव विकासखंड के ग्राम अचानकपुर-भाटापारा निवासी श्री लिकेश्वर कुमार ने अपने लिए रोजगार का अवसर हासिल किया है। आज वे टीवीएस कंपनी बैंगलोर में इलेक्ट्रिकल टेक्नीशियन के रूप में कार्य करते हुए प्रतिमाह 21 हजार रूपए की आय अर्जित कर रहे हैं। श्री लिकेश्वर ने प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के 25 वर्षों के सेवाकाल एवं राष्ट्र निर्माण के प्रति समर्पित सेवा संकल्प को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि युवाओं को कौशल और रोजगार के अवसर प्रदान करने वाली योजनाएं देश के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि ऐसे प्रयासों से युवा आत्मनिर्भर बनकर विकसित भारत के निर्माण में अपना योगदान देंगे। श्री लिकेश्वर कुमार ने बताया कि उन्होंने कक्षा 12वीं तक शिक्षा प्राप्त की है। वे आगे रोजगार प्राप्त कर आत्मनिर्भर बनना चाहते थे। इसी दौरान उन्हें मुख्यमंत्री कौशल विकास योजना



के तहत लाइवलीहुड कॉलेज में इलेक्ट्रिकल टेक्नीशियन का प्रशिक्षण दिए जाने की जानकारी मिली। प्रशिक्षण के माध्यम से रोजगार प्राप्त करने का अवसर मिलने की जानकारी मिलने पर प्रशिक्षण के लिए आवेदन किया। उन्होंने प्रशिक्षण के लिए चयनित होने के बाद नियमित रूप से प्रशिक्षण में भाग लिया और 378 घंटे का इलेक्ट्रिकल टेक्नीशियन प्रशिक्षण सफलतापूर्वक पूरा किया। प्रशिक्षण के बाद परीक्षा भी उत्तीर्ण की। इसके पश्चात उन्हें टीवीएस कंपनी बैंगलोर में रोजगार का अवसर मिला। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री कौशल विकास योजना के माध्यम से युवाओं को रोजगारपरक प्रशिक्षण उपलब्ध कराया जा रहा है। जिससे उन्हें अपने पैरों पर खड़े होने का अवसर मिल रहा है। उन्होंने युवाओं को प्रशिक्षण उपलब्ध कराने, रोजगार से जोडने तथा समय-समय पर आवश्यक मार्गदर्शन प्रदान करने के लिए प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी एवं मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय के प्रति आभार व्यक्त किया।

### नुआखाई समृद्ध कृषि परंपरा, प्रकृति के प्रति कृतज्ञता और अन्नदाता के परिश्रम का उत्सव : मुख्यमंत्री

**रायपुर 16 सितंबर।** मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने नई फसल के स्वागत और प्रकृति के अनुपम उपहार के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करने वाले पावन पर्व नुआखाई के अवसर पर हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं। मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर अन्नदाता किसानों की सुख-समृद्धि, अच्छी फसल और सभी परिवारों की खुशहाली की मंगलकामना की है।

मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि नुआखाई समृद्ध कृषि संस्कृति और लोक परंपराओं से जुड़ा महत्वपूर्ण पर्व है। नई फसल के आगमन की खुशी में मनाया जाने वाला यह पर्व प्रकृति के प्रति कृतज्ञता, अन्न के सम्मान और किसान के अथक परिश्रम के प्रति आदर का भाव प्रकट करता है। खेतों में उपजी नई फसल केवल किसान की मेहनत का प्रतिफल नहीं, बल्कि प्रकृति की कृपा और हमारी कृषि प्रधान संस्कृति की समृद्धि का भी प्रतीक है। मुख्यमंत्री ने कहा कि छत्तीसगढ़ की संस्कृति में खेती-किसानी केवल आजीविका का माध्यम नहीं, बल्कि हमारे सामाजिक और सांस्कृतिक जीवन का अभिन्न हिस्सा है। हमारे अनेक पर्व और परंपराएं कृषि चक्र, प्रकृति और लोकजीवन से गहराई से जुड़ी हुई हैं। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि नुआखाई अपनी मिट्टी, अपनी जड़ों और अपनी गौरवशाली परंपराओं से जुड़े रहने की प्रेरणा देता है।

# महापौर एवं कलेक्टर ने सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत आशीर्वाद के दीया कार्यक्रम की तैयारियों का किया स्थल निरीक्षण

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**राजनांदगांव 16 सितंबर।** महापौर श्री मधुसूदन यादव एवं कलेक्टर श्री जितेन्द्र यादव ने आज सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत 17 सितम्बर 2026 को आयोजित होने वाले आशीर्वाद का दीया कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर राजनांदगांव शहर स्थित ऐतिहासिक रानी सागर तालाब एवं शीतला मंदिर परिसर का स्थल निरीक्षण किया। इस दौरान अध्यक्ष जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक श्री सचिन बघेल, समाजसेवी श्री कोमल सिंह राजपूत एवं विधायक प्रतिनिधि श्री संतोष अग्रवाल उपस्थित थे। कलेक्टर ने कार्यक्रम के सफल एवं सुव्यवस्थित आयोजन के लिए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत 17 सितम्बर की शाम



ऐतिहासिक रानी सागर तालाब परिसर में 1 लाख से अधिक दीप प्रज्वलित किए जाएंगे। दीपों की रोशनी से रानी सागर जगमगाएगा और शहर में सेवा, समर्पण एवं जनभागीदारी का संदेश प्रसारित होगा। कार्यक्रम में नागरिकों की सहभागिता सुनिश्चित करने के साथ ही दीप प्रज्वलन, प्रकाश व्यवस्था, स्वच्छता, सुरक्षा एवं अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। इस दौरान मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत श्री दुर्गा प्रसाद अधिकारी, अपर कलेक्टर श्री सीएल मारकण्डेय, नगर निगम आयुक्त श्री जीआर मरकाम सहित जनप्रतिनिधि एवं संबंधित अधिकारीगण उपस्थित थे।

# गणेश समितियों की बैठक में निगम ने सफाई पर दिया जोर

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**राजनांदगांव 16 सितंबर।** गणेश पर्व में पण्डालों मे विराजित गणेश प्रतिमा स्थल में स्वच्छता एवं अन्य व्यवस्था के संबंध में नगर निगम सभागृह मे आज निगम आयुक्त श्री जी.आर.मरकाम ने एडीएम श्री सी.एल. मारकंडे, एस.डी.एम. श्री गौतम पाटिल, सी.एस.पी. श्रीमती वैशाली जैन, एस.डी.ओ.पी. श्री सत्यप्रकाश तिवारी की उपस्थिति में गणेश समितियो की बैठक ली। बैठक में पण्डाल में स्वच्छता कायम रखने तथा पॉली पापर का उपयोग पूजा व रैली में नही करने के अलावा शासन गाईड लाईन के अनुसार डी.जे. एवं ध्वनि विस्तारक यंत्रो का उपयोग करने के संबंध में चर्चा की गयी।

आयुक्त श्री मरकान ने कहा कि विकसित भारत की परिकल्पना में स्वच्छता का विशेष महत्व है। हमारा स्वच्छता अभियान माह 17 सितम्बर से चालू होकर 17 अक्टूबर तक चलेगा। इसी परिप्रेक्ष्य में आज गणेश समितियो की बैठक बुलाई गयी



है। उन्होंने कहा कि सुप्रीम कोर्ट एवं राष्ट्रीय हरित प्राधिकरण के द्वारा पर्यावरण संरक्षण एंव स्वच्छता के लिए दिशा निर्देश दिए गये है, जिसका क्रियान्वयन हम सबको करना है। गणेश आगमन के दौरान यह देखा गया है, कि अधिकांश समितियो के द्वारा पॉली पापर उडाया गया है, जिससे पूरा शहर में गंदगी फैल गयी है। पॉली पापर का पालिथीन की सफाई नही होती जमीन में चिपक जाती है, वह ऐसा प्लांस्टिक है,जो 50 साल तक नही सडता जिससे स्वच्छता में दुष्प्रभाव पड़ता है। उन्होंने कहा कि हमारे सफाई कर्मी उसकी सफाई नही कर पाते। इसका उपयोग नही करने आप सभी समितियो से अपील की जा रही है, उन्होंने कहा कि आप उत्सव मनाने के दौरान पॉली पापर के स्थान पर गुलाब की पंखुडी का उपयोग कर सकते है। जिसे साफ करने में असानी होती है। आयुक्त ने कहा कि राजनांदगांव की तुलना झाकी में इंदौर से की जाती है, इंदौर शहर झाकी के साथ साथ स्वच्छता में कई सालो से देश में प्रथम स्थान प्राप्त कर रहा है, हमे झाकी की तरह उनका अनुसरण कर स्वच्छता में भी उच्च स्थान प्राप्त करना है। उन्होंने कहा कि संस्कारधानी की नागरिको के सहयोग से हम स्वच्छता में 14 स्थान प्राप्त किए है, इसी प्रकार आपके सहयोग से टॉप 10 में स्थान प्राप्त करना है। कलेक्टर महोदय ने भी गणेश समितियो की मिटींग में टॉप 3 स्वच्छ पण्डालो को जिला प्रशासन की और से सम्मानित करने कहा गया है, जिसके अधार पर पण्डालो के आस पास साफसफाई रखना है, पॉली पापर का उपयोग नही करना है।

ए.डी.एम. श्री मारकण्डे ने कहा कि आज की बैठक का प्रमुख उद्देश्य पण्डालो में स्वच्छता बनाए रखना है, इस संबंध में पूर्व की बैठक में भी निर्देश दिए जा चुके है। उन्होंने कहा कि राजनांदगांव संस्कारधानी है और स्वच्छता रैकिंग में विशिष्ट स्थान भी है, जिसका आप लोगो को ध्यान रखना है और रैकिंग को आगे बढाना है। आप सभी से निवेदन है कि पॉली पापर एवं अन्य ऐसे समाग्री का उपयोग न करे, जिसकी सफाई करने में परेशानी हो। उन्होंने कहा कि पण्डाल के आस पास आवागमन बाधित न हो इसका विशेष ध्यान रखे। स्वच्छता पर कलेक्टर महोदय द्वारा भी पुरूस्कृत करने की घोषणा की गयी है, इसके लिए ऐसा नवाचार करे कि दूसरे जिले भी उसको अपनाए।

एस.डी.एम. श्री पाटिल ने कहा कि बार बार आप लोगो की मिटिंग लेने का उद्देश्य सौहाद्रपूर्ण वातावरण में गणेश पर्व मनाना है। कल जब गणेश स्थापना हुई उस दौरान देर रात तक डीजे लगातार बजता रहा शासन के निर्देशानुसार रात 10 बजे के बाद डीजे बजाना प्रतिबंधित है, इसका उद्देश्य लोगो पर इससे पडने वाला दुष्प्रभाव है। इसी प्रकार पूरे शहर में पॉली पापर बिखरा पड़ा था, जिससे शहर मे चारो ओर गंदगी नजर आ रही थी। उन्होने कहा कि सभी समिति सहयोग करे और इसका पालन करे। आयुक्त महोदय ने फुलो की पंखुडी का उपयोग करने कहा है जो अच्छा विकल्प है।

**प्रारूप (तीन)**

**शपथ-पत्र**

मैं राकेश वेडंजे, (RAKESH VEDANJE), (पुराना नाम, जिसे बदला जाना है) सुपुत्र /सुपुत्री / पिता नारायण वेडंजे, (NARAYAN VEDANJE), निवासी-गोंगला, तह.-गंगालूर, जिला-बीजापुर छ.ग. एतदद्वारा मैं पूर्णतः पुष्टि करता हूँ तथा निम्नानुसार घोषित करता हूँ।

ग्राम-तुमनार, तह.-बीजापुर, जिला-बीजापुर छ.ग. का स्थायी निवासी हूँ।

मेरा पुराना नाम- राकेश वेडंजे, (RAKESH VEDANJE), पिता नारायण वेडंजे, (NARAYAN VEDANJE), निवासी गोंगला, तह.- गंगालूर, जिला-बीजापुर छ.ग. है और मैं अपना नाम बदलकर रमेश आलम, (RAMESH ALAM,) पिता-टिंगरी आलम, (TINGARI ALAM,) निवासी तुमनार, तह.-बीजापुर, जिला-बीजापुर (छ.ग.) (नया नाम) करवाना चाहता हूँ।

मेरे पुराने नाम से किसी भी न्यायालय में कोई भी प्रकरण लंबित नहीं है और न ही किसी बैंक में ऋण की राशि शेष है।

मैं नाम बदलकर, यदि कोई, गैर कानूनी काम करता / करती हूँ, तो उसके लिए मैं पूर्णतः स्वंय जिम्मेदार रहूँगा।

मैं यह शपथ पत्र अपने पूरे होशोहवास में रहकर हस्ताक्षर कर रहा हूँ / रही हूँ तथा सक्षम प्राधिकारी के समक्ष प्रस्तुत कर रहा हूँ।

रमेश
शपथकर्ता के हस्ताक्षर

**न्यायालय तहसीलदार, लाल बहादुर नगर, जिला-राजनांदगाँव (छ.ग.)**

**ईश्तहार**

रा.प्र.क्र. 202607090100013
अ/21 ( 1 ) वर्ष 2025-26

एतद सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि, प्रकरण उपखण्ड अधिकारी महोदय, डोंगरगढ़, जिला राजनांदगांव से जाँच प्रतिवेदन हेतु प्राप्त हुआ है। आवेदक प्रेमानंद सिदार आ. सुबास, निवासी सौरापारा वार्ड नम्बर 05, ग्राम सरिया तहसील व जिला रायगढ़ छ.ग. द्वारा स्वयं के स्वामित्व की ग्राम डुण्डेरा प.ह.नं. 18 तहसील लालबहादुर नगर, जिला राजनांदगांव स्थित भूमि खसरा नं. 6/3, 6/6, 6/7, 7/1 का रकबा क्रमशः 0.213, 0.163, 0.398 एवं 0.645 हेक्टेयर कुल खसरा 04, कुल रकबा 1.419 हेक्टेयर को निवास स्थान रायगढ़ से ग्राम डुण्डेरा आकर खेती करने में असुविधा होने के कारण गैर आदिवासी राहुल अग्रवाल आ. गोविन्द राम अग्रवाल, चौबे कॉलोनी, रायपुर के पास उपरोक्त भूमि को विक्रय की अनुमति हेतु भू-राजस्व संहिता 1959 की धारा 165 (6) के तहत् आवेदन पत्र मय दस्तावेज के प्रस्तुत किया गया है।

अतएव उक्त संबंध में आवेदित भूमि खसरा नं. 6/3, 6/6, 6/7, 7/1 का रकबा क्रमशः 0.213, 0.163, 0.398 एवं 0.645 हेक्टेयर कुल खसरा 04, कुल रकबा 1.419 हेक्टेयर को निवास स्थान रायगढ़ से ग्राम डुण्डेरा आकर खेती करने में असुविधा होने के कारण गैर आदिवासी राहुल अग्रवाल आ. गोविन्द राम अग्रवाल, चौबे कॉलोनी, रायपुर के पास विक्रय करने के संबंध में किसी को कोई दावा व आपत्ति हो तो, वे अपना दावा आपत्ति दिनांक 23.09.2026 तक इस न्यायालय में प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित अवधि पश्चात प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार आज दिनांक 16.09.2026 को मेरे हस्ताक्षर व न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

मुहर

तहसीलदार
लाल बहादुर नगर

## एक नजर

### ब्रिक्स सम्मेलन में मोदी की कूटनीतिक सफलता

**रायपुर 15 सितंबर।** नहरपारा विकास समिति के अध्यक्ष पूर्व पार्षद रमेश आहूजा उपाध्यक्ष पूर्व पार्षद



सुरेन्द्र छाबड़ा एवं महामंत्री किशोर आहूजा ने ब्रिक्स सम्मेलन को मोदी जी की कूटनीतिक सफलता बताया है चीन के राष्ट्रपति जिनपिंग का यह कथन श्री मोदी जी हमारे प्रतिद्वंदी नहीं बल्कि हमारे साझेदार है। एक ईमानदार कथन है |इरान के राष्ट्रपति ने कहा कि हमने बहुत पहले ही कह दिया था कि इरान परमाणु हथियार नहीं बनाये भी अमरीका इसका दुष्प्रचार कर रहा है । अमेरिका ने सोचा था कि वेनुजुएला की तरह इरान पर हमला करके 24 घंटे में इरान पर कब्जा कर लेगा परन्तु हमले से हमारे देश में एकता बढ़ी है तथा हमारे सैनिक ने अमेरिका को मुंहतोड़ जवाब दिया है । प्रधानमंत्री मोदी जी ने कहा कि ब्रिक्स सम्मेलन सदस्य देशो की समस्याओं को कल करने का सही मंच है । श्री रमेश आहूजा ने कहा कि इस सम्मेलन से मोदी जी का कद पूरे विश्व में बढ़ा है तथा 2029 के चुनाव में सफलता प्राप्त कर पुनः प्रधानमंत्री बनेगें ।

### ओडिशा में गांजा की खेती पर प्रतिबंध लगाने पत्र

**रायपुर 15 सितंबर।** नहरपारा विकास समिति के अध्यक्ष पूर्व पार्षद रमेश आहूजा एवं महामंत्री किशोर आहूजा ने छग के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय एवं ओडिशा के मुख्य सचिव को पत्र लिखकर उड़ीसा में गांजे की खेती पर पूर्ण प्रतिबंध लगाने एवं उड़ीसा से पूरे देश में गांजे की तस्करी रोकने की मांग की हे । श्री आहूजाद्वय ने कहा कि रायपुर के सभी समाचार पत्रों में ओडिशा से पूरे देश में गांजे की तस्करी के समाचार प्रकाशित किया है। ओडिशा से बीजापुर, सुकमा के रास्ते छत्तीसगढ़ तथा जशपुर के रास्ते यू.पी. की ओर तस्करी होने के जानकारी प्रकाशित की है । आहूजाद्वय ने कहा कि पूरे देश का युवा वर्ग गांजे के नशे का आदि होता जा रहा है। युवाओं का भविष्य अंधकारमय होता जा रहा है।

### अमेज़न पर बेस्ट इन टेक सर्वे

**रायपुर 16 सितंबर।** अमेज़न इंडिया ने अपने पहले बेस्ट इन टेक सर्वे के नतीजों का तीसरा सेट जारी किया है। स्मार्ट टीवी और घरेलू उपकरणों के बारे में ये नतीजे बताते हैं कि भारत अपने भरोसेमंद ब्रांड्स में से प्रोडक्ट्स का चुनाव कैसे करता है। स्मार्ट टीवी खरीदारों के लिए पिक्चर क्वालिटी सबसे मेन फीचर है, जबकि एयर कंडीशनर और रेफ्रिजरेटर खरीदारों के लिए एनर्जी स्टार रेटिंग सबसे बड़ी प्राथमिकता है। आसान फाइनेंसिंग भी उतनी ही जरूरी है, वहीं 47त्न बड़े उपकरण खरीदारों का कहना है कि नो-कॉस्ट ईएमआई उनके लिए सबसे महत्वपूर्ण है। ये नतीजे सभी प्रमुख इलेक्ट्रॉनिक्स कैटेगरी के 40,000 से अधिक ग्राहकों के जवाबों पर आधारित हैं और द्बड्ड5श्वद्ब.द्बड्ड पर प्रोडक्ट्स की रेंज तय करने में मदद करते हैं। ये सुझाव बेस्ट इन टेक अवार्ड्स की रूपरेखा भी तय करेंगे, जो 18 सितंबर, 2026 को अपने दूसरे एडिशन के साथ वापस आ रहा है।

# रावतपुरा फेस-2 में नक्शा पास कराए बिना निर्मित 40 मकानों पर चला बुलडोजर

**रायपुर 16 सितंबर।** राजधानी के रावतपुरा फेस-2 कॉलोनी में बुधवार सुबह नगर निगम की टीम बुलडोजरों के साथ पहुंची है. नक्शा पास कराए बिना निर्माण किए गए मकानों पर बुलडोजर कार्रवाई की जा रही है. निगम अधिकारियों के साथ पुलिस टीम भी मौके पर मौजूद है.

जानकारी के मुताबिक, रावतपुरा फेस-2 में करीब 40 मकानों को नोटिस जारी किया था. इन मकानों के मालिकों ने बिना नक्शा पास कराए मकान निर्माण कराया है. नोटिस के बाद अब निगम की टीम आज कार्रवाई करने पहुंची है.

पुलिस की मौजूदगी में निगम की कार्रवाई

निगम अमला करीब एक दर्जन बुलडोजर के साथ पहुंचा हुआ है. अप्रिय घटना से निपटने के लिए पुलिसकर्मी मौजूद हैं. निगम की कार्रवाई से इलाके में हलचल बढ़ गई है।



# पीएम मोदी के जन्मदिन पर कांग्रेस मनाएगी महंगाई-बेरोजगारी दिवस

**रायपुर 16 सितंबर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन यानी 17 सितंबर को छत्तीसगढ़ में सियासी टकराव देखने को मिलेगा। भाजपा जहां इस दिन से 'सेवा संकल्प अभियान' शुरू कर रही है, वहीं कांग्रेस ने इसी दिन को 'महंगाई-बेरोजगारी दिवस' के रूप में मनाने का ऐलान किया है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज के मुताबिक 17 सितंबर को प्रदेश के सभी जिलों में कांग्रेस की प्रेस कॉन्फ्रेंस होगी। इन पत्रकार वार्ताओं में महंगाई, बेरोजगारी, रोजगार के अवसर और केंद्र सरकार की नीतियों को लेकर सवाल उठाए जाएंगे।कांग्रेस का कहना है कि इन मुद्दों का असर सीधे आम लोगों पर पड़ रहा है और पार्टी इन्हें लेकर जनता के बीच जाएगी। कांग्रेस अपने अभियान के जरिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के केंद्र सरकार के कार्यकाल को लेकर भी सवाल उठाने की तैयारी में है।वहीं, दीपक बैज ने भाजपा के 'सेवा संकल्प अभियान' पर भी निशाना साधा। उन्होंने आरोप लगाया कि त्नद्गठ्ठ ' आंदोलन के बाद सरकार बैकफुट पर है और इसी वजह से भाजपा यह अभियान चला रही है। बैज ने इसे 'नौटंकी' और 'प्रोपेगेंडा' बताया। ये कांग्रेस के राजनीतिक आरोप हैं। दूसरी ओर, भाजपा 17 सितंबर से 17 अक्टूबर तक 'सेवा संकल्प अभियान' चला रही है। छत्तीसगढ़ में अभियान के तहत 17 सितंबर की शाम 'आशीर्वाद का दीया' जलाने सहित सेवा और जनभागीदारी से जुड़े कार्यक्रम प्रस्तावित हैं।यानी प्रधानमंत्री मोदी के जन्मदिन पर छत्तीसगढ़ में भाजपा का सेवा अभियान और कांग्रेस का महंगाई-बेरोजगारी अभियान आमने-सामने होगा।



### पारवानी को कैट के दिल्ली प्रदेश प्रभारी का दायित्व

**रायपुर 16 सितंबर।** देश के सबसे बड़े व्यापारिक संगठन कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स के नेशनल



वाइस चेयरमेन एवं राष्ट्रीय व्यापारी कल्याण बोर्ड के सदस्य श्री अमर पारवानी, छत्तीसगढ़ इकाई के चेयरमेन श्री जितेन्द्र दोशी, श्री वि म सिंहदेव, प्रदेश अध्यक्ष श्री परमानंद जैन, वाइस चेयरमेन श्री सुरिन्दर सिंह, श्री जीवत बजाज, प्रदेश महामंत्री श्री अवनीत सिंह, प्रदेश कोषाध्यक्ष श्री विजय पटेल, कार्यकारी अध्यक्ष श्री राजेन्द्र जग्गी, श्री वासु माखीजा, श्री राम मंधान, श्री भरत जैन, श्री राकेश ओचवानी एवं श्री शंकर बजाज ने संयुक्त रूप से बताया कि कन्फेडरेशन ऑफऑल इंडिया ट्रेडर्स ने संगठन के राष्ट्रीय स्तर पर सि य एवं अनुभवी नेतृत्वकर्ता अमर पारवानी को कैट दिल्ली का प्रदेश प्रभारी नियुक्त कर एक महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी है।

### इंक्लूजन इंडेक्स में टियर-2 शहर सबसे आगे

**रायपुर 16 सितंबर।** पहले इंडिया फाउंडेशन ने अमेज़न पे के साथ मिलकर आज डिजिटल क्रेडिट एंड इंक्लूजन इंडेक्स (डीसीआईआई) 2026 जारी किया। यह भारत का पहला ऐसा संयुक्त मानक है, जो देश के डिजिटल क्रेडिट के सफर की पूरी तस्वीर दिखाता है। यह अध्ययन 20 राज्यों के 100 शहरों में 5,000 सेज्यादा लोगों से सीधे बातचीत पर आधारित है। अब तक के मानक ज्यादातर यही देखते आए हैं कि डिजिटलभुगतान कितना अपनाया गया या कुल कर्ज कितना बंटा। डीसीआईआई इससे आगे जाकर देखता है कि डिजिटल क्रेडिट तक पहुंच किसकी है, लोग उसे कितनी आसानी से और कितनी बार इस्तेमाल करते हैं, उधार क्यों लेते हैं, उस पर भरोसा करते हैं या नहीं, और उसके इस्तेमाल से उनकी वित्तीय स्थिति सचमुच बेहतर होती है या नहीं। भारत के वित्तीय समावेशन की तस्वीर में यह एक बड़ी कमी को भरता है।




रायपुर 16 सितंबर। थाना गुढ़ियारी, रायपुर में भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं द्वारा कथित रूप से की गई तोड़फोड़ एवं थाना प्रभारी के साथ धक्का-मुक्की की घटना के विरोध में एवं कानून-व्यवस्था के उल्लंघन के खिलाफ श्रीकुमार शंकर मेनन जी के नेतृत्व में शहर जिला कांग्रेस कमेटी, रायपुर द्वारा गुढ़ियारी थाना का घेराव एवं धरना प्रदर्शन किया जाएगा।

# विकास कार्यों के कारण स्टेशन में वैकल्पिक मार्ग

» आरक्षण केंद्र के पास अस्थायी मुख्य प्रवेश द्वार

**रायपुर 16 सितंबर।** दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे, रायपुर रेल मंडल के रायपुर स्टेशन पर मेजर स्टेशन रिडेवलपमेंट एवं पुनर्विकास कार्य प्रगतिशील हैं। इन विकास कार्यों के दौरान यात्री परिचालन प्रभावित न हो तथा यात्रियों को आवश्यक सुविधाएं सुचारू रूप से मिलती रहें, इसके लिए रेलवे द्वारा लगातार आवश्यक व्यवस्थाएं एवं वैकल्पिक मार्ग उपलब्ध कराए जा रहे हैं।

यात्रियों के सुगम आवागमन एवं उनकी सुविधा को ध्यान में रखते हुए वर्तमान में स्टेशन के शहर साइड स्थित मुख्य प्रवेश द्वार गेट नंबर-02 पर निर्माण कार्य के लिए घेराबंदी की गई है । यह व्यवस्था स्टेशन के पुनर्विकास एवं निर्माण कार्यों को सुरक्षित एवं सुचारू रूप से पूरा करने के लिए की गई है।

आरक्षित टिकट वाले यात्री इस मार्ग से स्टेशन परिसर में प्रवेश कर सीधे या फुट ओवर ब्रिज का उपयोग करते हुए अपने निर्धारित प्लेटफॉर्म तक पहुंचकर अपनी ट्रेन में सवार हो सकते हैं। अनारक्षित टिकट पर यात्रा करने वाले यात्री आरक्षण केंद्र भवन में स्थित अनारक्षित टिकट केंद्र ऑटोमेटिक टिकट वेंडिंग मशीन तथा रेलवन ऐप के माध्यम से अपना अनारक्षित टिकट प्राप्त कर सकते हैं और निर्धारित मार्ग से अपने प्लेटफॉर्म पर पहुंचकर ट्रेन में यात्रा कर सकते हैं।तेलघानी नाका साइड से रायपुर स्टेशन आने वाले यात्री अपने दो पहिया वाहन निर्धारित पार्किंग स्थल में पार्क कर सकते हैं। यात्रियों के आवागमन के लिए रेलवे आरक्षण केंद्र भवन के पास एक अस्थायी मुख्य प्रवेश और निकास द्वार बनाया गया है।

एक्सप्रेस-वे की ओर से रायपुर स्टेशन आने वाले यात्री अपने चार पहिया वाहन स्टेशन के समीप निर्धारित पार्किंग स्थल में पार्क कर सकते हैं। इसके पश्चात गेट नंबर-01 से स्टेशन परिसर में सीधे प्रवेश कर सकते हैं।







कौशल किशोर मिश्र प्रकाशक, मुद्रक, स्वामी की ओर से तरुण छत्तीसगढ़, तरुण छत्तीसगढ़ प्रेस टॉवर, प्रेस काम्पलेक्स, रजबंधा मैदान, रायपुर ( छ.ग. ) से मुद्रित एवं प्रकाशित प्रधान संपादक- कौशल किशोर मिश्र, पंजी. क्रं. 45088/85 डाक पं.छ.ग./रायपुर संभाग/33/2024-26